आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* केवट जयंती”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 119 | उज्जैन, शुक्रवार 15 मई, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 13-14 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### 19 राज्य-यूटी में एसआईआर का ऐलान, यहां 37 करोड़ वोटर्स

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को हरियाणा, झारखंड, उत्तराखंड, दिल्ली समेत 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में स्पेशल इंटेसिव रिवीजन की घोषणा की है। यह एसआईआर का तीसरा फेज होगा। पूरी प्रक्रिया 30 मई से 23 दिसंबर तक चलेगी। इस दौरान 36.73 करोड़ वोटरों का वेरिफिकेशन होगा। जिन राज्यों में एसआईआर होगा, उनमें पंजाब, उत्तराखंड और मणिपुर में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। अन्य 13 राज्यों में 2028 और 2029 में चुनाव होंगे। एसआईआर के पहले और दूसरे फेज में 10 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश कवर हो चुके हैं। एसआईआर के बाद बिहार, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और असम विधानसभा चुनाव में भाजपा जीती है। केरल में कांग्रेस गठबंधन और तमिलनाडु में टीवीके ने जीत हासिल की है।

### वीडी सतीशन होंगे केरलम के अगले मुख्यमंत्री

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता वी डी सतीशन केरलम के नए सीएम होंगे। कांग्रेस ने राज्य के चुनाव नतीजे घोषित होने के 10 दिन बाद गुरुवार को इसका ऐलान किया। 61 साल के सतीशन परावूर सीट से विधायक हैं। कांग्रेस नेता दीपा दासमुंशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी ने तिरुवनंतपुरम में 7 मई को मीटिंग की थी। पार्टी अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी से चर्चा के बाद तय किया गया कि केरलम के सीएम वीडी सतीशन होंगे। नाम के ऐलान होने का बाद सतीशन ने कहा- मैं इस पद को निजी उपलब्धि नहीं बल्कि दैवीय कृपा मानता हूं। मैं वेणुगोपाल, रमेश चेन्निथला समेत सभी नेताओं को अपने विश्वास में लूंगा।

### धुरंधर के बाद ल्यारी पर आई एक और फिल्म




**पाकिस्तानी फिल्म मेरा ल्यारी के फैसलाबाद में सिर्फ 22 टिकट बिके, कई शो कैंसिल**

**मुंबई।** पाकिस्तानी फिल्म मेरा ल्यारी 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म पाकिस्तान के ल्यारी इलाके पर आधारित थी। गौरतलब है कि ल्यारी का जिक्र भारतीय फिल्म धुरंधर में भी हुआ, जो सुपरहिट साबित हुई। हालांकि, मेरा ल्यारी को बॉक्स ऑफिस पर कमजोर रिस्पॉन्स मिला। फेसबुक पेज ऑल पाकिस्तान शोबिज स्टार्स ने दावा किया कि फिल्म मेरा ल्यारी को खराब शुरूआत के बाद फैसलाबाद के ताज महल सिनेमा से हटा दिया गया है। फिल्म पहले दिन सिर्फ 22 टिकट ही बेच पाई। कम दर्शक आने की वजह से अगले शो भी रद्द कर दिए गए। बता दें कि यह फिल्म धुरंधर और दूसरी फिल्मों को जवाब देने के लिए बनाई गई। फिल्म को कराची के ल्यारी इलाके की कहानी के तौर पर प्रमोट किया गया था। जहां फिल्मों में अक्सर इस इलाके को अपराध और गैंग हिंसा से जोड़कर दिखाया जाता है, वहीं मेरा ल्यारी में समुदाय, खेल और युवाओं की जिंदगी पर फोकस किया गया। यह फिल्म महिला फुटबॉल पर आधारित है। अबू अलीहा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में आयशा उमर, दनानीर मोबीन, सामिया मुमताज और ट्रिनेट लुकास हैं। फिल्म की कहानी महिला फुटबॉल, कम्युनिटी की एकता और ल्यारी में युवा खिलाड़ियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर केंद्रित है। मेकर्स ने फिल्म के जरिए इलाके की एक अच्छी इमेज दिखाने की कोशिश की है। डायरेक्टर अबू अलीहा ने फिल्म को लेकर कहा था कि फिल्म की 80 प्रतिशत कास्ट लोकल है, जिसमें फुटबॉल टीमों के सदस्य भी शामिल हैं। फिल्म को सिंध के सूचना मंत्री शरजील इनाम मेमन का भी सपोर्ट मिला।

### ममता काला कोट पहनकर कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंचीं

**कोलकता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस चीफ ममता बनर्जी एक बार फिर काला कोट पहनकर कोर्ट में दलीलें देने पहुंची। ममता गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुजॉय पाल और जस्टिस पार्थसारथी सेन के सामने पेश हुईं। मामला हाल के राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद हुई चुनावी हिंसा से जुड़ी जनहित याचिका का था। सुनवाई के दौरान ममता ने कोर्ट को बताया कि राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के बाद बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। इसमें बुलडोजर एक्शन भी शामिल है। पुलिस एफआईआर दर्ज करने की परमिशन नहीं दे रही है। उन्होंने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले, आगजनी और हत्याओं के आरोप लगाते हुए कोर्ट से सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग की।

### अखिलेश के भाई प्रतीक को ससुर ने दी मुखाग्नि

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक गुरुवार दोपहर पंचतत्व में विलीन हो गए। लखनऊ में पत्नी अपर्णा के पिता यानी प्रतीक के ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने चिता को मुखाग्नि दी। अखिलेश ने भाई की चिता पर लकड़ी रखी और अंतिम प्रणाम किया। प्रतीक की दोनों बेटियां प्रथमा और पद्मजा भी श्मशान घाट पर मौजूद रहीं। दोनों ने पिता की चिता पर लकड़ी रखी। प्रतीक की छोटी बेटी पद्मजा अपने ताऊ अखिलेश के पास थी। अखिलेश ने उससे बात की और चॉकलेट खिलाई। अंतिम संस्कार कराने वाले पंडित ध्रुव कुमार तिवारी ने कहा था- अगर अखिलेश यादव या उनके बेटे से मुखाग्नि दिलाई जाए तो ज्यादा अच्छा होगा। इससे पहले, प्रतीक की अंतिम यात्रा निकाली गई। शिवपाल के बेटे आदित्य ने शव को कंधा दिया।

---

### प्रदेश में एक के बाद एक तीसरा बड़ा हादसा: धार, बरगी और अब देवास के टोंक कला की

# पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट से 3 की मौत, 25 से अधिक घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

प्रदेश के देवास जिले के टोंक कलां इलाके में गुरुवार सुबह करीब 11.30 बजे एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हो गया। हादसे में धीरज, सनी और सुमित नाम के तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हुए हैं।

इनमें 13 गंभीर घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में रेफर किया गया है। ब्लास्ट इतना तेज था कि शवों के टुकड़े 20 से 25 फीट दूर तक जा गिरे। फैक्ट्री की दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना के बाद पुलिस ने फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में ले लिया है।

मुख्यमंत्री यादव ने घटना पर दुख जताते हुए उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा समेत वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचने और जांच के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और घायलों के मुफ्त इलाज की घोषणा की है।

मरने वालों में धीरज, सनी और सुमित शामिल हैं-सभी बिहार के अररिया जिले के निवासी। घायलों में गोल्डी, निरंजन, अभिषेक, विशाल, गुड्डू, मनजीत, अजय पासवान, अमित, रोशन, राम सहित 15 को इंदौर के चोइथराम और अमलतास अस्पतालों में रेफर किया गया। इनमें से 6 से अधिक श्रमिक 80

**शवों के टुकड़े 20-25 फीट दूर जा गिरे, फैक्ट्री मालिक हिरासत में**



प्रतिशत से ज्यादा झुलसे हैं। जिला अस्पताल में सुबह 11.25 बजे पहला घायल पहुंचा। बचने वाले बिहारी श्रमिक विपिन कुमार ने बताया, मैं मशीन पर काम कर रहा था। 20 मीटर दूर धमाका हुआ। झुलसे हुए साथियों को देखा, लेकिन आधे घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंची।



- पुलिस जांच में पुष्टि हुई कि फैक्ट्री में कई किशोर श्रमिक 18 साल से कम उम्र के थे। फैक्ट्री मालिक दिल्ली का निवासी बताया जा रहा है, जबकि ठेकेदार बिहार के अररिया का छोटू है। श्रमिकों को 12 घंटे की शिफ्ट, 15 हजार रुपये मासिक वेतन और वहीं रहने की सुविधा दी जाती थी। दो माह पहले भी फैक्ट्री में छोटी आग लग चुकी थी, लेकिन सुरक्षा उपायों की अनदेखी की गई। यह हादसा अवैध संचालन, बाल श्रम और सुरक्षा मानकों की जमकर उपेक्षा की कहानी बयां कर रहा है।
- घटना की जानकारी मिलते ही संभागायुक्त आशीष सिंह, डीआईजी, कलेक्टर, एडीएम व एसडीएम मौके पर पहुंचे। राहत कार्य तेज कर दिए गए। आग बुझाने के बाद सैनिटाइजेशन का काम शुरू हुआ। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस फैक्ट्री मालिक व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई के लिए लाइसेंस व अन्य दस्तावेजों की जांच में जुट गई है। जांच पूरी होने पर और खुलासे होने की संभावना है।

**दो केमिकल को मिलाकर बारूद बनाया जा रहा था**

मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि दो केमिकल मिलाकर बारूद बनाया जा रहा था। इसी दौरान केमिकल की मात्रा सही नहीं मिलने से ब्लास्ट हो गया। लोगों के अनुसार, जहां विस्फोट हुआ वहां 15 से 20 मजदूर काम कर रहे थे। लंच से करीब 15 से 20 मिनट पहले ही फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। लोगों ने बताया कि कर्मचारियों का खाना भी आ चुका था, लेकिन हादसे के बाद लोग खाना छोड़कर जान बचाने के लिए भागे।

**आरोप- अवैध फैक्ट्री के खिलाफ पहले कोई कार्रवाई नहीं की**

घटना के बाद ग्रामीणों ने कमिश्नर का घेराव कर आरोप लगाया कि अवैध फैक्ट्री के खिलाफ पहले कोई कार्रवाई नहीं की गई। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में करीब 400 से 500 लोग काम करते हैं। फैक्ट्री में पुरुष मजदूरों को 400 रुपये और महिला मजदूरों को ढाई सौ रुपये प्रतिदिन मजदूरी दी जाती थी। भुगतान हर हफ्ते किया जाता था।

---

### उत्तरप्रदेश में आंधी-तूफान से 104 लोगों की मौत, मप्र भी हीटवेव की चपेट में

## तेज आंधी में उड़ा युवक, 100 फीट दूर गिरा, हाथ-पैर टूटे

एजेंसी ▸▸ प्रयागराज/जयपुर

देश में दो तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज-अयोध्या समेत 30 जिलों में बुधवार को आंधी-तूफान के कारण 104 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 21 मौतें प्रयागराज और 17 मौतें भदोही में हुईं।

यहां 80 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चली, बरेली में एक शख्स टिनशेड समेत हवा में उड़ गया। राज्य के



बांदा शहर में तापमान 45.4 डिग्री रहा। आज 51 जिलों में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट है।

राजस्थान में भी तेज गर्मी और हीटवेव का असर है। बुधवार को लगातार चौथे दिन राज्य का जैसलमेर देश का सबसे गर्म शहर रहा, यहां 46.1 डिग्री तापमान रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आज आज बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर में तेज गर्मी का रेड अलर्ट है। 13 जिलों में हीटवेव की चेतावनी है।

वहीं, मध्य प्रदेश के 25 से ज्यादा जिलों में हीटवेव चल रही है, जो 18 मई तक जारी रह सकती है। बुधवार को खजुराहो में तापमान 45.4 डिग्री रहा। आज इंदौर, उज्जैन, धार और रतलाम में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट है। इन जिलों में वार्म नाइट का भी अलर्ट है।

### प्रदेश में सरकारी खर्च पर नियंत्रण जीतू पटवारी ने सीएम को लिखा पत्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को एक पत्र प्रेषित किया है, जिसमें उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा जनता को दी जा रही मितव्ययिता की नसीहतों पर कड़े सवाल खड़े किए हैं। जीतू पटवारी ने अपने पत्र के माध्यम से सरकार की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि एक ओर आम आदमी महंगाई, बेरोजगारी और बिजली-पानी के भारी भरकम बिलों से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर सत्ता के गलियारों में फिजूलखर्ची का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सरकार वास्तव में प्रदेश के खजाने को लेकर चिंतित है, तो उसे सादगी का संदेश केवल जनता को देने के बजाय खुद के आयोजनों और विलासितापूर्ण खर्चों में कटौती से इसकी शुरूआत करनी चाहिए, क्योंकि वर्तमान में सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर नजर आ रहा है।

---

### जिनपिंग ने ट्रम्प से कहा- पार्टनर बनें, कॉम्पटीटर नहीं



एजेंसी ▸▸ बीजिंग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में जिनपिंग ने ट्रम्प का स्वागत किया। इस दौरान ट्रम्प को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया।

दोनों नेताओं के बीच 2 घंटे बैठक चली। बैठक की शुरूआत में जिनपिंग ने कहा कि पूरी दुनिया इस बैठक पर नजर लगाए हुए है। उन्होंने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और अमेरिका-चीन रिश्ते वैश्विक स्थिरता के लिए बेहद अहम हैं। जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों को प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि पार्टनर बनना चाहिए।

### ओमान तट के पास हादसा, होर्मुज स्ट्रेट में

## गुजरात का एक और जहाज डूबा

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

ईरान जंग के बीच होर्मुज स्ट्रेट में गुजरात का एक और मालवाहक जहाज डूब गया। 'हाजी अली' नाम का जहाज 13 मई की सुबह ओमान के समुद्री क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी उससे कोई ड्रोन या मिसाइल जैसा हथियार टकरा गया।

हादसे के बाद जहाज में आग लग गई, हालांकि ओमान कोस्टगार्ड ने सभी 14 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बचा लिया। गुजरात के द्वारका निवासी और जहाज मालिक सुलतान अहमद अंसार ने बताया कि एमएसवी हाजी अली जहाज बेरबेरा पोर्ट से शारजाह जा रहा था। सुबह करीब 3.30 बजे ओमान के समुद्री तट के पास जहाज हादसे का शिकार हो गया।



क्रू मेंबर्स ने बताया कि जहाज से किसी विस्फोटक जैसी चीज के टकराने की आवाज सुनाई दी थी। इसके बाद जहाज में आग लग गई। हालात बिगड़ने पर सभी 14 क्रू मेंबर्स ने लाइफ बोट की मदद से जहाज छोड़ा। इससे पहले 7 मई को होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा गुजरात के द्वारका का एक और मालवाहक जहाज एमएसवी एएल फैज नूरे सुलेमानी भी अमेरिका और ईरान नेवी के बीच फायररिंग का शिकार हुआ था।

### शिक्षा मंत्री को अहमदाबाद में काले झंडे दिखाए

## नीट पेपर लीक केस में अब तक 5 गिरफ्तार

**राजस्थान पुलिस ने कहा गेस पेपर 1000 छात्रों तक पहुंचा**

एजेंसी ▸▸ पुणे/जयपुर

नीट पेपर लीक पर देशभर में विरोध के बीच अहमदाबाद में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को काले झंडे दिखाए और काफिला रोकने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।

सीबीआई ने मामले में अब तक 5 लोगों को गिरफ्तार किया




है। इससे पहले बुधवार को 14 संदिग्धों से 24 घंटे तक लंबी पूछताछ की गई थी। आरोपियों को बुधवार को कोर्ट ने ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया थ। अब सीबीआई सभी आरोपियों को दिल्ली ले जाएगी। राजस्थान के सीकर से आरोपी मांगी लाल बिंवाल, जमवारामगढ़ के भाई दिनेश बिंवाल, बेटा विकास बिंवाल, हरियाणा के गुरुग्राम के रहने वाले यश यादव और नासिक से शुभम खैरनार को गिरफ्तार किया है। शुभम ने ही यश को पेपर दिया था। जांच एजेंसी ने विक्रम यादव, योगेश प्रजापत, संदीप हरितवाल, नीतेश अजमेरा, सत्यनारायण, विक्रम, राकेश, रजत, अमित मीणा और रोहित मावलिया को पूछताछ के बाद छोड़ दिया है।

महाराष्ट्र के पुणे से ब्यूटीशियन मनीषा वाघमारे और अहिल्यानगर से धनंजय निवृत्ति लोखंडे (26) को भी हिरासत में लिया गया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। आरोप है कि मनीषा के 21 खातों में 10 लाख रुपए जमा किए गए थे।

---

### चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 25 दिनों में

# 40 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी

## केदारनाथ में सबसे ज्यादा 22 की जान गई, बद्रीनाथ में 7

एजेंसी ▸▸ देहरादून

चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार रिकॉर्ड बना रही है। 19 अप्रैल से शुरू हुई यात्रा में 13 मई तक 12 लाख 64 हजार 217 श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। लेकिन दूसरी ओर यात्रा के दौरान मौतों का आंकड़ा भी लगातार बढ़ रहा है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की 14 मई सुबह 10 बजे जारी रिपोर्ट के अनुसार अब तक चारधाम यात्रा के दौरान 40 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा 22 मौतें केदारनाथ धाम में दर्ज की गई हैं। वहीं बद्रीनाथ में 7, यमुनोत्री में 6 और गंगोत्री में 5 श्रद्धालुओं की जान गई है।

सरकार लगातार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और मेडिकल तैयारियों का दावा कर रही है, लेकिन लगातार बढ़ते मौत के आंकड़े यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य चुनौतियों और हाई एल्टीट्यूड से जुड़ी परेशानियों की गंभीरता भी दिखा रहे हैं।



**मौतों के पीछे हाई एल्टीट्यूड हार्ट अटैक और पुरानी बीमारियां**

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार चारधाम यात्रा में अब तक हुई अधिकांश मौतें स्वास्थ्य खराब होने, हार्ट अटैक और हाई एल्टीट्यूड सिकनेस जैसी समस्याओं के कारण हुई हैं। यात्रा मार्ग ऊंचाई वाले क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जहां ऑक्सीजन का स्तर कम होने और लगातार चढ़ाई की वजह से बुजुर्गों और पहले से बीमार यात्रियों की तबीयत बिगड़ने के मामले सामने आ रहे हैं।

**स्वास्थ्य मंत्री बोले- अति उत्साह भारी पड़ रहा**

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सुबोध उनियाल ने कहा कि कई यात्री शरीर के संकेतों को नजरअंदाज कर तेजी से यात्रा पूरी करने की कोशिश करते हैं। इससे हार्ट अटैक और हाई एल्टीट्यूड की समस्या बढ़ जाती है।

स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि अधिकांश मौतें हार्ट अटैक, हाई एल्टीट्यूड सिकनेस, हाइपरटेंशन और अन्य स्वास्थ्य कारणों से हुई हैं।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## लापरवाही का निर्माण ठेकेदार भारी

धर्म के शहर में चल रहे निर्माण में लापरवाही का धंधा जोरों पर है। आमआदमी एवं श्रमिक की जान की कीमत नहीं समझी जा रही है। दो दिन पूर्व घरेलू कामकाजी महिला चौडीकरण के लिए निर्माणाधीन नाली के गड्ढे में गिरी थी और निर्माण के सरिए उसके शरीर में समा गए थे। सरिए काटकर महिला को निकाला गया था। शहर के संवेदनशील प्रथम नागरिक ही घायल महिला को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे थे। गंभीर अवस्था में उसे भर्ती करवाते हुए शहर की संस्था से इलाज के व्यय के निर्देश दिए थे साथ ही मामले में लापरवाही के लिए जिम्मेदार पर कार्रवाई के लिए भी अफसरों को चेताया था। पूरे दो दिन बाद भी मामले में संबंधित जिम्मेदार ठेकेदार जी पर कोई कार्रवाई होना सामने नहीं आ रहा है जिससे साफ प्रतीत हो रहा है कि ठेकेदार जी काफी भारी हैं और उनकी पहुंच के सामने आमआदमी की जान की कीमत बहुत ही कमजोर हैं। इससे पूर्व भी निर्माण के कामों में लापरवाही के चलते गरीब मजदूरों की मौत के मामले सामने आए हैं। वर्दी ने मामलों में मर्ग कायम कर जांच करते हुए ठेका कंपनी पर प्रकरण दर्ज किए हैं। यह पहला मामला था जबकि कोई आम आदमी निर्माणों में बरती जा रही लापरवाही का शिकार हुआ हो। खुसूर-फुसूर है कि शहर की संस्था नागरिकों के हितों के लिए है न कि ठेकेदारों के हितों के संवर्धन के लिए। ठेके के अनुबंध में ही सुरक्षात्मक रूप से काम करने की स्थिति स्पष्ट होती है। शर्तों में भी उल्लेख होता है कि असुरक्षात्मक कार्य की स्थिति में ठेका निरस्त करते हुए वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अब यह सवाल खडा हो गया है कि महिला के शरीर में घुसे सरिए के मामले में ठेकेदार की लापरवाही होने के बावजूद वह पूरे सिस्टम पर भारी साबित हो रहा है।




## न्यूज कॉलम

### डीएलसी कार्य को शीघ्र पूर्ण करे- निगम आयुक्त मिश्रा

**उज्जैन।** सिंहस्थ महापर्व के अंतर्गत उज्जैन शहर के आंतरिक मार्गो का चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है जिससे सिंहस्थ महापर्व के दौरान आवागमन सुगम होगा निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा प्रतिदिन रिव्यू बैठक लेकर चौड़ीकरण कार्यो का निरीक्षण किया जा रहा है निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा गुरुवार को प्रचलित कोयला फाटक से कंठाल चौराहा तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि चौड़ीकरण मार्ग में सीआरएम कार्य पूर्ण हो गया है,डीएलसी कार्य पूर्ण कर कार्य को शीघ्र गति से गुणवत्ता पूर्वक सम्पन्न करे निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित कार्य के ठेकेदार उपस्थित रहे।

### शनिश्चरी अमावस्या के दुर्लभ संयोग पर कल होगा शनिदेव का महामस्तकाभिषेक

**उज्जैन।** शनिश्चरी अमावस्या और शनि जयंती के दुर्लभ अवसर पर 16 मई, शनिवार को जंतर मंतर के समीप चिंतामन मार्ग स्थित श्री शनि शक्ति पीठ मंदिर में भगवान श्री कुबेर शनिदेव का तेल से महामस्तकाभिषेक किया जाएगा। सूर्यग्रहण और सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के इस विशेष संयोग पर मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। साधना शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान श्री शनिदेव के वक्री होने के कारण साढ़ेसाती, ढैय्या और पनौती के प्रभाव से लोगों को धन हानि, व्यापार व नौकरी में समस्या, गृहक्लेश, तलाक, आपसी झगड़े, बीमारी, अकाल मृत्यु और शत्रु बाधा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन सभी समस्याओं के निवारण के लिए इस दिन भगवान शनिदेव को तुलादान, छाया दान और तेल दान करने से भक्तों को चमत्कारिक लाभ प्राप्त होता है। आयोजक पं. राजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि इस दुर्लभ अवसर पर शनिदेव को प्रसन्न करने हेतु गुरुदेव महंत शनि भारती द्वारा विशेष तेलाभिषेक, अनुष्ठान और महाआरती संपन्न कराई जाएगी। कार्यक्रम की शुरूआत 16 मई, शनिवार को प्रातः 9 बजे नील गंगा सरोवर घाट जूना अखाड़ा से निकलने वाली कलश यात्रा के साथ होगी, जो श्री शनि शक्ति पीठ मंदिर पहुंचेगी। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे मंदिर परिसर में भगवान का महामस्तकाभिषेक किया जाएगा। वहीं, शाम 7:30 बजे भव्य महाआरती होगी और भक्तों को महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमियों से सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।



### बाहर सख्ती तो घर में ही गड़बड़ी के हाल हुए स्वास्थ्य विभाग के

# दो आईएएस ने जांची नब्ज, डॉक्टर नदारद मिले







दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वास्थ्य विभाग के लिए अजीब स्थिति बन रही है। बाहर हाल सुधारने जाता है तो घर में गड़बड़ी शुरू हो जाती है घर को काबू करता है तो बाहर के हाल बेकाबू हो जाते हैं। गुरूवार को जिला अस्पताल की नब्ज एक कनिष्ठ आईएएस एवं एक वरिष्ठ आईएएस ने जांची है। कनिष्ठ के दौरे में कई डॉक्टर नदारद मिले हैं। वहीं वरिष्ठ ने ऑनलाइन उपस्थिति के बाद रजिस्टर में हस्ताक्षर करने को लेकर सवाल उठाए हैं।

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार एवं नियमावली के साथ उपचार मरीजों को मिले इसके लिए विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। विभाग के दलों को दो दिनों में ही 30 अपंजीकृत अस्पताल एवं क्लिनिक मिले हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक पटेल ने शिकायत एवं जांच उपरांत फ्रीगंज के निजी एमपी अस्पताल का पंजीयन निरस्त कर दिया है।

अपेंडिक्स के आपरेशन के दौरान मंछामन के अस्पताल जनसेवा नोबल पाली क्लिनिक को सील करवा दिया गया है। इससे जिले में निजी चिकित्सा क्षेत्र में हडकंप मच गया है। इसके विपरित जिला अस्पताल चरक भवन में विभागीय डाक्टरों में अनियंत्रण की स्थिति जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमुट के निरीक्षण में सामने आई है।

## जिला पंचायत सीईओ के बाद एसीएस वर्णवाल भी पहुंचे अस्पताल

### ऑनलाइन व्यवस्था तो रजिस्ट्रर में इंट्री क्यों

गुरूवार को ही एसीएस स्वास्थ्य अशोक बर्णवाल ने चरक भवन का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस उन्होंने ऑनलाइन कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि ऑनलाइन व्यवस्था उपलब्ध होने पर अनावश्यक रजिस्टर एंट्री से कार्यभार नहीं बढ़ाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि एएनसी जांच एएनएम के माध्यम से कराई जाए और हाई-रिस्क मामलों को तत्काल चिकित्सकों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने अस्पताल परिसर के फर्श और अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। दवा भंडारण कक्ष के निरीक्षण में उन्होंने प्रत्येक माह की दिवस वार जानकारी अपडेट रखने, दवाइयों को अल्फाबेटिकल क्रम में व्यवस्थित करने तथा नियमित उपयोग वाली दवाओं के स्टॉक की सतत जानकारी रखने, दवा भंडारण की समस्त जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने और ऑनलाइन किए गए कार्य को रजिस्टर में दोबारा दर्ज कर कर्मचारियों पर अनावश्यक भार न डालने के निर्देश दिए। ब्लड बैंक का निरीक्षण करते हुए उन्होंने विभिन्न ब्लड यूनिट की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने ब्लड सैंपल कलेक्शन प्रक्रिया की समीक्षा की और मरीजों को चिकित्सा लाभ देने के साथ सभी का आभा आईडी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीआईसीयू वार्ड और शिशु वार्ड का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमुट, सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नदारद चिकित्सकों को नोटिस जारी करने के निर्देश

जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट ने गुरुवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की ओपीडी व्यवस्था और चिकित्सकों के उपस्थिति रजिस्टर उन्होंने देखे थे। निरीक्षण में कई विभागों में चिकित्सक निर्धारित समय पर अनुपस्थित पाए गए। सीईओ ने इस पर नाराजगी व्यक्त की। अनुपस्थित डॉक्टरों का एक दिन का वेतन काटने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी चिकित्सकों को सुबह 9 बजे से अस्पताल में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना होगा।

**सुबह 9 से 2 शाम को 5-6:** कुमुठ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और आयुक्त स्वास्थ्य स्तर से लगातार निर्देश जारी किए जा रहे हैं कि सभी चिकित्सक सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे और शाम 5 बजे से 6 बजे तक अस्पताल में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। इसके बावजूद लापरवाही सामने आ रही है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी कई बार चिकित्सकों को इस संबंध में चेतावनी दी जा चुकी है और कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे।

**वार्डों में पहुंच कर जाने हाल:** निरीक्षण के दौरान सीईओ ने अस्पताल में वार्डों का भी दौरा किया और साफ-सफाई, मरीजों की सुविधा, रिकॉर्ड व्यवस्था तथा चिकित्सकीय सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल की लिफ्टों की व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की।

### हर साल 75 लाख से अधिक का नुकसान

# स्मार्ट सिटी परियोजना के 5.59 करोड़ के सोलर प्लांट बंद पड़े

### नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने स्मार्ट सिटी सीईओ से की शिकायत, जांच की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के जलप्रदाय संयंत्रों पर बिजली बिलों का खर्च कम करने के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत लगाए गए 5 करोड़ 59 लाख रुपये लागत के सोलर प्लांट बंद पड़े हैं। वर्ष 2019 में स्थापित 1.29 मेगावॉट क्षमता वाले इन सौर ऊर्जा संयंत्रों से बिजली उत्पादन पूरी तरह ठप हो चुका है, जिससे नगर निगम को हर साल 75 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। मामले को गंभीर बताते हुए नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने स्मार्ट सिटी कार्यालय के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) को शिकायत सौंपकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

**1.29 मेगावॉट क्षमता के प्लांट से होना था लाखों यूनिट बिजली उत्पादन-** शिकायत में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, स्मार्ट सिटी द्वारा लगाए गए इन प्लांटों की कुल क्षमता 1290 किलोवॉट है। अनुमान के मुताबिक प्रति किलोवॉट प्रतिदिन 4 यूनिट बिजली उत्पादन के हिसाब से इन संयंत्रों से प्रतिदिन 5160 यूनिट तथा सालाना 18 लाख 83 हजार 400 यूनिट बिजली का उत्पादन होना था। यदि बिजली की दर 4 रुपये प्रति यूनिट मानी जाए तो निगम को प्रतिवर्ष 75 लाख 33 हजार 600 रुपये की बचत हो सकती थी, लेकिन प्लांट बंद होने के कारण यह राशि नुकसान में बदल रही है।



### पूरी राशि का भुगतान, फिर भी बंद पड़े हैं प्लांट

जानकारी के अनुसार सोलर प्लांटों की स्थापना के लिए 5 करोड़ 59 लाख रुपये की संपूर्ण राशि संबंधित एजेंसी को भुगतान की जा चुकी है। इसके बावजूद प्लांट लंबे समय से बंद पड़े हैं और इनसे बिजली उत्पादन नहीं हो रहा है। इस स्थिति को लेकर निगम और स्मार्ट सिटी प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने अपनी शिकायत में स्मार्ट सिटी प्रबंधन से सात महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जवाब मांगा है। उन्होंने पूछा है कि सौर ऊर्जा प्लांट स्थापना के बाद कितने समय तक चालू रहे और इन कार्यों की निगरानी किन इंजीनियरों ने की थी। साथ ही प्लांट स्थापित करने वाली एजेंसी का नाम, उसकी गारंटी एवं मेंटेनेंस अवधि तथा स्वीकृति के समय तय उत्पादन क्षमता की जानकारी भी मांगी गई है।

### दोषियों पर कार्रवाई और जवाबदेही तय करने की मांग

नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद परियोजना का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने निगम को हुई कुल राजस्व हानि का आकलन कर जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों की जवाबदेही तय करने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## शहजाद खान कर्मचारी कल्याण कोष के कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



कर्मचारी कल्याण कोष के जिला अध्यक्ष बंशीलाल सोनी ने प्रांतीय एवं संभागीय निदेर्शानुसार शहजाद खान को कर्मचारी कल्याण कोष का कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

जिला अध्यक्ष बंशीलाल सोनी ने बताया कि खान जिले के अन्तर्गत शिक्षक साथियों के हितों की सुरक्षा एवं योजना शिक्षकों तक पहुंचाएंगे एवं संगठन को मजबूती देंगे। खान की नियुक्ति पर रूपसिंह चौहान, अमृत केलकर, मदनलाल सिंदल, संतोष शर्मा, वैभव पंड्या, जीवन सिंह परमार, सचिन बैरागी, बाबूलाल देपन, प्रमोद भिटोरिया, प्रदीप सिंह तोमर, बद्रीलाल गेहलोत, गोविंद मालवीय, शोमा भावसार ने स्वागत कर बधाई दी।

## वाणिज्य कर विभाग में लगा वाटर कूलर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की पावन नगरी स्थित वाणिज्य कर विभाग में कई वर्षों से पीने के पानी के लिए वाटर कूलर नहीं था। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के निरंतर प्रयासों और संयुक्त आयुक्त राज्यकर उज्जैन संभाग रीता चतुर्वेदी के सहयोग से 13 मई 2026 को विभागीय सर्कल में वाटर कूलर स्थापित किया गया। इस सुविधा से अधिकारी और कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। संघ के जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में वाणिज्य कर विभाग के विभागीय अध्यक्ष सुनील खत्री द्वारा वाटर कूलर लगाने के लिए लंबे समय से अथक प्रयास किए जा रहे थे। कर्मचारियों की यह अहम मांग पूरी होने पर कर्मचारी संघ की ओर से संयुक्त आयुक्त रीता चतुर्वेदी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### दिन तो ठीक रात में भी बैचेन करने वाली गर्मी से सामना, गर्मी के कहर के दौरान बिजली की कटौती से भी आमजन परेशान

# बुधवार-गुरुवार सीजन की सबसे गर्म रात , तापमान 29.2 डिग्री

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इस वर्ष गर्मी के रूप में सीधे-सीधे आमजन जीवन पर कहर गिर रहा है। बुधवार को दिन तो ठीक रात भी बैचेन करने वाली रही है। रात में पारा 29.2 डिग्री रहा जिसे गुरूवार सुबह दर्ज किया गया। इस दौरान बिजली कटौती ने आमजन की परेशानी को दोहरा कर दिया । रात में कई क्षेत्रों में 3-4 बार अलग-अलग समय पर 15-25 मिनट तक बिजली गायब रही है। यही हाल गुरूवार को दिन में भी दर्ज किए गए हैं।

बुधवार को दिन में आग उगलने वाली गर्मी की स्थिति 44.7 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया था। उसके बाद भी गर्मी के हाल बने रहे थे। रात में भी आमजन पसीने से तर स्थिति में ही रहा। पंखे गर्म हवा दे रहे थे तो कूलर भी कमजोर पड़ रहे थे। इस दौरान बिजली कटौती ने इस कहर को और बढ़ा दिया था। इसके चलते बुधवार-गुरूवार रात आमजन की बैचेनी भरी रही है। अधिकतम और न्यूनतम दोनों ही स्थिति में बुधवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म दिन के रूप मे दर्ज किया गया है।







### इधर कटौती का दंश भी चुभने वाला

गर्मी के कहर के दौरान ही कटौती का दंश भी शुरू हो गया है। हो भी क्यों न बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर भी हांफने लगे हैं और वे भी जमकर गर्म हो रहे हैं। शहर के नागरिकों के अनुसार बुधवार को सीजन के सबसे गर्म दिन एवं रात की स्थिति में शहर के अलग-अलग जोनों में बिजली कंपनी ने 3-4 बार 15-25 मिनट के लिए कटौती की है। एक तो दिन की गर्मी से हलाकान आमजन रात में पंखे एवं कूलर की सहायता से नींद लेने की स्थिति में आया और उसके बाद ही यह कटौती की गई। इससे कई लोगों की नींद में खलल की स्थिति रही है। गुरूवार को भी अलग-अलग क्षेत्रों में कटौती की शिकायतें नागरिकों से मिल रही है।

### गुरुवार को भी चली लू

गुरूवार को भी दोपहर में जमकर गर्म हवाएं चली हैं। उत्तर-पश्चिम की ओर चल रही हवाएं राजस्थान से होती हुई मालवा तक चल रही है। गर्म हवा ने लू खतरा बढ़ा दिया है। गुरूवार को दिन में 6-8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली गर्म हवाओं ने देर शाम तक आमजन को परेशान किया है। इसके चलते आमजन उमस एवं पसीने से तर रहा है। इधर शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि गुरूवार सुबह न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री सेंटीग्रेड 57 फीसदी आर्द्रता के साथ 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के दौरान दर्ज किया गया। इसी तरह से अपराह्न में अधिकतम तापमान 44.0 डिग्री सेंटीग्रेड 18 फीसदी आर्द्रता के साथ 8 किलोमीटर प्रति घंटे की हवाओं के दौरान दर्ज किया गया है। शाम के समय गर्म हवाओं ने बैचेनी को और बढ़ा दिया था।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | शुक्रवार 15 मई, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### कलेक्टर ने किया इंदौर-खंडवा नेशनल हाईवे का निरीक्षण

**इंदौर।** आगामी सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए इंदौर-खंडवा नेशनल हाईवे (ठल्ल-347इञ्ञ) के निर्माण कार्यों को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आज हाईवे का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिंहस्थ 2028 की दृष्टि से इस परियोजना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुगम और सुरक्षित बनाई जा सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में आने वाली किसी भी प्रकार की बाधा को तत्काल दूर किया जाए तथा ठल्लअक को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए, जिससे परियोजना निर्धारित समय में पूर्ण हो सके। इस अवसर पर प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है

### मानव अधिकारों पर केन्द्रित लघु फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन

**इंदौर।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा शार्ट फिल्म कामपीटीशन का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देशभर के नागरिकों से मानव अधिकार विषय पर लघु फिल्में आमंत्रित की गई हैं। आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार लघु फिल्म 3 से 10 मिनट की होना चाहिए। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1 लाख 50 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 1 लाख रुपये का रखा गया है। इसके अलावा कुछ चयनित फिल्मों को विशेष सम्मान और अन्य नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली फिल्म 3 से 10 मिनट की होनी चाहिए। मानव अधिकारों पर आधारित फिल्म हिंदी या किसी भी अन्य भारतीय भाषा में बनाई जा सकती है, लेकिन उसमें अंग्रेजी सबटाइटल होना जरूरी रहेगा। इच्छुक प्रतिभागी अपनी फिल्म 30 जून 2026 तक गूगल ड्राइव लिंक के माध्यम से भेज सकते हैं। प्रतियोगिता से जुड़ी विस्तृत जानकारी और नियम राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### नागरिकों ने सर्वेक्षण में दर्ज कराए 19 लाख से अधिक फीडबैक

**इंदौर।** नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे ने कहा है कि स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत आयोजित होने वाले विश्व के सबसे बड़े स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में मध्यप्रदेश अपनी संकल्पबद्धता और जन-सहयोग के अनूठे संगम के साथ अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रदेश के कुल 406 नगरीय निकायों में स्वच्छता के प्रति जो उत्साह और चेतना जाग्रत हुई है, उसका प्रत्यक्ष प्रमाण नागरिकों द्वारा अब तक दर्ज कराए गए 19 लाख से अधिक फीडबैक हैं। यह संख्या न केवल नागरिकों की अपनी शहर की स्वच्छता के प्रति सजगता को दशार्ती है, बल्कि यह प्रदेश की उस सामूहिकता का भी परिचायक है जो मध्यप्रदेश को स्वच्छता के शिखर पर बनाए रखने के लिए तत्पर है। विभाग द्वारा इस विशाल जन-समर्थन को एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है, जो आगामी रैंकिंग में प्रदेश के शहरों की स्थिति को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगा। नागरिकों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त दिये गये क्यूआर कोड को स्केन कर स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में अपना फीडबैक दर्ज करे। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के सर्वेक्षण की सबसे अभिनव और क्रांतिकारी विशेषता इसकी मूल्यांकन प्रणाली में किया गया मूलभूत परिवर्तन है, जिसमें 'नागरिक फीडबैक' और 'जन-शिकायत निवारण' (ग्रीवांस रिड्रेसल) को मुख्य आधार बनाया गया है।

### उत्कृष्ट पुरस्कार के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक

**इंदौर।** प्रदेश में शासकीय कार्यप्रणाली में नवाचार, सुशासन और जनसेवा के उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार हेतु) वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने जानकारी दी कि यह पुरस्कार मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों, विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा उनके अधीन कार्यरत निगम, मंडल, बोर्ड एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके नवाचार आधारित उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा।

### दो सप्ताह में लगभग 21 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त

**इंदौर।** जीआरपी इंदौर ने रेलवे स्टेशन इंदौर से ट्रॉली बैग चोरी का मात्र 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्?जे से लगभग 2 लाख 82 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। इसके अतिरिक्त जीआरपी इंदौर ने ईमानदारी, संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचय देते हुए ट्रेन में छूटे लगभग 8 लाख 50 हजार रुपये मूल्य के जेवरों से भरे बैग को कुछ ही घंटों में सुरक्षित खोजकर संबंधित यात्री के सुपुर्द किया। जीआरपी की इस सराहनीय कार्रवाई से यात्रियों में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना और अधिक मजबूत हुई है। यह कार्रवाई रेल पुलिस की जनसेवा, जिम्मेदारी एवं मानवता के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# एयरपोर्ट बनाने को लेकर 6 कंपनियों ने दिखाई दिलचस्पी

## 147 करोड़ 36 लाख रुपये से वर्तमान दताना-मताना हवाई पट्टी का पूरी तरह किया जाएगा कायाकल्प

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में एयरपोर्ट बनाने के लिए डीआरए इंफ्राकान, रवि इन्फ्राबिल्ड, गावर कंस्ट्रक्शन और अशोका बिल्डकान सहित छह निर्माण कंपनियों ने इच्छा जाहिर कर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआइ) को निविदा प्रस्ताव दिए हैं। निविदा प्रस्ताव का तकनीकी और वित्तीय परीक्षण अभी किया जा रहा है। शर्तों पर खरी उतरी इनमें से एक कंपनी को महीने-दो महीने में कार्य आदेश जारी कर काम शुरू कराने की उम्मीद है।

विमानन विभाग के मुताबिक 147 करोड़ 36 लाख रुपये से वर्तमान दताना-मताना हवाई पट्टी का पूरी तरह कायाकल्प किया जाएगा। मौजूदा पुराने और कमजोर पेवमेंट को हटाकर पूरी तरह नया रनवे 13/31 बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 1800 मीटर प्रस्तावित है, जिससे एटीआर-72 जैसे व्यावसायिक विमान उतर सकेंगे।

सुरक्षा के लिहाज से 7.8 किलोमीटर (7835 मीटर) लंबी आपरेशनल बाउंड्रीवाल बनाई जाएगी। इसमें सुरक्षा के लिए कंक्रीटिना काइल और कंटीले तार लगाए जाएंगे। विमानों के मुड़ने



और खड़े होने के लिए लिंक टैक्सीवे, एप्रन और आइसोलेशन बे का निर्माण होगा। साथ ही एयरपोर्ट के अंदरूनी हिस्से में ह्यपेरिफेरल रोडह्ल बनाई जाएगी। निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए एक वर्ष की निश्चित समय सीमा निर्धारित की गई है, ताकि सिंहस्थ से पहले ट्रायल लैंडिंग सुनिश्चित हो सके।

### सिंहस्थ में एयरपोर्ट गेम चेंजर साबित होगा

सिंहस्थ-2028 के दौरान आने वाले 15 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए यह एयरपोर्ट "गेम चेंजर" साबित होगा। 147 करोड़ के इस शुरूआती निवेश से उज्जैन में न केवल हवाई यातायात शुरू होगा, बल्कि यह आपदा प्रबंधन और वीआइपी मूवमेंट का मुख्य केंद्र भी बनेगा। प्रशासनिक स्तर पर टेंडर प्रक्रिया शुरू होने से अब तय हो गया है कि अगले कुछ महीनों में दताना हवाई पट्टी पर निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो जाएगा, जो उज्जैन के विकास को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। यदि सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो सिंहस्थ से काफी पहले उज्जैन के आसमान में बड़े विमानों की गूंज सुनाई देगी, जो मालवा क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### दूसरे चरण में 125 करोड़ से अंतरराष्ट्रीय स्तर डोमेस्टिक टर्मिनल भवन बनेगा

उज्जैन एयरपोर्ट पर दूसरे चरण में 125 करोड़ रुपये से अंतरराष्ट्रीय स्तर का डोमेस्टिक टर्मिनल भवन बनेगा। निर्माण के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने टेंडर जारी कर दिया है। परियोजना अंतर्गत 107 करोड़ रुपये निर्माण कार्यों पर और 17.44 करोड़ रुपये अगले दस वर्षों के रखरखाव पर खर्च किए जाएंगे। 15 महीने की समय सीमा में यहां एक भव्य डोमेस्टिक टर्मिनल बिल्डिंग के साथ नया एटीसी टावर, तकनीकी ब्लॉक और अत्याधुनिक फायर स्टेशन का निर्माण किया जाएगा।



### उज्जैन एयरपोर्ट के लिए 590 करोड़ हो चुके मंजूर

उज्जैन एयरपोर्ट के लिए मध्य प्रदेश मंत्रीमंडल पिछले महीने 590 करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट स्वीकृत कर चुका है। राज्य सरकार का मुख्य लक्ष्य वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले "सिंहस्थ कुंभ" से पहले इस एयरपोर्ट को पूर्णतः क्रियाशील बनाना है। इस राशि से टर्मिनल बिल्डिंग का विस्तार, आधुनिक एटीसी टावर, फायर स्टेशन और यात्रियों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं का विकास किया जाएगा। यह निवेश उज्जैन को मालवा क्षेत्र के एक प्रमुख लाजिस्टिक और ट्रांसपोर्ट हब के रूप में स्थापित करेगा। राज्य सरकार के इस कदम से स्पष्ट है कि उज्जैन अब केवल एक धार्मिक नगरी ही नहीं, बल्कि भविष्य का एक आधुनिक ह्यस्मार्ट एविएशन हबह्ल बनने की ओर अग्रसर है।

## भोजपत्र और ताड़पत्र पर लिखित दुर्लभ ग्रंथों की हाई-डेफिनिशन स्कैनिंग कर अपलोड की जा रही

# 18 हजार पांडुलिपियों का हो रहा डिजिटलाइजेशन

## आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारे गौरवशाली इतिहास की कड़ी हैं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

अवंतिका नगरी उज्जैन, जो युगों-युगों से ज्ञान और विज्ञान का केंद्र रही है, अब अपनी प्राचीन विरासत को आधुनिक तकनीक के साथ सहेजने की दिशा में एक बड़ी छलांग लगा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू हुए ज्ञान भारतम प्रकल्प के अंतर्गत उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय और सिंधिया प्राच्य विद्या शोध संस्थान में संरक्षित हजारों वर्ष पुरानी 18 हजार से अधिक पांडुलिपियों का डिजिटलाइजेशन किया जा रहा है। यानी भोजपत्र और ताड़पत्र पर लिखित दुर्लभ ग्रंथों की हाई-डेफिनिशन स्कैनिंग कर इंटरनेट पर अपलोड की जा रही है।

मालूम हो कि पांडुलिपि (मनुस्क्रीप्ट) वह दस्तावेज है, जो छापाखाने के आविष्कार से पहले ऋषियों, विद्वानों और वैज्ञानिकों द्वारा अपने हाथों से भोजपत्र, ताड़पत्र या हस्तनिर्मित कागजों पर लिखा गया था। इनमें भारत का प्राचीन खगोल विज्ञान, गणित, आयुर्वेद, योग, साहित्य, दर्शन, धार्मिक ग्रंथ और महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाओं का अमूल्य ज्ञान संचित है। ये हमारी सभ्यता और विज्ञान के मौलिक आधार हैं। इनका संरक्षण इसलिए अनिवार्य है क्योंकि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारे गौरवशाली इतिहास की कड़ी हैं।



### क्या है पांडुलिपि? भारत के प्राचीन ज्ञान का अनमोल खजाना

मालूम हो कि पांडुलिपि (मनुस्क्रीप्ट) वह दस्तावेज है, जो छापाखाने के आविष्कार से पहले ऋषियों, विद्वानों और वैज्ञानिकों द्वारा अपने हाथों से भोजपत्र, ताड़पत्र या हस्तनिर्मित कागजों पर लिखा गया था। इनमें भारत का प्राचीन खगोल विज्ञान, गणित, आयुर्वेद, योग, साहित्य, दर्शन, धार्मिक ग्रंथ और महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाओं का अमूल्य ज्ञान संचित है। ये हमारी सभ्यता और विज्ञान के मौलिक आधार हैं।

### डिजिटलीकरण इन्हें अनंत काल तक सुरक्षित कर देगा

प्राचीन ग्रंथों में कई ऐसी वैज्ञानिक विधियां छिपी हैं, जो आधुनिक समस्याओं का समाधान दे सकती हैं। समय के साथ भोजपत्र और पुराने कागज खराब होने लगते हैं, डिजिटलीकरण इन्हें अनंत काल तक सुरक्षित कर देगा। उज्जैन में पांडुलिपियों का विशाल भंडार सिंधिया प्राच्य विद्या शोध संस्थान में स्थित है, जहां लगभग 20,000 दुर्लभ पांडुलिपियां दशकों से सहेजी जा रही हैं। स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा ने बताया कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा ज्ञान भारतम प्रकल्प के तहत सिंधिया संस्थान को एक स्वतंत्र इकाई के रूप में विकसित किया गया है। वर्तमान में 18 से 20 हजार पांडुलिपियों के डिजिटल रूपांतरण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

### कलेक्टर की अपील- ज्ञान भारतम ऐप पर करें अपलोड

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश पांडुलिपियों के पंजीकरण में देश में दूसरे स्थान पर है, जहां अब तक 10 लाख से अधिक पांडुलिपियां दर्ज की जा चुकी हैं। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी परिवार या निजी संग्रह में कोई प्राचीन पांडुलिपि सुरक्षित है, तो उसे ज्ञान भारतम ऐप पर अपलोड करें। उसे दान करना स्वैच्छिक है, लेकिन उसकी जानकारी साझा करना शोध और राष्ट्रहित में एक बड़ा योगदान होगा।

## श्री दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद की साधारण सभा 17 को

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

श्री दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद का आयोजन रविवार को प्रातः 10:00 बजे से एयरपोर्ट रोड स्थित महावीर बाग परिसर में आयोजित की गई है। सर्व मान्य अध्यक्ष सामाजिक सांसद के आनंद गोधा ने बताया कि इस साधारण सभा में समाज के सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं संगठनात्मक विषयों पर व्यापक चर्चा एवं विचार विमर्श मंथन किया जाएगा।

सभा में वर्ष भर की गतिविधियों का प्रतिवेदन, आगामी योजनाओं की रूपरेखा, समाजहित के प्रस्तावों पर गहन विचार-विमर्श होगा। सामाजिक सांसद के महामंत्री हर्ष जैन ने समस्त जिनालयों पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, क्षेत्रीय प्रतिनिधियों एवं समाजजनों से आग्रह किया है कि वे नियत समय पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने बहुमूल्य सुझाव देकर सभा को सफल बनाएं। आनंद गोधा ने कहा कि सामाजिक संसद द्वारा जैन समाज के सर्वांगीण विकास, एकता एवं संगठन को सुदृढ़ करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस सभा में शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण एवं युवा कल्याण* जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा प्रस्तावित है। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि सामाजिक, धार्मिक एवं संगठनात्मक विषयों पर होगा विचार मंथन, व्यापक सहभागिता सभी सभा सांसद एवं सभी जिनालयों के अध्यक्ष मंत्री को आह्वान किया है।

## सरकारी अस्पतालों में फ्री इलाज, लेकिन आयुष्मान कार्डधारियों का कट रहा बैलेंस

**उज्जैन।** मप्र के सरकारी अस्पतालों में जहां हर आम व्यक्ति को मुफ्त उपचार मिलता है, वहीं गरीबों को इसके बदले रुपए चुकाने पड़ रहे हैं। हालांकि यह रुपए लोगों को नकद नहीं देना पड़ते। इसका भुगतान आयुष्मान कार्ड से संबंधित अस्पताल सीधे संबंधित मरीज के 5 लाख रुपए तक के इलाज की क्रेडिट लिमिट से करवा रहे हैं। यानी सामान्य या आर्थिक सक्षम लोगों को फ्री में इलाज हो जाता है और गरीब लोगों से इसकी कीमत वसूली जा रही है।

## परिणामोन्मुखी चाइल्ड बजटिंग कार्यशाला आयोजित की

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि मध्यप्रदेश के बच्चों का सर्वांगीण विकास ही राज्य के सतत और समावेशी विकास की आधारशिला बनेगी। मंत्री सुश्री भूरिया बुधवार को होटल कोर्टयार्ड मैरियट में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'चाइल्ड बजटिंग इन मध्यप्रदेश' विषयक प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं।

## गुजरात से लाकर बेच रहे थे नकली प्रोडक्ट, क्राइम ब्रांच की रेड

# इंदौर में नकली उत्पाद बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में नकली कीटनाशक और मच्छर भगाने वाले उत्पादों का कारोबार करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। गुरुवार को क्राइम ब्रांच और हीरानगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। आरोपी गोदरेज कंपनी के नकली हिट और गुड नाइट उत्पाद बेच रहे थे। पुलिस ने दो आरोपियों महेश चौहान और हरीश चावड़ा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से करीब 30 हजार रुपए कीमत का नकली माल जब्त किया गया है।

मामले में गोदरेज कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स से जुड़ी आईपीआर सर्विसेस के असिस्टेंट मैनेजर सुभाष शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि महेश चौहान और हरीश चावड़ा बाजार में कंपनी के नकली उत्पाद सप्लाई कर रहे हैं।

सूचना के बाद क्राइम ब्रांच, हीरानगर पुलिस और कीटनाशक निरीक्षक सीएल मालवीय की टीम ने दीनदयाल उपाध्याय नगर और सुखलिया इलाके में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास रखी चार बोरियों की तलाशी ली गई, जिसमें बड़ी मात्रा में नकली हिट स्प्रे और गुड नाइट रिफिल पैक बरामद हुए।

जांच में पुलिस ने 70 बोतल काला हिट एंटी मॉस्किटो स्प्रे, 26 बोतल लाल हिट एंटी कॉकरोच स्प्रे और 1450 गोदरेज गुड नाइट मॉस्किटो रिपेलेंट रिफिल पैक जब्त किए। विशेषज्ञों की जांच में ये उत्पाद प्रथम दृष्टया नकली और अमानक पाए गए। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे गुजरात से नकली माल लाकर इंदौर के अलग-अलग इलाकों में सप्लाई करते थे।

## इंदौर से नागदा जा रही थी महिला, अभद्र व्यवहार और गलत तरीके से छूने के आरोप

# चलती बस में सब-इंस्पेक्टर ने डॉक्टर से की छेड़छाड़

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में इंदौर से नागदा जा रही एक महिला डॉक्टर के साथ चलती बस में छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि पुलिस विभाग में पदस्थ एसआई मुन्नालाल सोलंकी ने बस के अंदर महिला डॉक्टर के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गलत तरीके से छूने की कोशिश की। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। महिला डॉक्टर की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एसआई मुन्नालाल सोलंकी को सस्पेंड कर दिया है। मामले की जांच नागदा मंडी थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी को सौंपी गई है।

महिला डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि वह रोजाना इंदौर से नागदा बस के जरिए अपडाउन करती हैं। बुधवार को जब बस हरिफाटक ब्रिज के पास पहुंची, तभी एसआई मुन्नालाल सोलंकी आकर उनकी सीट के पास बैठ गए। डॉक्टर के अनुसार कुछ देर बाद एसआई ने उनकी कमर पर हाथ रखकर गलत तरीके से छूने की कोशिश की। जब उन्होंने इसका विरोध किया और दूसरी सीट पर बैठने को कहा, तो एसआई भड़क गए और गालीगलौज करने लगे। महिला डॉक्टर ने आरोप लगाया कि विवाद के दौरान एसआई ने उनका मोबाइल छीनकर फेंक दिया।



मुन्नालाल सोलंकी फिलहाल उज्जैन पुलिस लाइन में तैनात

### नागदा पहुंचकर की लिखित शिकायत

घटना के बाद महिला डॉक्टर ने नागदा पहुंचकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से पूरे मामले की लिखित शिकायत की। शिकायत में उन्होंने यात्रा के दौरान हुई छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार का विस्तार से उल्लेख किया। मामला सामने आते ही पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने डीआरपी लाइन में तैनात एसआई मुन्नालाल सोलंकी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। साथ ही मामले की जांच नागदा मंडी थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी को सौंप दी गई है।

## इंदौर में पेट्रोल पंप पर टैंकर में लगी आग



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के मांगलिया इलाके में गुरुवार सुबह एक पेट्रोल पंप पर खड़े टैंकर में अचानक आग लग गई। ड्राइवर ने सूझबूझ से जलते टैंकर को तुरंत पंप से दूर कर दिया, जिससे आग फैलने से बच गई। फायर ब्रिगेड के मुताबिक घटना गुरुवार सुबह करीब 10 बजे की है। अशोक लेलैंड शोरूम के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर खाली हो चुके टैंकर के केबिन में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब एक टैंकर पानी डालकर आग पर काबू पा लिया गया। दमकल कर्मियों के अनुसार हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग लगने के दौरान एहतियात के तौर पर पुलिस ने एक तरफ का रास्ता बंद कर दिया था, जबकि दूसरी ओर से वाहनों की आवाजाही जारी रखी गई।

## न्यूज कालम



## बिजली कटौती से नाराज रहवासियों ने सड़क पर धरना-प्रदर्शन किया

**खरगोन।** भीषण गर्मी के बीच मप्र विद्युत वितरण कंपनी की बिजली व्यवस्था भी चरमराने लगी है। शहर सीमा पर बसे ग्राम भाडली में लंबे समय से चल रही वोल्टेज समस्या और अघोषित बिजली कटौती से नाराज रहवासियों का गुरुवार को सब्र का बांध टूट गया। आक्रोषित रहवासी सड़क पर उतर आए। गांव के मुख्य मार्ग पर झाडिया लगाकर धरना दे दिया। जिससे क्षेत्र में आवाजाही पूरी तरह ठप्प हो गई। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र औद्योगिक होने से यहां दिनभर वाहनों के साथ ही लोगों की आवाजाही बनी रहती है। मार्ग पर चक्काजाम होने से कई लोडिंग वाहनों को इंतजार करना पड़ा। गर्म हवाओं के बीच रहवासी वोल्टेज समस्या हल नही होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी देते हुए डटे रहे।

## न्यायाधीश ने श्रमिक जन के अधिकारों के बारे में जागृत किया



**सनावद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निर्देशानुसार श्रमिक अधिकारों के बारे में बताया न्यायाधीश मो असलम दहलवी एवं योगेश चालीसा साहब के द्वारा कहा कि आपकी जो दैनिक मजदूरी आपको नहीं देते हैं तो आपका कानूनी अधिकार है कि आप लेबर कोर्ट में केस दर्ज कर सकते हैं श्रमिक जन देश के सम्माननीय जन हैं उनके साथ भेदभाव कानूनी रूप से दंडनीय है उचित मजदूरी, सुरक्षित कार्य स्थितियां, और संगठित होने का अधिकार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, उन्हें समान पारिश्रमिक, मातृत्व लाभ, सामाजिक सुरक्षा, और कार्यस्थल पर भेदभाव से सुरक्षा जैसे अधिकार भी प्राप्त हैं। श्रमिकों को भोजन अवकाश और कार्य के टाइम से संबंधित अधिकार भी प्राप्त है आप सभी अपने अधिकर समझे आप सभी अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें आपके साथ भेदभाव हो तो आप न्यायालय की शरण ले सकते है आपकि समाजिक सुरक्षा हमारा कर्तव्य है शिविर में न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया उपस्थित है।

## नगर पालिका की ऑनलाइन अटेंडेंस व्यवस्था पर उठे सवाल

**सनावद।** नगर पालिका परिषद सनावद की ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था इन दिनों कर्मचारियों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। कर्मचारियों का आरोप है कि संबंधित शाखा द्वारा ऑनलाइन अटेंडेंस प्रणाली के संचालन एवं मॉनिटरिंग में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण कई कर्मचारियों की उपस्थिति समय पर दर्ज नहीं हो पा रही है। सूत्रों के अनुसार कुछ कर्मचारियों के पोर्टल एक्सेस प्रभावित होने के बाद भी जिम्मेदार शाखा द्वारा स्पष्ट जानकारी, लिखित सूचना अथवा वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई गई। वहीं प्रशासनिक स्तर पर देर से उपस्थिति दर्ज करने को कारण बताया जा रहा है, लेकिन कर्मचारियों का कहना है कि तकनीकी समस्याओं एवं पोर्टल संचालन की अनियमितताओं की जिम्मेदारी भी संबंधित शाखा से अलग नहीं की जा सकती।

## गंगेडी में रात्रि कालीन कृषक संगोष्ठी और जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**उज्जैन।** उप संचालक कृषि श्री यू.एस. तोमर ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कृषक कल्याण वर्ष २०२६ के रूप में घोषित किया गया है। जिसके तहत किसानों के हितों लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री रोशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में गत दिवस 12 मई को ग्राम पंचायत गंगेडी में रात्रि कालीन कृषक संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें किसानों को ई- टोकन प्रणाली से खाद वितरण की संपूर्ण जानकारी, नरवाई प्रबंधन, फसल विविधिकरण, प्राकृतिक खेती, खेती में लागत कम करने उपाय एवं आगामी खरीफ सीजन के लिए के पूर्व तैयारी के संबंध में समसामयिक विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक परियोजना संचालक ., सहायक संचालक कृषि , कृषि विस्तार अधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहें ।

## स्वामी शांति प्रकाश आश्रम में पुरूषोत्तम मास कथा 17 मई से, होगा पांच दिवसीय आयोजन

**खंडवा।** सिंधी कॉलोनी स्थित स्वामी शांति प्रकाश आश्रम में अधिक मास के पवित्र माह के दौरान 17 मई से 15 जून तक पुरुषोत्तम मास कथा का आयोजन होगा। इस मौके पर पांच दिवसीय प्रवचनों का आयोजन सखी साई रमेश प्रकाश जी महाराज के मुखारविंद से होगा। यह जानकारी देते हुए आश्रम प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि आश्रम प्रमुख सखी साई रमेश प्रकाश महाराज के मुखारविंद से पांच दिवसीय सत्संग प्रवचनों का आयोजन 17 मई से 21 मई तक होगा। इस अवसर पर प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात्रि 7 बजे तक पुरुषोत्तम मास, कथा के दौरान महत्वपूर्ण दृष्टांतों की विस्तार से व्याख्या की जायेगी। वही आश्रम में कथा का वाचन 17 मई से 15 जून तक होगा। आश्रम समिति सदस्यों व्दारा धर्म प्रेमी जनता से आयोजन का लाभ लेकर मानव जीवन सफल बनाने की अपील की गई है।

### मेक्रो विजन एकेडमी ने रचा इतिहास:

# 12वीं में 53 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये

### सीबीएसई रिजल्ट में सुहानी साहू 97 प्रतिशत के साथ टॉपर, दो छात्रों ने 100 में से 100 अंक पाए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

सीबीएसई द्वारा सोमवार को घोषित कक्षा १२वीं के परिणामों में मेक्रो विजन एकेडमी, बुरहानपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शिक्षा में उत्कृष्टता की मिसाल बनी एकेडमी के 53 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 212 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

**कॉमर्स में सुहानी अव्वल**

प्राचार्य जसवीर सिंह परमार ने जानकारी दी कि वाणिज्य संकाय में सुहानी साहू ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंयक रामचंदानी ने 94.2 प्रतिशत, अनन्या राठौर ने 93.6 प्रतिशत और अनुज कुमार पटेल ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सुहानी साहू ने लेखाशास्त्र में 100 में से 100 अंक भी हासिल किए।

**साइंस में ओजस ने मारी बाजी**

विज्ञान संकाय (गणित) में ओजस अग्रवाल 96 प्रतिशत के साथ प्रथम रहे। अदिती अग्रवाल ने 94.2 प्रतिशत, आशुतोष पवार ने 93.6 प्रतिशत, उत्कृष्ठ अग्रवाल ने 93.4 प्रतिशत, तनिष्का पटेल ने 92.8 प्रतिशत, जव्वाद खान ने 92.4 प्रतिशत, लावाण्या धारे और पंशुल पाटिदार ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

**बायोलॉजी में आदि नेमा ने पाया 100/100**

जीव-विज्ञान संकाय में मौलीश्री जैन और श्रेया अग्रवाल ने 93.4 प्रतिशत, अनन्या जैन और सृष्टी चुगवानी ने 92.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी संकाय के आदि नेमा ने बायोलॉजी में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।



**संचालक व स्टाफ ने दी बधाई**

इस उपलब्धि पर एकेडमी के संचालक आनंद प्रकाश चौकसे, श्रीमती मंजूषा चौकसे, श्रीमती देवार्षी चौकसे, कु. अंतरा चौकसे, प्राचार्य जसवीर सिंह परमार, उप प्राचार्या मोनिका अग्रवाल, डॉ. संतोष सिलोरिया, डॉ. अरूण शर्मा, श्रीमती विभा जेटली, श्रीमती शीतल पोपली, श्रीमती प्रतिभा नायर सहित समस्त स्टॉफ ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी।

## 18 मई से आलीराजपुर मंडी में शुरू होगा कच्चे आम का क्रय-विक्रय

### किसान टूटे-फूटे आम अलग बोरे में लाए- मंडी प्रशासन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

कृषि उपज मंडी समिति द्वारा जिले के किसान भाइयों एवं आम व्यापारियों को सूचित किया गया है कि 18 मई 2026, सोमवार से मंडी प्रांगण में कच्चे आम का क्रय-विक्रय प्रारंभ किया जाएगा। मंडी समिति ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी आम मंडी प्रांगण में लाकर नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से विक्रय करें, ताकि उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक एवं उचित मूल्य प्राप्त हो सके। किसानों को बिक्री के दिन ही नगद भुगतान किए जाने की व्यवस्था भी की गई है।मंडी प्रशासन द्वारा किसानों को निर्देश दिए गए हैं कि टूटे-फूटे आम अलग बोरे में लाकर रखें तथा मंडी परिसर में किसी भी प्रकार के धारदार हथियार लेकर न आएं। साथ ही किसानों से अधिक से अधिक मात्रा में वन उपज आम मंडी में लाने का आग्रह किया गया है। इसके अतिरिक्त, जो व्यक्ति या संस्था कच्चे आम के क्रय-विक्रय अथवा व्यवसाय हेतु लाइसेंस प्राप्त करना चाहते हैं, वे कार्यालयीन समय में मंडी कार्यालय पहुंचकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। लाइसेंस संबंधी जानकारी के लिए मंडी सचिव श्री राधेश्याम सिर्वी एवं शाखा प्रभारी श्री सुरंग सिंह कनेश से संपर्क किया जा सकता है। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने मंडी प्रशासन को मंडी प्रांगण में किसानों के लिए उचित बैठक व्यवस्था,गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

## प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल का बड़वानी जिला प्रवास कार्यक्रम

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और बड़वानी जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, १४ मई से 16 मई 2026 तक बड़वानी जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे और विभागीय समीक्षा बैठकें लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री 14 मई को शाम 7 बजे बड़वानी पहुँचकर रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 15 मई को, प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में सुबह 10 बजे कलेक्टर सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे।इसके पश्चात प्रभारी मंत्री डॉ. टेटवाल, दोपहर ३ बजे से विभिन्न ग्रामों का दौरा करेंगे। इस दौरान वह निवाली जनपद के ग्राम फुलज्वारी में नवीन पंचायत भवन, ग्राम झाकर में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम, ग्राम कानपुरी में एक बगिया माँ के नाम अभियान के तहत हितग्राहियों से संवाद, ग्राम कुसम्या में आजीविका भवन, नगर पंचायत निवाली बुजुर्ग के वार्ड क्र 15 में संजीवनी क्लिनिक और वाली जनपद पंचायत परिसर का लोकार्पण भी करेंगे। दिनांक 15 मई की शाम को जनपद पंचायत निवाली परिसर के लोकार्पण पश्चात ग्राम वझर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण करेंगे । साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वझर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया।

## महिला सहकारिता सम्मेलन में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

सहकार भारती मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश स्तरीय च्महिला सहकारिता सम्मेलनज्ज का आयोजन दिनांक 23 मई को भोपाल स्थित राज्य सहकारी संघ परिसर, त्रिलंगा में किया जा रहा है। सम्मेलन में प्रदेशभर से मातृशक्ति की सहभागिता रहेगी।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, वहीं समापन सत्र में महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।सहकार भारती प्रदेश कार्य कारिणी सदस्य श्रीमती आशा कुमरावत, जिला महिला प्रमुख संगीता लोह, विभाग संगठन प्रमुख राजेश राठौड़, जिला महामंत्री सुनील शुक्ला एवं जिला संगठन प्रमुख राजेंद्र चौहान ने जिले की मातृशक्ति से अधिकाधिक संख्या में महिला सहकारिता सम्मेलन में शामिल होने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन महिलाओं को सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। पदाधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन में महिला स्व-सहायता समूहों, सहकारी संस्थाओं एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को सहभागिता का अवसर मिलेगा। सम्मेलन के माध्यम से महिला नेतृत्व, स्वरोजगार, संगठन क्षमता एवं सहकारिता के विस्तार पर विशेष चर्चा की जाएगी। उन्होंने जिले की महिलाओं से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक सम्मेलन में सहभागिता कर सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

## कार्य विभाजन को लेकर बढ़ी हलचल

**देपालपुर।** इंदौर जिला कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा पिछले दिनों जारी किए गए तबादला आदेशों के बाद जिले की विभिन्न तहसीलों में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशों के तहत कई कर्मचारियों के तबादले किए गए हैं। साथ ही संबंधित कर्मचारियों को एक तरफा कार्यमुक्त भी कर दिया गया, जिसके चलते विभिन्न तहसील कार्यालयों में नई पदस्थापनाओं और कार्य विभाजन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं।

## जोबट में पुलिस और परिवहन विभाग का संयुक्त चेकिंग अभियान, 10 वाहन किए जब्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



जोबट में पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन पर चलाया गया, जिसमें बिना बीमा, ओवरलोडिंग तथा नियमों का उल्लंघन कर चल रहे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, मृत्युदर को घटाना तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

कॉलेज तिराहा क्षेत्र में चलाए गए इस अभियान के दौरान लगभग 70 से अधिक वाहनों की जांच की गई। जांच में बिना बीमा, बिना फिटनेस, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस एवं ओवरलोडिंग जैसे मामलों में कार्रवाई करते हुए 16 वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 27 हजार 400 रुपए का चालान बनाया गया। साथ ही नियमों का गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर 10 वाहनों को जब्त कर जोबट थाना परिसर में खड़ा करवाया गया। जब्त वाहनों में 3 बड़े वाहन भी शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान जोबट थाना से एएसआई गौतम सहित आरटीओ कार्यालय की टीम मौजूद रही।

## क्षिप्रा परिक्रमा का भव्य आयोजन इस वर्ष 25 एवं 26 मई को आयोजित होगा, तैयारियों को लेकर बैठक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन



मोक्षदायिनी शिप्रा नदी की पावन क्षिप्रा परिक्रमा का भव्य आयोजन इस वर्ष 25 एवं 26 मई को किया जाएगा। यह यात्रा का 23वा वर्ष है। आयोजन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को शहर की स्थानीय होटल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

यात्रा में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा सभी गतिविधियों एवं सांस्कृतिक आयोजन में सहभागिता की जाएगी। बैठक में यात्रा के सफल संचालन, व्यवस्थाओं एवं विभिन्न गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम की जानकारी यूडीए अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी द्वारा दी गई।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 मई को राम घाट पर विधिवत पूजन-अर्चन के साथ यात्रा का शुभारंभ और 26 मई को समापन होगा। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और यात्रा को ध्वज दिखाकर रवाना करेंगे।यह परिक्रमा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि शिप्रा नदी के संरक्षण, स्वच्छता और उसके अविरल प्रवाह को बनाए रखने के उद्देश्य से एक जन-जागरूकता अभियान भी है। यात्रा के माध्यम से आमजन को नदी संरक्षण, जल स्रोतों के महत्व, पर्यावरण संतुलन तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से शिप्रा के प्रति श्रद्धा और जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जाएगा।यात्रा के दौरान एक पुरातत्वविदों का दल मार्ग में स्थित ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का अध्ययन करेगा, वहीं एक अन्य दल खाली स्थानों पर बीजारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देगा।

## कालिदास संस्कृत अकादमी द्वारा ग्रीष्म कालीन कला प्रशिक्षण शिविर 15 मई से

**उज्जैन।** कालिदास संस्कृत अकादमी म.प्र. संस्कृति परिषद् द्वारा 15 से 25 मई तक ग्रीष्मकालीन कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गन्धे ने बताया कि अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न विद्याओं पर आधारित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष वरिष्ठ नृत्य गुरु सुश्री राजश्री शिर्के, मुम्बई द्वारा शास्त्रीय नृत्य कथक, श्री रामचन्द्र गांगोलिया उज्जैन द्वारा लोकगायन, श्रीमती हिरामणि वर्मा, उज्जैन द्वारा लोकनृत्य, सुश्री हिमांशी चौबे, उज्जैन द्वारा कैलीग्राफी, श्री प्रकाश देशमुख, उज्जैन द्वारा नाटक तथा श्री कुलदीप दुबे, उज्जैन द्वारा सुगम संगीत का प्रशिक्षण प्रातः 8 से 10 बजे तक अकादमी परिसर में प्रदान किया जायेगा। इस कार्यशाल का शुभारंभ 15 मई को प्रातः 8 बजे होगा। कार्यशाला के लिए ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया की गई थी जो प्रशिक्षणार्थी ऑनलाइन पंजीयन नहीं कर पाए है तथा इस कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते है, ऐसे समस्त प्रशिक्षणार्थी 15 मई को प्रातः 8 बजे अकादमी में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करवाकर इस कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

## सांसद ने तीन पुलिया रेल ओवर ब्रिज के कार्य का किया निरीक्षण

### निर्माण एजेंसी और अधिकारियों को तेज गति से निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अपील पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल बुरहानपुर से खंडवा अपने वाहन से न आकर महानगरी एक्सप्रेस से सुबह खंडवा पहुंचे यहां से वे तीन पुलिया रेलवे ओवर ब्रिज के चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लेने के लिए स्थल निरीक्षण किया।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस दौरान निर्माण एजेंसी एवं रेल अधिकारियों को सख्त हिदायत देकर निर्माण कार्य जल्द से जल्द ब्रिज निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए।

खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल तीन पुलिया की तरफ बन रहे रेल और ब्रिज को लेकर लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं तीन पुलिया रेल ओवर ब्रिज से आवागमन सुविधा खंडवा क्षेत्र की जनता को जल्द से जल्द प्राप्त हो इसको लेकर निर्माण एजेंसी एवं अधिकारियों को निर्देश देकर ब्रिज का कार्य तेज गति से करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही रेलवे की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखने ,रेलवे के परिचालन में कोई समस्या नहीं आवे और कोई दुर्घटना ना हो। इसका भी ध्यान रखने की बात कही। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने बताया कि उनके पूरे प्रयास रहेंगे कि नवरात्रि,दीपावली त्योहारों के बीच इस ब्रिज से आवागम शुरू करवा दिया जाए। साथ ही सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने बताया कि पुलिस लाइन चौराहा की तरफ सर्विस रोड के लिए पुलिस विभाग की अनुमति मिल गई है। अब जल्द ही यहां सर्विस रोड निर्माण शुरू किया जाएगा।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस मौके पर एसडीओ सेतु निगम विनोद बरकने , निर्माण एजेंसी सुपरवाइजर कमलेश गोस्वामी,स्टेशन मैनेजर जी एल मीणा, मध्य रेल समिति सदस्य मनोज सोनी, प्रवक्ता सुनील जैन, प्रदीप यादव,चंद्रेश पचौरी, अनूप पटेल,तपन डोंगरे,अनिल भगत, गन्नू गुरुबाणी,बलदेव मौर्य विशाल छाबड़ा महेश जैसवाल व अन्य मौजूद थे।

## मदर्स डे एवं नर्स डे पर ब्रह्माकुमारीजी में हुआ सम्मान समारोह

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

आनंद नगर स्थित ब्रह्माकुमारीज भाग्योदय भवन में खंडवा सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शक्ति दीदी के सानिध्य में च्मदर्स डे एवं नर्स डेज्ज के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ अनीता माने, हरसूद सेवाकेंद्र प्रभारी बीके संतोष दीदी, ओंकारेश्वर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके श्यामा दीदी, मधुबन से पधारे ब्रह्माकुमार महेंद्र भाई,एवं ब्रह्माकुमार चंद्रकांत भाई विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में शक्ति दीदी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि मां इस सृष्टि में भगवान का सबसे सुंदर स्वरूप है, जो अपने बच्चों को निस्वार्थ प्रेम, संस्कार और सुरक्षा प्रदान करती है। वहीं नर्सें सेवा, करुणा और मानवता की जीवंत प्रतिमूर्ति हैं, जो दिन-रात रोगियों की सेवा कर उन्हें नया जीवन देने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में माताओं और नर्सों का सम्मान करना केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके त्याग, समर्पण और अथक सेवा के प्रति हमारी सच्ची कृतज्ञता है।

दीदी ने आगे कहा कि च्कुमारी वह है जो २१ कुलों का उद्धार करेज्ज और आज वे माताएं वास्तव में धन्य हैं जिन्होंने अपनी बेटियों को परमात्म सेवा में समर्पित किया है। ऐसी माताओं ने अपनी संतानों को ईश्वरीय कार्य में लगाकर अपने 21 कुलों का कल्याण करने का महान कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भगवान को अपनी बेटियों को समर्पित करने वाली माताएं वास्तव में पूजनीय और गौरव की अधिकारी हैं। जिले के लगभग ५० भाई बहने समर्पित रूप से ईश्वरीय सेवाएं दे रहे हैं डॉक्टर अनीता माने ने कहा कि एक मां और एक नर्स दोनों ही सेवा, ममता और संवेदनशीलता की अद्भुत मिसाल हैं। उन्होंने माताओं एवं नर्सों के त्याग, धैर्य और समर्पण को नमन किया हरसूद सेवा केंद्र प्रभारी बीके संतोष दीदी ने कहा कि मां के चरणों में ही स्वर्ग का वास होता है। मां केवल जन्म देने वाली नहीं, बल्कि जीवन को श्रेष्ठ संस्कारों से सजाने वाली प्रथम गुरु होती है। वहीं नर्सें सेवा, त्याग और करुणा की प्रतिमूर्ति हैं, उन्होंने कहा कि जो संतान अपनी मां का सम्मान करती है और सेवा भाव को अपनाती है, उसका जीवन सदैव सुख, शांति और सफलता से भर जाता है।

ओंकारेश्वर सेवा केंद्र प्रभारी बीके श्यामा दीदी ने कहा कि मां और नर्स दोनों ही ममता, सहनशीलता और समर्पण का जीवंत स्वरूप हैं। मां जहां परिवार को प्रेम और संस्कारों से जोड़ती है, वहीं नर्सें अपने सेवा भाव और धैर्य से असंख्य लोगों के जीवन में आशा और नया उत्साह भरती हैं। मधुबन से पधारे ब्रह्माकुमार चंद्रकांत भाई ने कहा कि आज के समय में परिवारों में संस्कारों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है और यह कार्य सबसे श्रेष्ठ रूप से माताएं ही कर सकती हैं। साथ ही उन्होंने नर्सों की सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका निस्वार्थ योगदान समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया की मधुबन से आए ब्रह्माकुमार महेंद्र भाई ने मदर्स डे एवं नर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए मदर्स डे पर भावपूर्ण गीत प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर समर्पित ब्रह्माकुमारी बहनों की माताओं का विशेष सम्मान किया गया तथा नर्स डे के उपलक्ष्य में उपस्थित सभी नर्सों को भी सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों एवं सम्मानित जनों को ईश्वरीय सौगात भेंट की गई तथा ब्रह्मा भोजन भी ग्रहण कराया गया।

## शब्दों से नेतृत्व गढ़ने की पहल: खंडवा में आज से शुरू होगा

**खंडवा।** युवाओं और प्रोफेशनल्स में प्रभावी संवाद कौशल तथा व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जेसीआई खंडवा द्वारा तीन दिवसीय मंडल स्तरीय व्यक्तित्व विकास पाठ्यक्रम च्स्पीच क्राफ्टज्ज का आयोजन 15 से 17 मई तक किया जाएगा। समाज सेवी सुनील जैन ने बताया की कार्यक्रम में विभिन्न शहरों से जेसीआई सदस्य एवं प्रतिभागी शामिल होंगे। जेसीआई क्लब समाज सेवा के कार्यों की साथ ही राष्ट्रीय मिशन के कार्यों में भी सहयोग प्रदान करता रहा है। वर्ष भर जेसीआई के सदस्यों द्वारा सेवा कार्य किए जाते हैं। जेसीआई अध्यक्ष मनन सोनी ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य भाषण कला, व्यक्तित्व विकास और प्रभावी संवाद कौशल को विकसित करना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मुख्य प्रशिक्षक योगिता जायसवाल, सह-प्रशिक्षक अमृता शर्मा एवं अभिषेक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सीखने का अवसर मिलेगा।

## न्यूज -कॉलम

### गिरफ्त में नाबालिग का शोषण करने वाला आरोपी

**उज्जैन।** इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद शादी का झांसा देकर नाबालिग छात्रा को बहला-फुसला कर अपने साथ ले जाने और शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। जिसके खिलाफ अपहरण की धारा के साथ पास्को एक्ट में केस दर्ज कर गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है। चिमनगंज थाना एएसआई सूर्यप्रकाश तलवैया ने बताया थाना क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग छात्रा कक्षा 10 वीं का अध्ययन कर रही है। 27 अप्रैल को घर से कोचिंग जाने का बोलकर निकली थी। जिसके बाद वापस नहीं लौटी, परिजनों से तलाश के बाद मामले में थाने आकर शिकायत दर्ज कराई। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई थी। कुछ दिन बाद नाबालिग को उज्जैन से सकुशल दस्तायब कर लिया गया। उसने अपने बयान में पहले कुछ नहीं बताया लेकिन बाद में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां महिला अधिकारी द्वारा बयान दर्ज करने पर सामने आया कि उसकी इंस्टाग्राम पर मनोहर शर्मा पिता मोहन शर्मा 21 साल निवासी अमरगढ़ खंडिया, जिला राजगढ़ से पहचान हुई थी। वह उज्जैन महाकाल दर्शन करने आया था उस वक्त झांसा देकर अपने साथ गया था। उसने गलत काम किया और उसका मोबाइल और रूपये भी रख लिये। मामला सामने आने पर मनोहर के खिलाफ अपहरण और पास्को एक्ट में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई। जिसे राजगढ़ ब्यावरा से गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया और कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### पति ने मोबाइल नहीं दिया था पत्नी लगाई फांसी

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील की पानबिहार चौकी क्षेत्र के ग्राम बांदका स्थित पारदी बलडा में रहने वाली सुभामीबाई और उसके पति विशाल गुजरिया ने रात में शराब का सेवन किया। कुछ देर बाद सुभामीबाई ने मोबाइल चला रहे पति से मोबाइल मांगा। पति ने देने से इंकार किया तो दोनों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद मामला शांत हो गया। पति विशाल सो गया। रात 2 बजे नींद खुली तो उसने पत्नी सुभामी को फंदे पर लटका देखा। परिजनों की मदद से नीचे उतारा और आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचा। लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। मामले पानबिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने बताया कि परिवार महिला का फंदे से उतारकर उज्जैन ले गया। चिमनगंज पुलिस द्वारा मर्ग डायरी भेजने पर परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

### पारिवारिक विवाद के जहर खाने वाले युवक की मौत

**उज्जैन।** उन्हेल के ग्राम पासलौद में रहने वाले सोमेश पिता देवीलाल वर्मा 30 साल ने पारिवारिक विवाद के चलते बुधवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। निजी अस्पताल में बुधवार-गुरूवार रात सोमेश की मौत हो गई। माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि सोमेश मजदूरी करता था और कुछ समय से उसका परिवार में ही विवाद चल रहा था। सोमेश 3 बच्चों का पिता था। मामले की जांच उन्हेल पुलिस परिजनों से पूछताछ के बाद शुरू करेगी।

### चार युवकों ने 14 साल के बालक को मारे चाकू

**उज्जैन।** तराना थाना क्षेत्र के सरमस्त कालोनी दरगाह के सामने क्रिकेट खेलने के दौरान हुए विवाद में लक्की, जुनैद, आसिफ और फहराज ने चाकू से 14 वर्षीय अकरान पिता युसुफ खान निवासी मदारबड़ पर हमला कर दिया। नाबालिग के गंभीर घायल होने पर उसे तराना अस्पताल ले जाया गया, जहां से उज्जैन रैफर किया गया है। मामले में तराना थाना पुलिस ने घायल बालक की ओर से चाचा फिरोज खान की शिकायत पर चारों हमलावरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि अकरान नया बल्ला खरीदकर लाया था। क्रिकेट खेलने के दौरान हमलावरों ने बल्ला मांगा था, जिसे देने से अकरान ने मना कर दिया था। जिसको लेकर विवाद हुआ था। उस वक्त मामला शांत हो गया था, कुछ देर बाद चारों ने आकर चाकू मार दिये।

### तबीयत बिगड़ने के 2 दिन बाद थमी कर्मचारी की सांस

**उज्जैन।** सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आदर्श पिता प्रभाकर 39 साल निवासी महानंदानगर की 2 दिन पहले कार्यालय में अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उसे चरक अस्पताल में भर्ती किया गया लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान गुरूवार शाम मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आदर्श फूड पॉयजिनिंग का शिकार हुआ था। पिता के स्थान पर अनुकंपा में उसकी नौकरी लगी थी। माधवनगर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 679-2 | 479-0 |
| मेन बाजार | 237-2 | 224-8 |
| कल्याण नाइट | 266-4 | 589-2 |
| मिलन डे | 138-2 | 568-9 |
| मिलन नाइट | 289-9 | 345-2 |
| मधुर डे | 460-0 | 138-2 |
| मधुर नाइट | 277-6 | 169-6 |
| शुभांक | 4 | 5 6 |

# हत्या करने वाले 14 आरोपियों को आजीवन कारावास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धारदार हथियार से 53 माह पहले हुई हत्या के मामले में सुनवाई पूरी होने पर न्यायालय ने बडा फैसला सुनाते हुए हत्या में शामिल रहे 14 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सुनवाई के दौरान एक आरोपी की मौत हो गई थी।

माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम गोद?ी में 8 नवम्बर 2021 मवेशी चराने निकले 60 साल के रामचंद्र पिता मांगीलाल गुर्जर पर धारदार हथियारों से 15 लोगों ने हमला दिया था। शोर सुनकर रामचंद्र का भाई और परिवार के अन्य सदस्य जो मवेशी चराने साथ निकले थे, वह मौके पर पहुंचे। इस दौरान अम्बराम गुर्जर ने बंदूक दिखाकर परिवार को धमकाया और उसके साथियों ने हमला कर रामचंद्र की हत्या कर दी। मामले की सूचना मिलने पर माकडोन प्रभारी रहे दिवंगत एसआई अशोक शर्मा पुलिस टीम के साथ ग्राम गोडडी तालाब कालाभाटा मौके पर पहुंचे थे। रामचंद्र की मौत हो चुकी थी। मामले में पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर 15 लोगों को आरोपी बनाया था और अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। इस दौरान सामने आया था कि मामला जमीन विवाद से जुड़ा है और हत्या करने वाले मृतक के समाज से जुडे गुर्जर परिवार के लोग है। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद वर्ष 2022 में सुनवाई शुरू हुई थी। इस दौरान एक आरोपित अम्बाराम पिता केसरसिंह की मौत हो गई थी। 53 माह बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रेमा साहू ने धारा 302 सहपठित धारा 149 भादवि में आरोपी मदन पिता शंकरलाल गुर्जर, राजेश पिता रामलाल गुर्जर, भोमसिंह पिता राजाराम गुर्जर, भगवान पिता अंबाराम गुर्जर, देवकरण पिता नारायण गुर्जर, होकम पिता देवीसिंह, वीरम उर्फ विक्रम पिता देवीसिंह गुर्जर, अटल पिता लाखन सिंह गुर्जर, उमराव पिता नागुसिंह, रमेश पिता राजाराम गुर्जर, रतन पिता शंकरलाल गुर्जर, बद्रीलाल पिता शंकरलाल गुर्जर, गोपाल पिता मदनलाल गुर्जर, मुकेश पिता रामचंद्र गुर्जर को आजीवन कारावास के साथ 1-1 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। वही धारा 148 भादवि में 3-3 साल के साथ धारा 147 भादवि में 2-2 साल की सजा और अर्थदंड का फैसला सुनाया। प्रकरण में प्रभारी उप-निदेशक (अभियोजन) राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर द्वारा पुलिस को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वहीं विशेष लोक अभियोजक शिरीष उपासनी द्वारा मामले में पैरवी की गई। जिसमें विमल कुमार सिंह एडीपीओ द्वारा सहयोग किया गया।



#### पुत्र के साथ मां भी रहेगी सलाखों में

हत्या के मामले में 25 माह बाद न्यायालय ने पुत्र के साथ मां को भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीसिंह भदौरिया के अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीसी गुप्ता ने रेखा पति दिनेश वाघेला 41 साल और उसके पुत्र दीपक उर्फ रजनीश वाघेला 20 साल निवासीगण भोई मोहल्ले के पास ग्राम रूई धारा 302 में सजा सुनाई है। मामला नीलगंगा थाना क्षेत्र का 19 अप्रैल 2024 को था। थाना क्षेत्र के भैरू महाराज मंदिर के पीछे बन्टी पर विवाद के दौरान किराये से रहने वाली रेखा बाघेला ने ईंट से हमला किया था और उसके पुत्र दीपक और अंकित ने चाकू से वार किये थे। जिसमें बंटी की मौत हो गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। उक्त प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक नितेश कृष्णन के तर्को से सहमत होकर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दंडित किया है।

# पांच साल बाद भी नहीं मिला धोखाधड़ी करने वाला

**उज्जैन।** कार बाजार में पैसा लगाकर मुनाफा दिलाने का झांसा देकर कई लोगों से लाखों रूपये लेकर फरार हुआ आरोपित अब भी नहीं मिल पाया है। धोखाधड़ी के शिकार लोगों ने आवेदन के माध्यम से शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन आरोपित का पता नहीं लगा पाया।

नगारची बाखल तांबे वाली गली एटलस चौराहा पर रहने वाले इरफान पिता स्व. रशीद खान को 19 अगस्त 2020 को महावीर नगर गली नम्बर 9 पिपलीनाका पर रहने वाले संजय पिता मोहनलाल पांचाल ने कार बाजार का ब्रोकर बताकर बाहर से सस्ती कारे लाकर शहर और आसपास के क्षेत्र में बेचने बताया। उसने कार बाजार में पैसा लगाने पर मुनाफा होने की बात भी कही थी। इरफान खान ने ऑनलाइन 10 लाख रूपयों का ट्रांजेक्शन संजय पांचाल को कर दिया। कुछ दिनों बाद संजय परिवार सहित लापता हो गया। लाखों की धोखाधड़ी होने पर इरफान खान ने एसपी कार्यालय में आवेदन के माध्यम शिकायत की। जहां से मामले की जांच के निर्देश खाराकुआ थाना पुलिस को दिये गये थे। उस दौरान संजय ने रूपये लौटाने के एवज में चैक दिया था लेकिन वह भी बैंक में लगाने पर बॉउंस हो गया, लेकिन अब तक पुलिस भी धोखाधड़ी करने वाले का पता नहीं लगा पाई। इरफान खान ने बताया कि संजय ने कार बाजार में पैसा लगाकर मुनाफा देने का झांसा अजीमुद्दीन पिता बशीर उद्दीन निवासी खदार मोहल्ला, सरफराज पिता अबरार एहमद, तिलक मार्ग, शादाब प्रोप्रायटर फर्म रोनक मोटर्स निवासी देव साहब की गली फव्वारा चौक के साथ भी धोखाधड़ी की है।

### अब मोबाइल एप से होगी दूध की टेस्टिंग, किसानों को तुरंत मिलेगी रिपोर्ट

**उज्जैन।** दुग्ध संग्रह प्रणाली को पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने के लिए उज्जैन दुग्ध संघ द्वारा समितियों में मोबाइल आधारित मिल्क टेस्टिंग एप लागू किया जा रहा है। इसके सुचारू संचालन के लिए 14 मई 2026 को उज्जैन स्थित प्रशिक्षण केंद्र में क्षेत्रीय अमले और दुग्ध समितियों के प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिला सहकारी संघ मर्यादित उज्जैन के प्रभारी प्रबंधक सुमेर सिंह सोलंकी ने बताया कि इस एप के माध्यम से दूध के फैट, एसएनएफ सहित अन्य गुणवत्ता मानकों की जांच तुरंत की जा सकेगी। इससे किसानों को उनके द्वारा दिए गए दूध की गुणवत्ता की जानकारी तत्काल मिलेगी और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।


## जाहिर सूचना का खंडन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री संजय कुमार पिता श्री रमेशचंद्र गुप्ता निवासी 11-12 हरिशंकर पुरम गणेशपार्क के सामने अजयपुर जिला ग्वालियर के के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्र. 16/2/2/6/1/2 रकबा 0. 0830 हे सर्वे क. 98/1/1/2 रकबा 0.3350हे. सर्वे क्र. 98/1/2/3रकबा 0.1560 है. सर्व क्र. 98/1/2/2रकबा 0.1400हें. सर्वे क्र. 98/1/1/1 रकबा 0.6920 है. कुल किता 5 कुल रकबा 1.406 हें भूमि स्थित ग्राम डेडिया तहसील कोठीमहल जिला उज्जैन के सबंध में क्रय किये जाने की जाहिर सूचना देनिक भास्कर समाचार पत्र में श्री कल्पवृक्ष श्रीवास्तव एडवोकेट कार्यालय बी-2 मेघ अपार्टमेंट 13/2 एम.जी. रोड इंदौर के द्वारा इनके अनाम पक्षकार की ओर से प्रकाशित की गयी है। मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त भूमि के विक्रय किये जाने के सबंध में कोई लिखित अनुबंध संपादित नहीं किया है। तथा उक्त जाहिर सूचना का खंडन मेरे पक्षकार की ओर से किया जाता है कि जाहिर सुचना में लगत तरिके से भूमि के विक्रय किये जाने का उल्लेख किया गया हैं मेरे पक्षकार ने ना तो उक्त भूमि विक्रय हेतु अनुबंधित कि गयी है। एवं ना ही कोई राशी प्राप्त की है। इस प्रकार मेरे पक्षकार की भूमि के सबंध दीगयी उक्त जाहीर सूचना निष्प्रभावी होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं है सुचित हो । इति दिनांक 15.05.2026

**गणेश कुमावत, अश्विन कुमावत अधिवक्तागण**
**कार्यालय - भार्गव काम्पलेक्स तीन बत्ती चौराहा**
**फ्रीगंज उज्जैन**
**मो. 9827381808,9200092666**


# हिरासत में आये 3 माह से फरार हिस्ट्रीशिटर 2 बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



8 दिनों में 2 लोगों से शराब के रूपये मांगने और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले 2 बदमाशों को 3 माह बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों को गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि 17 फरवरी को गोपाल कुंवर पति धीरजसिंह जाति राजपुत 30 साल निवासी ग्राम रसुलाबाद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रात में पडोसी बबलु उर्फ हिम्मतसिंह घर आया और दरवाजे पर लात मारकर बोला कि मैं यहां का गुण्डा हूं गांव में रहना है हर माह 15 सौ रूपये देना प?ेगें। रूपये देने से मना करने पर उसने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला।

गोपाल कुंवर की शिकायत पर बदमाश के खिलाफ धारा 308 (5),115 (2),296 (बी), 351 (3) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया गया। इसी बीच 24 फरवरी को जशोदा बाई पति मदनलाल पंवार 35 साल निवासी ग्राम सनावदा ने शिकायत दर्ज कराई कि रात 2 बजे लालसिंह पिता कृष्णलाल पंवार निवासी सनावदा लठ लेकर आया और घर का दरवाजा जोर जोर से बजाने लगा। दरवाजा खोलने पर बदमाश ने शराब पीने के लिये पैसे मांगे, इतनी रात रूपये मांगने और देने से मना करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले में भी प्रकरण दर्ज किया गया। दोनों प्रकरण में शामिल बदमाश थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशिटर होकर गुंडा लिस्ट में शामिल थे। जिनकी सरगर्मी से तलाश शुरू की गई। दोनों कस्बे से फरार हो गये थे। गुरूवार को सूचना मिली की दोनों बदमाश कस्बे में दिखाई दिये है। जिनकी गिरफ्तारी के लिये एसआई सौभागसिंह, एएसआई राजेन्द्रसिंह हाडा, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे, रामनारायण चौहान, नारायण सरा, अश्विन पाठक और सूर्यकुमार की टीम रवाना की गई। दोनों को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। दोपहर में दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार हिम्मतसिंह के खिलाफ 9 संगीन धाराओं में प्रकरण दर्ज है। वहीं आरोपी लालसिंह पंवार जाति मोगिया के खिलाफ 7 मामले पूर्व से दर्ज है।

### निर्माणाधीन यूनिट मॉल से गिरे मजदूर की मौत

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र के हरिफाटक ब्रिज मार्ग पर यूनिट मॉल का निर्माण कार्य चल रहा है। बुधवार को मॉल की तीसरी मंजिल पर काम कर रहा था मजूदर अचानक नीचे गिर गया। उसे घायल हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मजदूर मुन्दिर पिता कुलीन्दरासिंह निवासी पंजाब होना सामने आया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा है। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। विदित हो कि शहर में सिंहस्थ को लेकर स?क निर्माण, ब्रिज निर्माण, यूनिटी मॉल के साथ अन्य कार्य चल रहे है। जिसमें देशभर के मजदूर काम के लिये उज्जैन आये हुए है। पिछले कुछ महिनों में चार से पांच मजदूरों की जान निर्माण कार्य के दौरान जा चुकी है। जिसमें एक हादसा इंदौररोड ब्रिज निर्माण के दौरान सरियों का जाल धंसने पर हुआ था। दूसरा क्षिप्रा किनारे घाट निर्माण की मिट्टी धंसने के साथ बड़नगररोड पर निर्माण कार्य के दौरान मजदूरों की जान जा चुकी है।

### पुलिस के हिरासत में आये 2 युवक

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना पुलिस ने बुधवार-गुरूवार रात आयुर्वेदिक अस्पताल के पास झुग्गी झोपड़ी से देवीलाल और कन्हैयालाल को हिरासत में लिया। उनके पास से देशी शराब के 40 क्वार्टर बरामद होने पर आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया। शहर में शराब प्रतिबंधित होने के बाद भी अवैध शराब का कारोबार काफी बड़ गया है। आये दिन अवैध शराब के मामले सामने आ रहे है। अवैध कारोबार में लगे लोग इंदौर-देवास के रास्ते शहर में शराब लाकर बेच रहे है।

### महंगाई के दौर में सांची ने भी अपने दाम में वृद्धि की

**उज्जैन।** महंगाई के दौर में सांची ने भी अपने दाम में वृद्धि की है। सांची ने अपने दूध के विभिन्न पैक पर 1 रूपए से लेकर 3 रूपए तक की वृद्धि की है। परिवार दूध में मात्र 200 मिलीग्राम में दर पूर्ववत रखी गई है। सांची प्रशासन ने दर वृद्धि को लेकर परिपत्र जारी कर दिया है। शुक्रवार से परिपत्र आधार पर ही पार्लरों पर दूध के दाम उपभोक्ता से वसूले जाएंगे। उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,उज्जैन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से अनुमोदित परिपत्र सहायक महाप्रबंधक विपणन के हस्ताक्षर से जारी किया गया है। इसमें शुक्रवार 15 मई से दर वृद्धि किए जाने की जानकारी दी गई है। उपभोक्ता को नवीन दर की प्रिंट के साथ ही दूध मिलना तय किया गया है।

जारी परिपत्र के अनुसार हाई फैट गोल्ड एक लीटर दूध वर्तमान में 67 रूपए में मिल रहा था । इसमें 3 रूपए की दर वृद्धि लागू की गई है। स्टैंडड/ शक्ति एक लीटर 61 से 63 रूपए किया गया है। सांची गाय का दूध 500 मिली लीटर 30 रूपए से बढाकर 31 रूपए किया गया है। टीएम / ताजा एक लीटर 55 रूपए से बढाकर 57 रूपए किया गया है। डीटीएम /स्मार्ट दूध 500 मिलीलीटर पर 26 से बढाकर 27 रूपए किया गया है। इसका 200 मिली पूर्ववत दर 10 रूपए ही रखी गई है। चाह दूध प्रति लीटर 60 रूपए से 62 रूपए किया गया है। परिवार दूध 500 मिली पर एक रूपए की वृद्धि के साथ 24 रूपए किया गया है। इसके 200 मिली में कोई दर वृद्धि नहीं की गई है। चाय स्पेशल दूध एक लीटर में 2 रूपए की दर वृद्धि करते हुए 54 से 56 रूपए किया गया है।

# पूरा हुआ ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स का पहला चरण




**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 की सुरक्षा-व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन को लेकर 21 दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का पहला चरण गुरूवार को पूरा हो गया। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागी पुलिस कर्मियों को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पुलिस सामुदायिक भवन में 21 दिन पहले प्रदेश पुलिस के मुखिया (डीजीपी) कैलाश मकवाना द्वारा सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर सुरक्षा-व्यवस्था के साथ भीड़ प्रबंधन, आपदा प्रबंधन को लेकर ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का शुभारंभ किया था। 21 दिनों तक प्रदेश वरिष्ठ और सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा अपने पुराने अनुभवों के साथ प्रतिभागियों 116 पुलिसकर्मियों को फील्ड पर भौलोगिक स्थिति का अवलोकन कराया और आधुनिक पुलिसिंग, भी? प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता विकास और सिंहस्थ-2028 जैसे विशाल धार्मिक आयोजन को सफल बनाने का प्रशिक्षण दिया। अभियान का प्रथम चरण पूरा होने पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक इंटेलिजेंस साई मनोहर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंव पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन झोन राकेश गुप्ता, पुलिस उपमहानिरीक्षक भोपाल रूचिवर्धन, पुलिस उपमहानिरीक्षक लॉ एंड आर्डर तरूण नायक, पुलिस उपमहानिरीक्षक उज्जैन नवनीत भसीन, पुलिस अधीक्षक उज्जैन प्रदीप शर्मा और पुलिस अधीक्षक पीटीएस उज्जैन मनीषा पाठक की मौजदूगी में सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अभियान में शामिल होने वाले प्रतिभागी अब अपने-अपने जिलों में जाकर बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने एवं सीखी गई तकनीकों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिये पुलिसकर्मियों को प्रेरित करेगें।


## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

श्री विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) कोड 456010
सम्पर्क:-0734-3510343, ईमेल-udaujjain@gmail.com वेबसाईट www.udaujjain.org

क्रमांक-72/26 दिनांक 14/5/26

**// भू-स्वामी अधिकार अन्तर्गत निवर्तन हेतु विज्ञप्ति //**

उज्जैन विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं की सम्पत्तियों भूस्वामी अधिकार के तहत मध्यप्रदेश विकास प्राधिकरणों की सम्पत्तियों का प्रबंधन तथा व्ययन नियम, 2018 के नियम एवं संशोधित नियम दिनांक 08.04.2021 के अनुसार ऑनलाईन पद्धति पर निविदा (बोली के आधार पर) आमंत्रित की जाती है। किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5,000/- एवं जीएसटी 900/- कुल रूपये 5900/- निर्धारित है जो कि ऑनलाईन जमा होगी जो वापसी योग्य नहीं होगी।

**वीर सावरकर योजना में निर्मित 12 डुप्लेक्स भवनों में से रिक्त 01 भवन**

| क्र | सम्पत्ति का विवरण | भूखण्ड साइज/क्षेत्रफल (वर्ग मी) | निर्मित क्षेत्रफल (वर्ग मी) | आरक्षण श्रेणी | आरक्षित कीमत (रू) | प्रतिभूति राशि 10% (रू) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1/47 | 64.80 | 99.00 | सामान्य | 28,22,886 | 2,82,289 |

**पं. दीनदयाल उपाध्याय शॉपिंग काम्पलेक्स योजना में रिक्त 01 आफिस / चेम्बर**

| क्र | सम्पत्ति का विवरण | क्षेत्रफल (वर्ग मी) | आरक्षण श्रेणी | कुल लागत (रू) | प्रतिभूति राशि 10% (रू) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी-119 प्रथम तल | 17.00 | सामान्य | 13,19,200 | 1,31,920 |

**प्रगति नगर योजना में आवासीय उपयोग के रिक्त भवन**

| क्र | सम्पत्ति का विवरण | क्षेत्रफल (वर्ग मी) | आरक्षण श्रेणी | कुल लागत (रू) | प्रतिभूति राशि 10% (रू) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11/22 LIG प्रगति नगर | 76.80 | सामान्य | 23,81,960 | 2,38,196 |
| 2 | 11/10 LIG प्रगति नगर | 76.80 | सामान्य | 23,81,960 | 2,38,196 |

**ऋषि नगर अनुपुरक योजना के अंतर्गत 1 भुखण्ड**

| क्र | सम्पत्ति का विवरण | क्षेत्रफल (वर्ग मी) | आरक्षण श्रेणी | आरक्षित कीमत (रू) | आरक्षित दर/वर्ग मी | प्रतिभूति राशि 10% (रू) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी-32/6 | 293.75 | सामान्य | 1,16,58,938 | 39,690 | 10,00,000 |

**एकात्म परिसर (क्षिप्रा विहार) में निर्मित 3 भवन**

| क्र | सम्पत्ति विवरण | साइज एवं क्षेत्रफल | निर्मित क्षेत्रफल | आरक्षण श्रेणी | आरक्षित कीमत | प्रतिभूति राशि 10% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4/14 | 5X12m = 60.00 sq m | 75.00 sq m | सेना अधिकारी / भूतपूर्व अधिकारी | 36.04 लाख | 3,60,435 |
| 2 | 4/16 | 5X12m = 60.00 sq m | 75.00 sq m | अनुसूचित जनजाति महिला | 36.04 लाख | 3,60,435 |
| 3 | 4/17 | 5X12m = 60.00 sq m | 75.00 sq m | अनुसूचित जनजाति महिला | 36.04 लाख | 3,60,435 |

**समय-सारणी**

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन पंजीयन प्रारम्भ दिनांक एवं समय | 15.05.2026 समय प्रातः 10.00 बजे से |
| ऑनलाईन पंजीयन अंतिम दिनांक एवं समय | 25.05.2026 समय सायं 5.00 बजे तक |
| ऑनलाईन बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 26.05.2026 समय दोपहर 5.00 बजे |
| वित्तीय निविदा खोलने की प्रक्रिया प्रारंभ दिनांक | 28.05.2026 समय दोपहर 3.00 बजे |

भू-स्वामी अधिकार के अन्तर्गत संपत्तियों के पंजीयन हेतु विज्ञप्ति जारी की जाती हैं। पंजीयन की स्वीकृति होने पर ही नियमानुसार शेष मांग राशियां जमा करवाना होगी।

उक्त संपत्तियों के पंजीयन की विज्ञप्ति की प्रति प्राधिकरण की वेब साईट www.udaujjain.org पर एवं http://Vikaspradhikaran.mponline.gov.in पर देखें। विज्ञप्ति में किसी भी प्रकार के संशोधन वेवसाईट पर ही जारी किए जाएंगे। निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु उ.वि.प्रा. उज्जैन के सम्पदा शाखा में अवकाश दिवस को छोड़कर कार्यालयीन समय पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**नोट -** 1. शपथ-पत्र में सत्यापन अवश्य करवाएं।

**सम्पदा अधिकारी**

# क्रोध का निवारण



बुद्ध एक बार किसी गांव के पास से निकल रहे थे। उस गांव के लोग उनके शत्रु थे। हमेशा ही जो भले लोग हैं, उनके हम शत्रु होते हैं। उस गांव के लोग भी हम जैसे ही होंगे। गांव वालों ने उन्हें घेर लिया। उनका बहुत अपमान किया, उन्हें बहुत गालियां दीं। गांव वालों के अपशब्द, उनकी गालियां सुनने के बाद उनसे कहा, आप सबकी बात पूरी हो गई हो, तो मैं जाऊं, मुझे दूसरे गांव जल्दी पहुंचना है। वे लोग थोड़े हैरान हुए। बुद्ध ने उनसे कहा– आप सबने थोड़ी देर कर दी। अगर आप दस वर्ष पहले आए होते, तो मजा ही आ गया होता। हम भी गालियां देते, हम भी क्रोधित होते। थोड़ा रस आता, मगर आप लोग देर करके आए हो। अब मैं उस जगह हूं, जहां आपकी गाली लेने में असमर्थ हूं। आपने गालियां दीं, वह तो ठीक, लेकिन आपके देने से ही क्या होता है? मुझे भी तो उसमें भागीदार होना चाहिए। मैं उसे लूं, तभी तो उसका कोई परिणाम हो सकता है। मैं आपकी गाली नहीं ले सकता, क्योंकि कोई पागल ही गाली ले सकता है। अभी मैं जिस गांव से निकला हूं, वहां के लोग मेरे लिए मिठाइयां लाए थे। मैंने उनसे कहा, मेरा पेट भरा हुआ है, तो वे मिठाइयां वापस ले गए। जब मैं नहीं लूंगा, तो वे मुझे कैसे दे जाएंगे?

बुद्ध ने गांव वालों से पूछा, वे लोग मिठाइयां ले गए होंगे, तो उन्होंने क्या किया होगा? भीड़ में से एक आदमी ने कहा– बच्चों को बांट दिया होगा या परिवार में दे दिए होंगे। बुद्ध ने कहा– मित्रो, अब आप लोग बड़ी मुश्किल में पड़ गए। आपकी गालियां मैं नहीं ले रहा। अब आप लोग क्या करोगे? घर ले जाओगे या आपस में बांटोगे? मुझे आप सब पर दया आ रही, क्योंकि मैं गालियां लूंगा नहीं, तो क्रोध आएगा ही नहीं। आंखें रहते हुए मैं कैसे कांटों पर चलूं? होश में रहते हुए मैं क्यों क्रोधित हो जाऊं? मुझे क्षमा करो। आप लोग गलत आदमी के पास आ गए। जाने दीजिए, मुझे दूसरे गांव जाना है। जाहिर है, गांव के लोग भला कैसे निराश नहीं होते? बुद्ध ने क्या कहा... यह बुद्ध भीतर से जाग गया है, इसलिए क्रोध अब नहीं है। भीतर आत्मा जागृत हो, तो नीति वैसे ही चली आती है, जैसे आदमी के पीछे–पीछे छाया चली आती है। वैसे ही, नैतिकता धर्म के पीछे चली आती है। अपने आप, अनिवार्य रूप से। वह तो अपरिहार्य है, यह तो आएगी। इसे लाने का सवाल नहीं है। हम हजारों वर्ष से आदमी को नैतिकता लाने के लिए समझा रहे हैं, इसलिए नैतिकता नहीं आ पाई। आया है पाखंड और पागलपन। नैतिकता धर्म तक नहीं ले जाती, धर्म नैतिकता को ले आता है। धर्म की सुगंध है नीति। भीतर धर्म का फूल खिलता है, तो आचरण में सुगंध फैल जाती है। तब क्रोध मिटाना नहीं पड़ता, क्योंकि वह पाया ही नहीं जाता।

**सम्पादकीय**

## किफायत की तैयारी

पश्चिम एशिया में तनाव की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ने लगा है। सरकार ने इस दबाव को घटाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। केंद्र सरकार ने सोने और चांदी समेत कई कीमती धातुओं के आयात पर सीमा शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। इस कदम से सोने के आयात पर कुछ लगाम लगेगी और साथ ही, देश में सोने की खरीद भी घटेगी। अभी यह बताना संभव नहीं है कि प्रधानमंत्री की अपील के बाद सोने की खरीद कितनी घटी है, लेकिन सोने की कीमत बढ़ती मालूम पड़ रही है। विशेषज्ञों ने अनुमान लगा लिया है कि सोने के भाव में वृद्धि होगी। इसी क्रम में बुधवार को वायदा कारोबार में सोने की कीमत 9.723 रुपये बढ़कर 1.63 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी की कीमत भी बढ़ने लगी है और यह तीन लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार बनी रहे, तो अचरज नहीं। कई लोग मान रहे हैं कि सोना न खरीदने की अपील हुई है, चांदी खरीदने से नहीं रोका गया है। आशंका है, सोने का भाव भले ठहर जाए, पर चांदी में तेजी रहेगी।

बहरहाल, सरकार को उम्मीद है कि सोने पर आयात शुल्क से लाभ हो सकता है। ऐसा पहले भी हुआ है, मगर मात्र इस उपाय से पूरी अर्थव्यवस्था को राहत नहीं मिलने वाली। सरकार को स्थितियों को संभालने के लिए अनेक कदम उठाने पड़ेंगे और वह क्रमवार फैसले लेने की तैयारी में दिख रही है। वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने, विदेशी मुद्रा बचाने और गैर-जरूरी आयात को नियंत्रित करने के उद्देश्य से कदम उठाने की जरूरत है। अभी तक पश्चिम एशिया के संकट का आम लोगों पर बहुत ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा है। रसोई गैस की कीमत और किल्लत से देश का एक वर्ग अवश्य प्रभावित हुआ, पर ज्यादातर भारतीयों की जिंदगी सामान्य चल रही है। प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की अपील से यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं कि संयम की तैयारी सभी को कर लेनी चाहिए। यहां यह उम्मीद जरूर की जा सकती है कि सरकार अचानक से कोई कड़ा फैसला न ले। कड़े फैसले भी क्रमवार लेने चाहिए। एक ह्यन्यू नॉर्मलह्न कोरोना–लॉकडाउन से गुजरते हुए बहुत मुश्किल से बना था, पर लॉकडाउन जैसी परेशानियां फिर नहीं खड़ी होनी चाहिए। तब लॉकडाउन की वजह से वर्ष 2021, 2022 और 2023 में भारतीय सकल घरेलू उत्पाद में 12 प्रतिशत की कमी आई थी। बड़े पैमाने पर नौकरी गई थी।

### पारदर्शिता के नाम पर बार-बार टूटता भरोसा, और सुधार की अनिवार्य चुनौती

# नीट संकट और परीक्षा-व्यवस्था की विश्वसनीयता

भारत की प्रतियोगी परीक्षा-व्यवस्था केवल प्रवेश की प्रक्रिया नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, अवसर और प्रतिभा-परीक्षण का आधार है। जब राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानी नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षा को लेकर अनियमितता, संदिग्धता या रद्दीकरण की स्थिति बनती है, तो केवल एक परीक्षा प्रभावित नहीं होती, बल्कि लाखों विद्यार्थियों का भरोसा, समय और मानसिक संतुलन भी टूटता है। परीक्षा किसी तकनीकी आयोजन भर का नाम नहीं है; यह उस भरोसे का प्रतीक है जिसमें राज्य यह सुनिश्चित करता है कि परिश्रम, योग्यता और तैयारी का उचित मूल्य मिलेगा। इसलिए परीक्षा-प्रणाली की विश्वसनीयता किसी भी लोकतांत्रिक शिक्षा-व्यवस्था की रीढ़ होती है।



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

नीट जैसे मामलों में सबसे चिंताजनक तथ्य केवल यह नहीं कि कोई एक घटना घट गई, बल्कि यह है कि ऐसी घटनाएँ बार-बार क्यों सामने आती हैं। जब कोई राष्ट्रीय परीक्षा संदेह के घेरे में आती है, तो पूरा सार्वजनिक विश्वास डगमगाने लगता है। विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक, कोचिंग संस्थान और प्रशासन–सभी एक ऐसे प्रश्न से जूझते हैं जिसका उत्तर केवल प्रेस विज्ञप्तियों से नहीं मिल सकता। प्रश्न यह है कि क्या हमारी परीक्षा-व्यवस्था वास्तव में इतनी मजबूत है कि वह पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुरक्षा–तीनों मोर्चों पर एक साथ टिक सके? यदि नहीं, तो समस्या केवल एक परीक्षा की नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की है।

परीक्षा-व्यवस्था का संकट अचानक पैदा नहीं होता। यह उन छोटी-छोटी कमजोरियों से बनता है जिन्हें समय रहते ठीक नहीं किया जाता। प्रश्नपत्र निर्माण की प्रक्रिया, गोपनीय सामग्री का संरक्षण, लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट, परीक्षा केंद्रों की निगरानी, तकनीकी सत्यापन, पहचान-प्रक्रिया और उत्तर-पत्रों की हैंडलिंग–इन सभी स्तरों पर यदि एक भी कड़ी कमजोर हो जाए, तो पूरी व्यवस्था संदेह के घेरे में आ सकती है। आधुनिक समय में परीक्षा केवल कागज और कलम का आयोजन नहीं रह गई है; वह सूचना, सुरक्षा और नियंत्रण के अत्यंत जटिल नेटवर्क से जुड़ी प्रणाली बन चुकी है। इसलिए किसी भी स्तर पर हुई लापरवाही का सीधा प्रभाव छात्रों के भविष्य पर पड़ता है।

यह भी समझना होगा कि परीक्षा-प्रणाली में भरोसा केवल पारदर्शिता से नहीं बनता, बल्कि निरंतरता से बनता है। यदि विद्यार्थी को यह आश्वासन न हो कि उसकी मेहनत का मूल्य स्थिर और सुरक्षित है, तो उसकी तैयारी अनिश्चितता में बदल जाती है। एक ईमानदार छात्र परीक्षा केंद्र तक पहुँचने से पहले ही मन में कई प्रश्न लेकर आता है–क्या प्रश्नपत्र सुरक्षित रहेगा? क्या कोई अनुचित लाभ नहीं ले जाएगा? क्या पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष होगी? जब ऐसे प्रश्न सामान्य हो जाएँ, तब समझ लेना चाहिए कि संकट केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि नैतिक भी है। शिक्षा का मूल उद्देश्य अवसर की समानता है, और यदि वही कमजोर पड़ जाए, तो व्यवस्था अपने उद्देश्य से भटक जाती है।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा जैसी परीक्षा में यह चिंता और अधिक गंभीर हो जाती है, क्योंकि यह केवल एक पेशेवर प्रवेश-परीक्षा नहीं, बल्कि लाखों परिवारों के सामाजिक-आर्थिक सपनों का केंद्र है। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र, निम्न-मध्यम वर्ग के अभ्यर्थी और छोटे शहरों के युवा सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी योग्यता के बल पर आगे बढ़ने का सपना देखते हैं। लेकिन जब परीक्षा की शुचिता पर प्रश्न उठते हैं, तब सबसे अधिक नुकसान इन्हीं विद्यार्थियों का होता है। जिनके पास प्रभाव, संसाधन या नेटवर्क है, वे कई बार व्यवस्था की कमजोरियों से निकल जाते हैं; पर जिनके पास केवल मेहनत है, वे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। इसलिए परीक्षा की पारदर्शिता केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का भी प्रश्न है।

परीक्षा-व्यवस्था का संकट विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डालता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पहले ही अत्यधिक तनावपूर्ण होती है। छात्र लंबे समय तक कठोर अनुशासन, सीमित सामाजिक जीवन, पारिवारिक अपेक्षाओं और भविष्य की अनिश्चितता के बीच रहते हैं। जब ऐसी स्थिति में परीक्षा का भविष्य ही संदिग्ध हो जाए, तो मानसिक दबाव कई गुना बढ़ जाता है। कुछ विद्यार्थी हताश हो जाते हैं, कुछ अपनी रणनीति बार-बार बदलते हैं, और कुछ गहरे अवसाद में भी चले जाते हैं। इसलिए परीक्षा-प्रशासन को यह समझना चाहिए कि वह केवल तिथियाँ घोषित करने या केंद्र स्थापित करने का काम नहीं कर रहा, बल्कि युवाओं के भविष्य का भरोसा संभाल रहा है। डिजिटल युग ने परीक्षा-प्रशासन को सुविधाएँ भी दी हैं और नई चुनौतियाँ भी। ऑनलाइन पंजीकरण, डिजिटल पहचान, सीसीटीवी निगरानी, एन्क्रिप्टेड डेटा और केंद्रीकृत नियंत्रण जैसी व्यवस्थाओं ने परीक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाया है। लेकिन इसी के साथ तकनीकी जोखिम भी बढ़े हैं। डेटा लीक, सॉफ्टवेयर में छेड़छाड़, आंतरिक मिलीभगत, साइबर घुसपैठ और गलत सूचना का प्रसार–ये सभी नई चुनौतियाँ बनकर सामने आए हैं। इसलिए केवल तकनीक अपनाना पर्याप्त नहीं है; उसकी सुरक्षा, ऑडिट और जवाबदेही भी उतनी ही मजबूत होनी चाहिए। यदि तकनीक ही कमजोर हो जाए, तो पारदर्शिता का दावा खोखला साबित होगा।

परीक्षा-व्यवस्था में सुधार के लिए सबसे पहले जवाबदेही तय करनी होगी। जब कोई परीक्षा विवाद में आती है, तो अक्सर ध्यान केवल घटना पर केंद्रित रहता है। लेकिन असली प्रश्न यह है कि उस घटना की अनुमति किसकी लापरवाही से मिली। परीक्षा-आयोजक संस्था, संबंधित मंत्रालय, सुरक्षा एजेंसियाँ, केंद्र-स्तरीय अधिकारी और स्थानीय प्रशासन–सभी की भूमिका की समीक्षा आवश्यक है। जवाबदेही का अर्थ केवल किसी एक अधिकारी को हटाना नहीं, बल्कि पूरे ढाँचे का पुनर्मूल्यांकन करना है। यदि दोषी पकड़े नहीं जाते, प्रक्रिया की कमियाँ सार्वजनिक नहीं होतीं और सुधारात्मक कदम नहीं उठाए जाते, तो हर बार वही संकट दोहराया जाएगा।

दूसरी आवश्यकता स्वतंत्र और समयबद्ध ऑडिट की है। प्रश्नपत्र निर्माण से लेकर परीक्षा-समापन तक हर चरण का सुरक्षित रिकॉर्ड होना चाहिए। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तत्काल जांच संभव हो, इसके लिए ऐसा तंत्र चाहिए जो पारदर्शी भी हो और तेज भी। साथ ही परीक्षा-प्रबंधन में बहुस्तरीय निगरानी व्यवस्था विकसित करनी होगी, जहाँ कोई एक व्यक्ति या विभाग पूरी प्रक्रिया पर एकाधिकार न रखे। नियंत्रण का विकेंद्रीकरण और निगरानी का केंद्रीकरण–यही संतुलन सुरक्षित परीक्षा-तंत्र की आधारशिला बन सकता है।

## सूखी आँखों का गीला दर्शन

सेकंड क्लास के स्लीपर कोच में प्रवेश करते ही ऐसा लगता है मानो हम भारतीय रेल के डिब्बे में नहीं, बल्कि कलयुग के उस चिड़ियाघर में आ गए हैं जहाँ पिंजरे के अंदर और बाहर, दोनों तरफ जानवर ही रहते हैं। यहाँ की हवा में पसीने, अचार और गरीबी की एक ऐसी त्रिकोणीय गंध होती है जिसे सूंघते ही नासिका छिद्रों को मोक्ष प्राप्त हो जाता है। बर्थ पर बैठे यात्री ऐसे चौकन्ने रहते हैं मानो उन्होंने अटैची में कोहिनूर हीरा छिपा रखा हो, जबकि हकीकत में उसमें सिर्फ फटी हुई बनियानें और घर से लाया गया कड़ा पराठा होता है। तभी डिब्बे के दरवाजे पर एक ऐसा प्राणी प्रकट होता है जिसकी देह पर कपड़े कम और इतिहास के घाव ज्यादा होते हैं। वह खंजरी बजाता है और आवाज लगाता है– ₹ए बाबू! हमार पेट नाहीं, ई तौ कुआँ होय, जेमा जेत्ता डालौ सब कम लागै। दे दऽ माई, तोहार लड़का जुग-जुग जिए!₹ उसकी आवाज में वह मिठास है जो केवल उन लोगों के पास होती है जिन्होंने चीनी खरीदने की औकात बहुत पहले खो दी है। वह खंजरी ऐसे बजाता है जैसे ट्रेन के पहिए उसके ताल पर ही घूम रहे हों और यात्री अपनी जेबें ऐसे दबाते हैं मानो वह भिखारी नहीं, आयकर विभाग का कोई छापा मार दस्ता हो।

थोड़ी देर में एक दूसरा कलाकार अवतरित होता है, जो पूरी तरह से भगवान के नाम पर डराता है। उसने गले में भगवानों की एक पूरी कैबिनेट लटका रखी है। वह अवधी और भोजपुरी के मिश्रण में श्राप और आशीर्वाद का ऐसा कॉकटेल परोसता है कि नास्तिक भी डर के मारे जेब में हाथ डाल देता है। अरे साहेब, हमका का देखत हौ? हम तौ तोहरे पाप काटै आए अही। जे देई ओकरो भला, जे ना देई ओकरो बिटिया का बियाह न होई! यह सुनते ही शादी के लायक बच्चों के माात-पिताओं के माथे पर पसीना आ जाता है। वह एक अंधे भिखारी का हाथ पकड़े है, जो दरअसल इतना अंधा है कि वह सुंदर लड़कियों के सामने आते ही अपनी आँखों की पुतलियाँ कुछ ज्यादा ही तेजी से नचाने लगता है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 15 मई 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 05:50 सूर्यास्त 18:57
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - त्रयोदशी 08:31 उपरांत चतुर्दशी 05:21 उपरांत अमावस्या
नक्षत्र - अश्विनी 20:15 उपरांत भरणी
योग - आयुष्मान 14:20 उपरांत सौभाग्य
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मेष में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 27 तारिख

**मेष-** नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। व्यवसाय अच्छा चलेगा।

**वृषभ-** परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है।

**मिथुन-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क-** क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुःखद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी।

**सिंह-** व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं। परिवार में कलह-का माहौल रह सकता है।

**कन्या-** मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा।

**तुला-** जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक-** अभिष्ट कार्य की सिद्धि के योग हैं। उलझनों से मुक्ति मिलेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे।

**धनु-** कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। आर्थिक प्रगति में रुकावट आ सकती है।

**मकर-** मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे।

**कुंभ-** धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। सगे-संबंधी मिलेंगे।

**मीन-** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**व्यंग्य**

## वोट और नोट

वोट और नोट का रिश्ता शब्दातीत है। वोट मिले तो नोट मिलते है । वोट देते है तो भी नोट मिलते है।खोट नोट में हो कि वोट में, खोट खोट नहीं कहलाती। चोट नोट की हो या वोट की,चोट चोट नहीं रह जाती। हो नियत की खोट या दिल की चोट ,वोट और नोट हर चोट का कोट बन जाते है।जिसमें सब छिप जाता है और जो दिखता है वो होता है जनता जनार्दन का सपोर्ट । जब जन सपोर्ट है तो वोट है और वोट है तो कुर्सी है कुर्सी है तो नोट है। नोट है तो वोट है। वोट है तो नोट है। कितनी भी कोशिश कर ले। नोट और वोट पे कितने ही लठ्ठ मार ले। क्या कभी कोई पानी को अलग अलग कर पाया है ? वोट और नोट के सामने आउट ऑफ डेटेड मानवतावादी का सारा डिक्शन दंड पेलता हुआ दिखाई देता है । सत्य के साथ किए गए सारे प्रयोग असत्य के एंबेसडर बन गए है। वोट अखरोट है सहज टूटते नहीं। टूटते हैं तभी जब उन पे कोई भारी चोट पड़ती है ।एक बार टूट भर जाए फिर तो तोड़ने वालों की राजनैतिक सेहत के लिए अत्यंत ही गुणकारी और लाभकारी सिद्ध होते है । वोट का क्या? वोट तो वोट है। बैलेट बॉक्स से लेकर ई वी एम तक वोट तो चौबीस कैरेट का खरा सोना रहा है। खोट तो बैलेट बॉक्स या ई वी एम के रिमोट में रही है। बैलेट बॉक्स के सतयुग में सारा खोटा काम मैनुअली हुआ करता था । ये वो काल था जब बाहुबल, नेताओं के छल बल के सम्मुख दंडवत था ।फिर आया नेट का युग तब तक बाहुबल नेताओं के छल बल से सुशोभित हो चुका था ।वो वोट भी हो गया था, रिमोट भी हो गया था ,और रिमोट को नियंत्रण करने वाला हाथ भी हो गया था। अब तो बात ही कुछ और है सारे अंपायर भी खिलाड़ी बन चुके हैं क्या चिलगोंजे क्या काजू क्या अखरोट।



कमलेश कंवल
(दैनिक अवन्तिका)

वोट का सबसे बड़ा लाभार्थी वोटर तो बैलेट बॉक्स के युग में भी साड़ी शराब और नोट का मुरीद था ।हां ये जरूर था कि उसका ईमान धरम जरूर ज़िंदा था। क्या मजाल कि विश्वाश घात करे। एक बार साड़ी शराब नोट ले लिया तो ले लिया फिर जिससे लिया वोट भी उसको ही दिया ।आज के वोटर जैसा नहीं कि नेताओं को बोलना पड़े कि नमक हरामों ! लाभ हमारी योजनाओं का उठाते हो और वोट किसी और को दे आते हो ।उस काल में गरीब सरकारों को आज के जैसी सीधे मतदाता के खातों में पैसे डालने की सुविधा कहां मिली हुई थी। वो तो बापड़े कत्ल की रात को प्रशासन की फुफकार से बचते बचाते, छिपते छिपाते रात रात भर गांव दर गांव मोटर साइकिलों का शोर इतना ज्यादा फैला देते थे कि मजाल है कि किसी वोटर की एक घड़ी के लिए भी आंख लग जाए। वोटर भी आंखे फाड़ फाड़ के जगता रहता था कि कहीं ऐसा न हो कि वो सोते ही रह जाए और चुनावी सेंटा दरवाजे से ही लौट जाए।

नोट की पुराण भी कुछ कम सनसनीखेज नहीं है। मोहरे नोट के पुरखे हुआ करते थे जो राजा की सनक से सनसनाते थे अपनी झक से झकास चलते थे। यथा राजा तथा मोहरे। आजादी मिलते ही इन मोहरों को गांधी छाप कागजों ने खा लिया और खुद देश पे कुंडली मार के बैठ गए। लक्ष्मी प्रेमी इस बात को लेकर बड़े कुंठित है कि जब लक्ष्मी बम हो सकते है तो लक्ष्मी छाप नोट क्यों नहीं हो सकते।गांधी को रात दिन गरियाने वाले ये लक्ष्मी प्रेमी नोट पे चिपके गांधी से ऐसे चिपके रहते है कि कह उठते हैं नोट काले हो या सफेद, नोट नोट होता है।यदि अपना हो तो। दूसरों के काले नोट तो ठीक। उनके सफेद नोट भी काले करने की कुछ सरकारी मशीनें ईजाद की जा चुकी है जो यूं तो रात दिन लक्ष्य प्राप्त करने के पवित्र कार्य में जुटी रहती है लेकिन देश की किसी भी क्षेत्र में चुनाव पर्व के आते ही चार गुने उत्साह से सक्रिय हो जाती है। बेचारे नोटों को तो कही भी छिपने की जगह नहीं मिलती। न कार में न हेलीकॉप्टर में पर हां यदि नोटों में सत्ता के पहिए लगे हो तो वो अपने लक्ष्य तक पहुंचे बिना कभी रुकती नहीं है। नोट की ओट सर्वोपरि है।

# सपनों की उड़ान अकेले नहीं, परिवार के पंखों से ऊँची होती है

**[प्रसंगवशः 15 मई – अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस]**

टूटते रिश्तों की खामोशी जब जीवन में फैलती है, तो हर दिशा सूनी और अर्थहीन लगने लगती है। इंसान जीता तो है, पर भीतर से खाली हो जाता है। 15 मई, अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस, इसी सच को उजागर करता है कि परिवार ही वह अटूट आधार है, जो हमें स्थिरता देता है, कठिन समय में संभालता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा बनता है। यह दिन केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की जड़ों को मजबूत करने का आह्वान है। 1993 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसकी घोषणा का उद्देश्य भी यही था–परिवार बिखरा, तो समाज का संतुलन डगमगा जाएगा। आज बढ़ती असमानताओं के दौर में यह दिवस हमें चेताता है कि परिवार ही वह सुदृढ़ कवच है, जो बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखता है।



कृति आरके जैन,
(दैनिक अवन्तिका)

परिवार की संरचना सदियों से बदल रही है, लेकिन उसका मूल मर्म आज भी प्रेम, सहयोग और जिम्मेदारी ही है। 1980 के दशक से संयुक्त राष्ट्र ने पारिवारिक मुद्दों पर ध्यान दिया, जिसके चलते 1994 से यह दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन परिवारों को प्रभावित करने वाली सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय चुनौतियों की याद दिलाता है। आधुनिक युग में न्यूक्लियर परिवार बढ़े हैं, फिर भी संयुक्त परिवार की गर्मजोशी कई संस्कृतियों में बरकरार है। भारत में जहां 'परिवार' शब्द ही संस्कृति का पर्याय है, यह दिवस हमें सिखाता है कि परिवार सिर्फ रक्त के रिश्ते नहीं, बल्कि भावनात्मक बंधन है। 2026 की थीम परिवार, असमानताएँ और बाल कल्याण दर्शाता है कि सशक्त परिवार ही समानता और बच्चों के सुरक्षित भविष्य का मार्ग बनाते हैं।

परिवार व्यक्ति के विकास की पहली पाठशाला है, जहाँ बच्चा भाषा के साथ संस्कार, नैतिकता और संघर्ष की क्षमता सीखता है। शोध बताते हैं कि मजबूत पारिवारिक सहारे वाले बच्चे चुनौतियों का सामना अधिक दृढ़ता से करते हैं। चंद्रयान-3 मिशन के दौरान वैज्ञानिकों के परिवारों ने लगातार समर्थन देकर लंबे कार्यदबाव में उनका मनोबल बनाए रखा–यह परिवार की अदृश्य शक्ति का उदाहरण है। परिवार आत्मविश्वास का आधार है, जो गिरने पर संभालता है और डर में हिम्मत देता है। इसके अभाव में बच्चे अकेलेपन और मानसिक तनाव से जूझ सकते हैं। इसलिए परिवार दिवस हर बच्चे के लिए इस सहारे की आवश्यकता याद दिलाता है।

दौड़ती-भागती आधुनिक जिंदगी ने परिवारों के सामने कई नई चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं। शहरीकरण, काम का दबाव, सोशल मीडिया और आर्थिक असमानताएँ रिश्तों में दूरी बढ़ा रही हैं। कई माता-पिता रोजगार के कारण बच्चों से दूर रहते हैं, जिससे भावनात्मक जुड़ाव कमजोर होता है। बढ़ती विषमताएँ गरीब परिवारों को शिक्षा और स्वास्थ्य से वंचित कर देती हैं। फिर भी कुछ परिवार इन हालात में मजबूत बनकर उभरते हैं। महामारी के दौरान कई परिवारों ने साथ रहकर संकट झेला–बच्चों ने ऑनलाइन पढ़ाई की, माता-पिता ने घर से काम किया। यह दिखाता है कि एकजुट परिवार कठिन समय में बड़ी शक्ति बनता है। परिवार टूटने से समाज में अपराध, अवसाद और अस्थिरता बढ़ती है, जो विकास को भी प्रभावित करती है।

राष्ट्र की नींव परिवारों पर ही टिकी होती है। सशक्त परिवार जिम्मेदार नागरिक गढ़ते हैं, जो देश के विकास में योगदान देते हैं। आर्थिक रूप से परिवार उपभोक्ता बनकर बाजार को गति देते हैं और मानव संसाधन भी तैयार करते हैं।

**धर्म-आस्था**

# एकांत में गढ़ता है चरित्र, भीड़ केवल सम्मान देती है

भारतीय जीवनदर्शन में रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन के व्यवहार, धैर्य, मर्यादा और आत्मानुशासन का गहरा मनोवैज्ञानिक दस्तावेज है। यह हमें केवल युद्ध की कथा नहीं सुनाती, बल्कि यह सिखाती है कि मनुष्य का वास्तविक चरित्र उस समय प्रकट होता है, जब उसके सामने कोई दर्शक नहीं होता। जब जीवन के कक्ष में न तालियाँ होती हैं, न प्रशंसा, न मंच और न ही कोई पुरस्कार।

आज का समय प्रदर्शन का समय बन चुका है। लोग अपने हर कार्य का प्रमाण समाज से चाहते हैं। सेवा भी दिखाई देनी चाहिए, त्याग भी सराहा जाना चाहिए और संघर्ष भी सार्वजनिक होना चाहिए। लेकिन रामायण का संदेश बिल्कुल अलग है। वह कहती है कि महानता का निर्माण भीड़ में नहीं, बल्कि एकांत में होता है।

भगवान राम का चौदह वर्षों का वनवास केवल राजनीतिक परिस्थितियों का परिणाम नहीं था। वह चरित्र की सबसे बड़ी परीक्षा थी। राजमहल छोड़कर वन में जाना, राजसत्ता से दूर रहना, कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और संतुलन बनाए रखना – यह बताता है कि सिद्धांत केवल सुविधा के समय निभाने की वस्तु नहीं होते। जब कोई देखने वाला नहीं था, तब भी राम ने मयार्दा नहीं छोड़ी। यही वास्तविक आत्मानुशासन है।

लक्ष्मण का जीवन और भी गहरा संदेश देता है। उन्होंने कभी राज्य नहीं माँगा, श्रेय नहीं माँगा, पहचान नहीं माँगी। उनका पूरा जीवन सेवा, सजगता और समर्पण में बीता। आज के समय में जहाँ हर व्यक्ति



तत्काल मान्यता चाहता है, वहाँ लक्ष्मण यह सिखाते हैं कि सच्ची निष्ठा मौन होती है। महानता शोर नहीं करती।

इसी प्रकार सीता का अशोक वाटिका में बिताया गया समय आंतरिक शक्ति का सर्वोच्च उदाहरण है। परिस्थितियाँ प्रतिकूल थीं, अकेलापन था, अपमान था, भय था, लेकिन उन्होंने अपने मूल्यों से समझौता नहीं किया। यही चरित्र की वास्तविक पहचान है – जब टूट जाना आसान हो और फिर भी मनुष्य अपने सत्य पर अडिग रहे।

हनुमान का व्यक्तित्व विनम्र नेतृत्व का आदर्श प्रस्तुत करता है। लंका दहन जैसी महान घटना के बाद भी उन्होंने स्वयं को केंद्र नहीं बनाया। उन्होंने हर उपलब्धि को रामकाज कहा। आज के दौर में जहाँ छोटी सफलता भी आत्मप्रचार का माध्यम बन जाती है, वहाँ हनुमान का यह भाव सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व अहंकार से नहीं, समर्पण से जन्म लेता है।

वर्तमान समय का खाली कक्ष भी अलग नहीं है। जब आपकी मेहनत को कोई नहीं देखता, जब आपके प्रयासों की सराहना नहीं होती, जब सोशल मीडिया पर प्रशंसा नहीं मिलती, जब परिवार या समाज आपके संघर्ष को समझ नहीं पाता – वही क्षण आपके व्यक्तित्व को आकार देते हैं।

रामायण हमें बताती है कि भीड़ में किया गया प्रदर्शन क्षणिक हो सकता है, लेकिन एकांत में निभाया गया धर्म स्थायी होता है। जो व्यक्ति अकेले में भी ईमानदार रहता है, वही समाज के बीच सम्मान प्राप्त करता है।

आज आवश्यकता इस बात की नहीं कि हम केवल रामायण का पाठ करें, बल्कि उसके जीवन सूत्रों को व्यवहार में उतारें। क्योंकि जीवन की सबसे बड़ी परीक्षा वही होती है, जहाँ कोई परीक्षक दिखाई नहीं देता।

सच तो यह है कि इतिहास में दर्ज होने वाली हर महानता पहले एकांत में तपती है, संघर्षों में निखरती है और फिर समाज के लिए प्रेरणा बनती है। इसलिए यदि जीवन का वर्तमान समय शांत, अनदेखा और अप्रशंसित है, तो निराश होने की आवश्यकता नहीं। संभव है, यही वह समय हो जब आपका चरित्र भीतर से मजबूत बन रहा हो।

रामायण का सबसे बड़ा संदेश शायद यही है –
एकांत में निभाई गई मर्यादा ही अंततः जीवन को महान बनाती है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति और एलआर आलू 400 से 900 रुपए क्विंटल बिके जबकि कुछ अच्छे लॉट 1000 रुपए तक पहुंचे। आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1400-3400 मसूर- 6530-6700, चना शरबती- 3791, चना देशी- 5101-5750, डालर-3461-8000, मटर- 1100-3176, उड़द- 7501, सोयाबीन- 2651-7676, मैथीदाना- 2601-5580, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,57,000 रवा- 1,56,500 चांदी-टंच- 2,72,000 पाट- 2,71,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## द वर्धमान हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



**खाचरौद।** द वर्धमान हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, खाचरौद का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के छात्र उमेश पाटीदार, प्रियानी जैन, राफिया अहमद एवं अल्फेज मंसूरी का परीक्षा परिणाम विशेष रूप से उत्कृष्ट रहा। विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय के डायरेक्टर ललित कांकरिया, वैभव बुपक्या एवं बालेश बुपक्या ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। प्राचार्य यैशा भंसाली तथा उप-प्राचार्य राजकुमार सेजवार ने विद्यार्थियों की मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## भाजपा नेता-डॉक्टर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र नवीनीकरण को लेकर हुआ विवाद



**देवास।** जिला अस्पताल में मंगलवार को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के नवीनीकरण को लेकर एक परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले में भाजपा नेता राजेश यादव के हस्तक्षेप के बाद डॉक्टरों और उनके बीच तीखी बहस हो गई। जानकारी के अनुसार, रेवाबाग क्षेत्र निवासी राजेश भीमोदिया अपनी बेटी सलोनी भीमोदिया के साथ जिला अस्पताल पहुंचे थे। सलोनी की दाहिनी आंख डैमेज है और उसके पास पहले से 40 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र था, जिसका नवीनीकरण कराया जाना था। परिजनों का आरोप है कि मेडिकल टीम ने उन्हें इंदौर जाने की सलाह देते हुए कहा कि यहां प्रमाण पत्र नहीं बन पाएगा। परिवार ने अपनी आर्थिक स्थिति कमजोर होने की बात कहते हुए पुराने प्रमाण पत्र के आधार पर ही नया प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की। मामले की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता राजेश यादव जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिवार की समस्या अधिकारियों के सामने रखी और डॉक्टरों से पुराने प्रमाण पत्र के आधार पर नया प्रमाण पत्र बनाने का आग्रह किया। इसी दौरान राजेश यादव और एक डॉक्टर के बीच बहस हो गई। यादव ने पुराना दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिखाते हुए कहा कि यह प्रमाण पत्र इसी जिला अस्पताल से जारी हुआ है और इस पर डॉक्टरों के हस्ताक्षर भी हैं, फिर इसे मानने से इनकार क्यों किया जा रहा है। विवाद के बाद डॉक्टरों की टीम ने बालिका की जांच की। इसके बाद उसके दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

## श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, 108 दिव्य वस्तुओं से हुआ प्रभु का महास्नान,

**श्यानादिवास के साथ साधनालीन हुए भगवान**



**सुसनेर।** सकल फूलमाली समाज सुसनेर के तत्वावधान में आयोजित नवीन भव्य मंदिर में श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा एवं सप्त दिवसीय यज्ञ महोत्सव अपने चरम उत्कर्ष पर पहुंच गया है। महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को मंदिर परिसर में अत्यंत भक्तिमय और आध्यात्मिक वातावरण के बीच विशेष अनुष्ठान संपन्न किए गए। प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व की जाने वाली शास्त्रीय संन्यासादि व अधिवास विधियों के तहत भगवान का 108 विभिन्न प्रकार की पवित्र और औषधीय वस्तुओं से महास्नान कराया गया जिसके पश्चात प्रभु को श्यानादिवास कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के बीच आयोजित इस महास्नान कार्यक्रम में विद्वान पंडित वेदप्रकाश भटट,गोविंद शर्मा एवं अर्पित तिवारी के निर्देशन में श्री राम दरबार के विग्रहों को पवित्र नदियों के जल, केसर, चंदन, गुलाब जल, विभिन्न जड़ी-बूटियों, पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद, शक्कर) और सुगंधित द्रव्यों सहित कुल 108 दिव्य वस्तुओं से स्नान कराया गया। इस अलौकिक दृश्य को देखने और प्रभु के इस विहंगम रूप के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर प्रांगण में उपस्थित थे। महास्नान के पवित्र अनुष्ठान के पूर्ण होने के बाद, यज्ञशाला और गर्भगृह में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद देव विग्रहों को श्यानादिवास कराया गया। शास्त्रों के अनुसार, प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व भगवान को शयन कराया जाता है, जिसे श्यानादिवास कहा जाता है। इस प्रक्रिया के तहत प्रभु को वस्त्र और फूलों की शय्या पर विश्राम कराया गया, जहां भगवान साधनालीन मुद्रा में रहे।


**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777


**दिन में तपिश, शाम को राहत**

# क्षेत्र में बदला मौसम का मिजाज, पारा 41 डिग्री के पार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोडिया



क्षेत्र में इन दिनों मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। सुबह से दोपहर तक तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों को बेहाल कर रही हैं, वहीं शाम होते-होते आसमान पर बादलों की चादर छा जाने से हल्की राहत महसूस हो रही है। सोमवार को क्षेत्र का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया।

दोपहर के समय तेज धूप और लू जैसे हालात के कारण बाजारों और सड़कों पर आवाजाही कम नजर आई। लोग धूप से बचने के लिए छाता, गमछा और पानी की बोतल साथ लेकर निकलते दिखाई दिए। कई स्थानों पर लोग पेड़ों की छांव और ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेते नजर आए।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी राजस्थान-हरियाणा क्षेत्र में सक्रिय ट्रफ लाइन के प्रभाव से मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। इसी वजह से दिन में तेज गर्मी के बाद शाम को बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी जैसी स्थिति बन रही है। आने वाले दिनों में भी मौसम का यही उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। शाम के समय बादल छाने से तापमान में हल्की गिरावट महसूस हुई, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। हालांकि दिन में गर्मी का असर अब भी बरकरार है।

**दोपहर में धूप से बचने की सलाह**

डॉक्टर राहुल जैन ने नागरिकों को दोपहर 12 से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से धूप में निकलने से बचने की सलाह दी है। उन्होंने अधिक मात्रा में पानी, नींबू पानी, छाछ और नारियल पानी का सेवन करने की अपील की। साथ ही हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने और बाहर निकलते समय सिर ढंककर रखने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि गर्मी में चक्कर आना, घबराहट और कमजोरी जैसी समस्याएं सामान्य हैं, इसलिए समय-समय पर ओआरएस का घोल लेते रहना चाहिए।

**नौतपा से पहले ही तेज गर्मी का अहसास**

ग्रामीण क्षेत्रों में भी गर्मी का असर साफ दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मई माह में ही नौतपा जैसी गर्मी का एहसास होने लगा है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय कूलर और पंखों की हवा भी बेअसर साबित हो रही है। लोगों का मानना है कि आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ सकता है।

**पक्षियों के लिए सकोरे बने सहारा**

तेज गर्मी के बीच पक्षियों के लिए लगाए गए पानी के सकोरे सहारा बने हुए हैं। मस्जिद चौक,माकडोन चौपाटी,पिपलोन रोड, बस स्टैंड सहित कई स्थानों पर सामाजिक संस्थाओं और नागरिकों द्वारा परिंडे लगाए गए हैं। संस्थाएं नियमित रूप से इनमें पानी भरने का कार्य भी कर रही हैं, जिससे पक्षियों को राहत मिल रही है।

**फलों और ठंडे पेय की बढ़ी मांग**

भीषण गर्मी के बीच मोहल्ले में जगह जगह थैलागाडी व गाडिया से तरबूज, खरबूजा और ककड़ी बेचने आ रहे हैं। और इनकी मांग बढ़ गई है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए ठंडे फलों और पेय पदार्थों का अधिक उपयोग कर रहे हैं। नगर के प्रमुख बाजारों और फलों की दुकानों पर इन दिनों खरीदारों की अच्छी भीड़ देखने को मिल रही है।

**स्कॉलर्स एकेडमी का सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत**

# 2 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर बढ़ाया गौरव

अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामों में स्कॉलर्स एकेडमी शुजालपुर ने एक बार फि र उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में शानदार अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया।

विद्यालय की छात्रा आकृति अग्रवाल ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि दिव्यांशी परमार ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसके अलावा इंशा शेख ने 89.2 प्रतिशत, अजय सिंह चंदेल ने 89 प्रतिशत, अपर्णा नेमा ने 82 प्रतिशत, आदित्य विश्वकर्मा एवं वेदांत भट्टर ने 81.81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार 11 विद्यार्थियों ने 70 से 80 प्रतिशत के बीच तथा 14 विद्यार्थियों ने 60 से 70 प्रतिशत के मध्य अंक प्राप्त किए। संस्था ने इसे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया। विद्यालय के प्रबंधक सत्यजीत देशमुख एवं प्राचार्य गीता देशमुख ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें।

## थोड़ी सी हवा चली और लाइट गुल, ग्रामीण पहुंचे विघुत ग्रीड पर

**तनोडिया।** नगर व आसपास क्षेत्र की विद्युत प्रदाय व्यवस्था चरमराती दिखाई दे रही है। बारह माह मेंटनेंस करने के बाद भी थोड़ी सी हवा चली कि घण्टो बिजली बंद। आखिर यह कैसा मेंटनेंस है। इस भीषण गर्मी में जहाँ आमजन लू व बढ़ते तापमान से परेशान है वही दूसरी ओर अघोषित विद्युत कटौती से चेन से बैठ भी नही पा रहे है। इस भीषण गर्मी में दिन हो या रात अघोषित बिजली कटौती लगातार जारी है। इस अघोषित कटौती के बाद थोड़ी से हवा चलने पर घन्टो बिजली बंद हो रही है वह अलग है।

इसी प्रकार की घटना मंगलवार रात्रि की है जब मात्र कुछ मिनिट के लिए थोड़ी तेज हवा चली जिसके कारण नगर व आसपास गांवों के कई हिस्सों की बिजली ऐसी गुल हुई कि दो घंटे बाद लौट कर आयी। नागरिकों का कहना है कि एक ओर विद्युत कंपनी लगभग प्रतिदिन कभी विद्युत लाइन मेंटनेंस के तो कभी ग्रिड मेंटनेंस के मैसेज डालकर घंटो बिजली बंद रख रही है जिसके कारण आम जनता पसीना पसीना होकर परेशान होती रहती है। वही दूसरी ओर रात्रि के समय बिजली कटौती कर विद्युत कंपनी नागरिकों को रात में चेन की नींद भी नही सोने दे रही है। तथा गर्मी से डिहाइड्रेशन का शिकार हो रहे हैं।बीमार लोगों की तो जान पर आ जाती है। इस संबंध में लोगों ने आवेदन भी दिया गया।

नागरिकों का कहना है कि इस अघोषित बिजली कटौती से आमजन विशेषकर बच्चें व वृद्धजन सबसे अधिक परेशान हो रहे है। मंगलवार रात्रि को भी बिजली बंद होने के दौरान युवा व सक्षम नागरिक तो घरों के बाहर बैठे रहे या अपने घरों की छत पर पहुंच गए लेकिन इस दौरान बच्चों का रो रोकर बुरा हाल हो रहा था वही वृद्धजन परेशान हो बिजली वाले को कोसते नजर आ रहे थे। इसी प्रकार बुधवार को दिन में भी कुछ क्षेत्रों में बिजली गुल रही। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब विद्युत वितरण कंपनी विद्युत लाइनों व ग्रिडों का लगातार मेंटनेंस कर रही है तो फिर प्रतिदिन कैसे फाल्ट हो रहे है।

# देवास में जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी की मौत

**देवास।** जिले के लोहारदा क्षेत्र के आहीडी गांव में 16 वर्षीय किशोरी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में परिजन उसे अस्पताल लेकर निकले, लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, आहीडी गांव निवासी ज्योति भूसारिया (16) बुधवार सुबह करीब 8 बजे घर के पास स्थित खेत पर गई थी। बताया जा रहा है कि वहीं उसने जहर खा लिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उसे बाइक से करीब 10 किलोमीटर दूर कांटाफोड़ स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए देवास जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

हालांकि, जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही ज्योति ने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल में पैनल टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान तहसीलदार सपना शर्मा भी मौके पर पहुंचीं और पंचनामा कार्रवाई पूरी कराई। किशोरी के पिता राम अवतार ने बताया कि बुधवार सुबह परिवार के सभी लोगों ने साथ में चाय पी थी। उस समय ज्योति भी घर पर थी। इसके बाद वह खेत की ओर चली गई। कुछ देर बाद घटना की जानकारी मिली। पिता ने बताया कि परिवार में किसी प्रकार का विवाद नहीं हुआ था और उन्हें समझ नहीं आ रहा कि बेटी ने ऐसा कदम क्यों उठाया।

**डीआरएम कोटा कार्यालय में होगा शिकायतों का सीधा समाधान**

# कोटा मंडल में शुरू हुई नई पहल-कर्मचारी एवं आमजन कर सकेंगे मंडल रेल प्रबंधक से सीधे संवाद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

प.म. रेल्वे के कोटा मंडल में कर्मचारियों एवं आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की शुरूआत की गई है। मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के निदेर्शानुसार अब प्रत्येक गुरुवार को मंडल रेल प्रबंध क कार्यालय में शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया इस व्यवस्था के अंतर्गत कोटा मंडल के कर्मचारी एवं सामान्य शिकायतकर्ता प्रत्येक गुरुवार सायं 5 बजे से 6 बजे तक पूर्व निर्धारित पंजीकरण के आधार पर मंडल रेल प्रबंधक से मिल सकेंगे। यदि किसी कारणवश गुरुवार को यह बैठक संभव न हो सके, तो उसी सप्ताह शुक्रवार को निर्धारित समय पर शिकायतकताओं को अवसर प्रदान किया जायेगा। शिकायत निवारण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के लिये यह अपेक्षित होगा कि शिकायतकर्ता पहले संबंधित शाखा अधिकारी अथवा अपर मंडल रेल प्रबंधक स्तर पर अपनी समस्या प्रस्तुत कर चुके हों। तत्पश्चात निर्धा रित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन प्रस्तुत कर मंडल रेल प्रबंधक कार्या लय में समय प्राप्त किया जा सकेगा।

मंडल प्रशासन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि शिकायतों पर संबंधित विभागों द्वारा समयबद्ध कार्रवाई की जाये एवं शिकायतकर्ताओं को उनकी समस्याओं के समाधान की प्रगति से निरंतर अवगत कराया जाए। इसके लिए वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। रेल्वे प्रशासन का मानना है कि इस पहल से कर्मचारियों एवं आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव होगा, संवाद व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा प्रशासन एवं कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सकेगा।

रेल्वे प्रशासन का मानना है कि इस पहल से कर्मचारियों एवं आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव होगा, संवाद व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा प्रशासन एवं कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सकेगा।

## किसान के जेब से अज्ञात बदमाश रुपये निकाल कर हुआ फरार

**महिदपुर रोड।** ग्राम डूंगरिया का एक किसान समर्थन मूल्य पर सोसायटी में तौले गये गेहूं की अपने बैंक खाते में जमा राशि मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक से निकाल कर पास ही में स्थित बैंक ऑफ इंडिया में अपने किसान क्रेडि ट खाते में खाता पलटी करते जाते वक्त बैंक परिसर में भीड़ का फायदा उठाते हुए एक अज्ञात बदमाश ने बैंक में किसान के कमीज की जेब में रखें रुपये निकाल लिये और बैंक परिसर से निकल कर फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार घटना ग्राम डूंगरिया के गंगाराम पिता नगसिंह परिहार के साथ बुधवार को सुबह 11 से 12 बजे के बीच की बताई जाती है कृषक गंगाराम अपने साथ हुई घटना की लिखित जानकारी सूचना थाने पर दी थाना प्रभारी राम सिंह भाभौर ने बताया किसान का आवेदन प्राप्त हुआ है बैंक में जाकर सीसीटीवी फुटेज चेक किये हैं तथा अज्ञात बदमाश की तलाश की जा रही है पीड़ित किसान गंगाराम ने बताया उनके आसपास 10 से 15 वर्ष का आवारा टाइप बच्चा काफी समय से मंडरा रहा था आशंका है उसी ने यह वारदात की होगी।

## तलघर से मवेशी चोरी 95 हजार रुपए बताई कीमत

**शुजालपुर।** शहर में पशु चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात बदमाश घर के तलघर से पाड़ा चोरी कर ले गए। फ रियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फ रियादी दिनेश पिता प्रहलाद सिंह परमार निवासी जियो पेट्रोल पंप के सामने अकोदिया रोड शुजालपुर ने बताया कि उसके चार भैंसे, एक पाड़ा एवं एक गाय घर के नीचे बने तलघर में बंधे हुए थे। 12 मई की रात करीब 1 से 1.30 बजे के बीच वह अपने घर लौटा था। उस समय सभी पशु बंधे हुए थे। सुबह करीब 5.30 बजे जब वह तलघर में पहुंचा तो वहां का दरवाजा खुला मिला, अंदर देखने पर एक पाड़ा गायब था। आसपास तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। फ रियादी ने आशंका जताई कि अज्ञात बदमाश पाड़ा चोरी कर ले गए। फरियादी ने चोरी गए मवेशी की कीमत करीब 90 से 95 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## घरेलू विवाद में मारपीट महिला ने ससुर पर लगाए आरोप

**शुजालपुर।** घरेलू विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में माया पति आकाश मालवीय निवासी अमलाय पत्थरकी ने बताया कि वह अपने पति के साथ अलग रहती है, जबकि उसके ससुर करणसिंह मालवीय और सास अलग मकान में निवास करते हैं। महिला के अनुसार उसका पति मजदूरी के लिए बाहर गया हुआ था। इसी दौरान 13 मई को ससुर करणसिंह उसके घर के सामने आए और घर खाली करने की बात कहने लगे। महिला का आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ अभद्रता की गई तथा लकड़ी के डंडे से मारपीट की गई, जिससे उसके हाथ में चोट आई, पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## समय का काल हमारी उम्र को लूट रहा है - पूज्य संयम प्रभाजी म. सा.

**महिदपुर।** जिन शासन गौरव,पूज्य आचार्य श्री उमेश मुनिजी म. सा. की सुशिष्या एवं धर्मदास गणनायक श्री जिनेंद्र मुनिजी म. सा. की आज्ञानुवृतिनी संयम रुचिका,मधुर व्याख्यानी,प्रखर लेखिका,पूज्य महासती श्री संयम प्रभाजी म. सा. ने स्थानीय स्थानक भवन में एक धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समय का काल चक्र हमारी उम्र को लूट रहा है ,अतः हमें सावधानी रखते हुए समय का सदुपयोग कर अधिक से अधिक धर्म आराधना करनी है। हमारे लिये आज का सवेरा कल आएगा या नहीं आएगा यह निश्चित नहीं है । आपने कहा कि धन कमाता कोई और है तथा उपयोग कोई अन्य कर लेता है, किंतु धर्म जो करता है उसका लाभ केवल उसी को मिलता है। इसके पूर्व पूज्य महासती श्री नितज्ञाश्री जी म. सा. ने कहा कि नरक गति में क्या हो रहा है, यह हम देख नहीं सकते , किंतु शास्त्र कहते हैं कि नरक में अंधकार है, वहां सहानुभूति एवं धैर्य बधाने वाला भी कोई नहीं है ।सभी जीव एक जैसी पीड़ा भोंगते हैं । अतः हमें मनुष्य भव मिला है, तो इसका उपयोग तप, त्याग ,संयम एवं धर्म आराधना में लगाना है। पूज्य महासती श्री सुज्ञाजी म. सा. ने कहा कि जिनवाणी का श्रवण दुर्लभ है, अतः श्रद्धा से जिनवाणी का श्रवण करना चाहिए । जिनवाणी श्रवण से आत्मा निर्मल बनती है। पूज्य महासती श्री संयम प्रभाजी म. सा. आदि ठाणा 12 की शुभ निश्राय में बालक- बालिकाओं का 5 दिवसीय धार्मिक एवं संस्कार शिविर भी स्थानक भवन में चल रहा है ।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पवन मालवीय पिता श्री त्रिलोकचंद मालवीय निवासी 26/अ के, स्कीम नम्बर 71. सुदामा नगर, इन्दौर के मालिकी का एक भूखण्ड क्रमांक 135, ङिवाईन सिटीङ ग्राम शक्करवासा तहसील व जिला उज्जैन क्षेत्रफल 139.53 वर्गमीटर है। इस मकान को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करने का तय पाया है, जिसमें मेरे पक्षकार से टोकन बयाना राशी भी प्राप्त कर ली गई है। मेरे पक्षकार द्वारा शेष पूर्ण विक्रय मूल्य चुकाकर विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री कराई जावेगी। उक्त मकान के विक्रय के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हों या किसी का कोई ऋण, भार हो या किसी का उक्त मकान में स्वत्व हित निहित हो, व इस मकान को किसी के हित में किसी भी प्रकार से अनुबन्धित किया गया हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिन की अवधि के अन्दर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा इस अवधि के बाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त मकान को शेष विक्रय मूल्य चुकाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करा ली जावेगी व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। इति दिनांक : 14/05/2026 ई., स्थान उज्जैन

**मानमल दुग्गड़ अभिभाषक**
**1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**फोन - 2554829, 94250-91829**



### न्यायालय तहसीलदार तहसील बड़नगर जिला उज्जैन

**कमांक/क्यू/री-2/2026/** **बड़नगर दिनांक 14/05/2026**
**प्र.क. 0016/ब-121/2026-27**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है- आवेदक महेश पिता नारायण प्रसाद त्रिवदी जाति ब्राहम्ण ने निवासी खण्डवा रोड तेजाजी नगर इन्दौर ने मृतक नारायण पिता रामसहाय त्रिवेदी मृत्यु दिनांक 08.12.2025 निवासी 17 वीर बजरंग बाली नगर मोरोद काटा इन्दौर के स्थान पर वसियत दिनाक 17.05.2023 वसियत क्रमांक MP43152023A31854112 के स्थान पर वसियत के आधार पर नामातरंण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

**भूमि का विवरण**

| ग्राम | सर्वे नं | रकबा |
| --- | --- | --- |
| इगोरिया | 184 | 1.32 |

जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक 21.05.2026 को स्थान तहसील न्यायालय बडनगर में 11.00 बजे नियत किया गया है।

उक्त भूमि में हित रखनें वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित को या तो स्वंय या किसी अभिभाषक या प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्ति यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

**तहसीलदार**
**तहसील बड़नगर**



### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी (1) श्रीमती चंद्रमणि शर्मा पति स्वर्गीय श्री अनुप शर्मा, निवासी 143, त्रिवेणी महादेव मंदिर के सामने, आगर मार्ग, उज्जैन म०प्र० 456001 (2) गुरूवर शर्मा पिता स्वर्गीय श्री अनुप शर्मा, निवासी 143, त्रिवेणी महादेव मंदिर के सामने, आगर मार्ग, उज्जैन म.प्र. 456001 के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन/भूमि नगर पालिक निगम क्रमांक 96 का भाग स्थित वार्ड नं0 03, मंगल नगर, आगर रोड, उज्जैन म०प्र० में हैं। जिसके भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 298.81 वर्गमीटर हैं। जिसमें से उत्तर दिशा वाला भाग, जिसका क्षेत्रफल 139.35 वर्गमीटर अर्थात 1500.00 वर्गफीट हैं तथा जिस पर वर्तमान में टीनपोश का गोडाउन निर्मित हैं, को भवन स्वामी से मेरे पक्षकार - काईद जौहर कन्नोदवाला पिता नजमुद्दीन भाई कन्नोदवाला, निवासी 84, वल्लभ भाई पटेल मार्ग, तैय्यबपुरा, उज्जैन म०प्र० 456001 ने क्रय करने का तय किया हैं। जल्द ही उक्त संपत्ति का दस्तोवज विक्रय-पत्र का पंजीकरण होना हैं। उक्त संपत्ति के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार, राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त संपत्ति कहीं पर रहन, बय, विक्रय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण किया हुआ हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय / कार्यालय में उक्त संपत्ति से सम्बंधित कोई आपत्ति/वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7- सात दिन में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भवन की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र करा ली जावेगी। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त संपत्ति को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो। इति दिनांक 14/05/2026, स्थानः- उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट**
**सुहाना पैलेस 34. शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन**
**मोबाईल नं. 87707-18997**

## वीएचपी नेता संतोष शर्मा के खिलाफ फतवा

**इंदौर।** इंदौर के विश्व हिंदू परिषद नेता संतोष शर्मा को एक बार फिर धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बार उत्तरप्रदेश के अलीगढ़ स्थित एक मुस्लिम संगठन ने उनके खिलाफ फतवा जारी किया है। फतवे में नाम का सीधा उल्लेख नहीं किया गया, लेकिन सभी संस्थाओं से वीएचपी से जुड़े लोगों की गतिविधियों की सूचना देने की बात कही गई है। बताया जा रहा है कि संतोष शर्मा द्वारा लगातार मुस्लिम समाज और धार्मिक मुद्दों पर दिए जा रहे बयानों को लेकर कुछ संगठनों में नाराजगी है। इससे पहले भी उनके खिलाफ विरोध और फतवा जारी हो चुका है। उस दौरान चेतावनी दी गई थी कि यदि प्रशासन ने उनके बयानों पर रोक नहीं लगाई तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। संतोष शर्मा का दावा है कि उन्हें पहले भी सर तन से जुदा जैसी धमकियां मिल चुकी हैं। इस संबंध में उन्होंने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी। मामले में तिलक नगर थाना में प्रकरण दर्ज किया गया था। वहीं एक महिला बुर्का पहनकर उनके रेसकोर्स रोड स्थित फ्लैट पर धमकी भरा पत्र देने भी पहुंची थी। उस मामले की जांच तुकोगंज थाना पुलिस ने की थी, हालांकि एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी।

## मंडप की रस्म के दिन दुल्हन की मौत, बारात वाले दिन उठी अर्थी

**खरगोन।** खरगोन जिले के कसरावद क्षेत्र में हल्दी की रस्म के बाद गंभीर एलर्जी होने से 22 वर्षीय दुल्हन की मौत हो गई। बाजार से खरीदी गई खुली हल्दी लगाने से युवती का चेहरा सूज गया और गले में तेज जलन शुरू हो गई। हालत बिगड़ने पर उसे इंदौर रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जिस दिन घर में मंडप सजना था और बारात आनी थी, उसी दिन परिवार को बेटी का अंतिम संस्कार करना पड़ा। मृतका राखी कसरावद के टेकड़ी निवासी गजुनाथ की तीन बेटियों में सबसे बड़ी थी। पिता ने बताया कि राखी की शादी खामखेड़ा गांव में तय हुई थी और 26 अप्रैल को बारात आनी थी। शादी से पहले 22 अप्रैल को हल्दी की रस्म हुई थी। परिजनों ने स्थानीय बाजार से खुले पैकेट में हल्दी और चिकसा मंगवाया था। यह हल्दी राखी सहित 15 अन्य महिलाओं को लगाई गई थी। उसी रात राखी की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों ने पुलिस में शिकायत नहीं की, जिसके चलते बिना पोस्टमार्टम के गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## किसान मोर्चा के नए अध्यक्ष ने वाहन रैली निकाली

**ग्वालियर।** भिंड के भाजपा नेता सज्जन सिंह यादव को 100 से अधिक लग्जरी वाहनों के साथ शहर में प्रवेश करना भारी पड़ गया। नियुक्ति के 18 दिन में ही भाजपा ने उन्हें भिंड जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष पद से हटा दिया है। वे अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद बुधवार शाम को शक्ति प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान शहर का ट्रैफिक बाधित हुआ तो हॉर्न बजाते और नारेबाजी के कारण शोर भी हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने यह कार्रवाई की है। इस मामले में देश में यह पहली कार्रवाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह दिन में दो बार ईंधन बचाने की अपील कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने अपने काफिले से वाहन कम कर दिए। देश के गृह मंत्री अमित शाह, अन्य विभागों के मंत्रियों, मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्रियों ने भी काफिले से वाहन कम कर दिए। इसके बाद भी सज्जन सिंह यादव अध्यक्ष बनने के बाद शक्ति प्रदर्शन कर रहे थे।

## तेंदूखेड़ा एसडीएम ऑफिस का बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा एसडीएम कार्यालय में गुरुवार को जबलपुर ईओडब्ल्यू की 13 सदस्यीय टीम ने बड़ी कार्रवाई की। टीम ने कार्यालय में पदस्थ बाबू सौरभ यादव को आवेदक से 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद शिकायतकर्ता संजय राय ने एसडीएम पूजा सोनी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार, आवेदक संजय राय ने अपनी कॉलोनी की टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से संबंधित फाइल को आगे बढ़ाने के लिए आवेदन किया था। बाबू सौरभ यादव ने इस कार्य के एवज में रिश्वत की मांग की थी, जिसकी शिकायत आवेदक ने ईओडब्ल्यू मुख्यालय जबलपुर में की थी।

## हत्या के आरोपी का भाजपा नेताओं संग तस्वीरें

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले के साईंखेड़ा नगर में हुए चर्चित हत्याकांड में चार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद अब मामला राजनीतिक रंग ले चुका है। हत्या के एक आरोपी अरुण पटेल की भाजपा के बड़े नेताओं के साथ कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आ रही हैं, जिससे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। वायरल तस्वीरों में आरोपी अरुण पटेल मुख्य रूप से नर्मदापुरम-नरसिंहपुर सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ माला व गुलदस्ता भेंट करते हुए दिखाई दे रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सवाल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर केंद्र सरकार से सवाल किया। कोर्ट ने कहा- अगर सरकार को ही फैसला करना है तो सिलेक्शन कमेटी में नेता विपक्ष को रखकर स्वतंत्रता का दिखावा करने की जरूरत क्या है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि सीबीआई डायरेक्टर की सिलेक्शन कमेटी में भारत के मुख्य न्यायाधीश शामिल होते हैं, लेकिन चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति वाली समिति में कोई स्वतंत्र सदस्य नहीं रखा गया है। कोर्ट 'मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023' को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इस कानून के मुताबिक, नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और एक केंद्रीय मंत्री वाली समिति करेगी। पहले सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम व्यवस्था में इसमें भारत को भी शामिल किया था।

# उसे छोड़ना मत...युवक ने फांसी लगाकर दी जान

## सुसाइड से पहले वीडियो में बताई आखिरी इच्छा

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



प्रेम प्रसंग और प्रताड़ना की एक खौफनाक परिणति शाजापुर जिले के मक्सी थाना क्षेत्र में देखने को मिली है। यहां एक 21 वर्षीय युवक ने जिंदगी से हार मानकर फांसी के फंदे को गले लगा लिया। मौत को चुनने से ठीक पहले युवक ने अपने मोबाइल में एक दर्दनाक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें उसने एक लड़की पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपने मामाओं से उसे न छोड़ने की आखिरी इच्छा जाहिर की है। दिल दहला देने वाले इस वीडियो के सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है और पुलिस ने गंभीरता से मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मक्सी के बजरंग मोहल्ला वार्ड क्रमांक 8 निवासी धभगिज कुंडलिया उर्फ नितिन 21 वर्ष पिता सुनील कुंडलिया का शव गुरुवार सुबह उसके ही घर में बिजली के तार से बने फंदे पर लटका मिला। घटना की भनक लगते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर डायल 112 की टीम और मक्सी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। मृतक मजदूरी करता था और परिवार के अन्य सदस्य पिता और छोटा भाई भी मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं।

**भांजे की आखिरी इच्छा पूरी कर देना**-मृतक के मामा जसवंत सिंह ने बताया कि नितिन एक लड़की के कारण भारी मानसिक तनाव में था। आत्महत्या से पहले नितिन ने जो वीडियो बनाया, उसमें वह अपने दोनों मामाओं से रोते हुए कह रहा है मामा श्री, आपसे छोटी सी गुजारिश है... अगर मैं मर गया तो उसे छोड़ना मत। जैसे मेरी जिंदगी बर्बाद हुई है, उसकी भी कर देना। भांजे की आखिरी इच्छा पूरी कर देना, नहीं तो मुझे अपना भांजा मत बुलाना। मम्मी की कसम है आपको... अगर उसे तकलीफ नहीं दी, तो मैं मरने के बाद भी सबको तकलीफ दूंगा।

### तू बच्चा है, मम्मी-पापा का ख्याल रखना

इसी वीडियो में नितिन ने अपने छोटे भाई वीरेंद्र के लिए भी एक भावुक संदेश छोड़ा है। उसने कहा, देख भाई, तू अभी बच्चा है। मेरा दिमाग खराब हो गया, मैं जिंदगी से हार गया। अब सबकी जिम्मेदारी तुझे निभानी है, मम्मी-पापा का ख्याल रखना। मम्मी की एनिवर्सरी आने वाली है, उसे खुशी से मनाना। मक्सी थाना प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा बनाकर शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस वीडियो में लगाए गए आरोपों की सत्यता और लड़की की पूरी भूमिका की बारीकी से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर घमासान, गुर्जर देवसेना ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

इंदौर में प्रस्तावित सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापना से पहले ही एक बड़ा सामाजिक विवाद खड़ा हो गया है। अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना संस्था ने प्रशासन को खुला अल्टीमेटम दिया है कि यदि प्रतिमा के अनावरण में ऐतिहासिक तथ्यों के साथ कोई भी छेड़छाड़ की गई, तो इंदौर सहित पूरे मध्यप्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

संस्था की मांग है कि प्रतिमा के साथ सम्राट पृथ्वीराज चौहान को गुर्जर शासक के रूप में प्रदर्शित किया जाए। इस गंभीर मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना संस्था के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के निर्देश पर, युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह गुर्जर के नेतृत्व में इंदौर प्रशासन के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में बताया कि इंदौर के निरंजनपुरा चौराहे पर नगर निगम द्वारा सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापित की जानी है। ऐतिहासिक दस्तावेजों और काव्यों के अनुसार पृथ्वीराज चौहान गुर्जर शासक थे। ऐसे में प्रतिमा स्थापना के दौरान ऐतिहासिक तथ्यों को बिना छेड़छाड़ के प्रदर्शित किया जाए। पदाधिकारियों ने याद दिलाया कि वर्ष 2022 में रिलीज हुई फिल्म सम्राट पृथ्वीराज के समय भी यही विवाद उठा था, तब गुर्जर समाज ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। इसके साथ ही, ग्वालियर में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा को लेकर हुए विवाद का जिक्र करते हुए समाज ने स्पष्ट किया कि इतिहास की चोरी या तथ्यों से छेड़छाड़ अब बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना के पदाधिकारियों ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि यदि इंदौर प्रशासन ने उनकी मांगों को अनसुना किया और प्रतिमा स्थापित करते समय सही ऐतिहासिक जानकारी प्रदर्शित नहीं की, तो इसका कड़ा विरोध होगा। पूरे प्रदेश में गुर्जर समाज सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी इंदौर जिला प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपते समय युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह गुर्जर, उज्जैन संभाग उपाध्यक्ष बाबूलाल गुर्जर, शाजापुर जिला अध्यक्ष देवकरण गुर्जर, युवा जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष लच्छीराम गुर्जर, शाजापुर नगर अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर, युवा प्रदेश सचिव गोकुल सिंह गुर्जर, ईश्वर सिंह गुर्जर, फूलसिंह गुर्जर, राजपाल गुर्जर, अरविंद गुर्जर, गणेश गुर्जर सहित संगठन के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो बंदरों की मौत

**शाजापुर।** हाईवे पर दौड़ते तेज रफ्तार वाहन अक्सर बेजुबान जानवरों के लिए काल बन जाते हैं। ऐसा ही एक दर्दनाक हादसा जिले के मोलटा जोड़ पर सामने आया है, जहां एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की जोरदार टक्कर से दो बंदरों की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार सुबह सड़क हादसे में दो बंदरों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 112 टीमघटनास्थल पर पहुंची। टीम में तैनात आरक्षक 258 मनोज शर्मा और पायलट राजेश बरेठा ने तत्परता दिखाते हुए सबसे पहले दोनों मृत वानरों को हाईवे के बीच से हटवाया, ताकि यातायात बाधित न हो और कोई अन्य दुर्घटना होने से बचा जा सके।

## रिटायर्ड शिक्षक को ठगों ने लगाया 2 लाख 47 हजार का चूना

**शाजापुर।** फर्जी एसबीआई अधिकारी बनकर एक रिटायर्ड शिक्षक के साथ ठगों द्वारा धोखाधड़ी कर लाखों रूपये का चूना लगाए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार ठग ने स्वयं को एसबीआई बैंक अधिकारी बताकर 77 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक राजेंद्र कुमार भट्ट से 2 लाख 47 हजार 714 रुपए ठग लिए। पीड़ित ने बताया कि उन्हें व्हाट्सऐप पर एसबीआई योनो के लोगो वाला मैसेज आया। इसके बाद ठग ने कॉल कर खुद को मुंबई की बांद्रा शाखा का बैंक अधिकारी बताया। ठग ने कहा कि खाते में एक एप्लीकेशन है, जिसे हटाना जरूरी है, नहीं तो पैसे कट जाएंगे। ठग ने एक फॉर्म भेजकर नाम, पता, अकाउंट नंबर और कार्ड की जानकारी भरवाई। शिकायत के अनुसार, ओटीपी साझा नहीं होने के बावजूद अलग-अलग ट्रांजैक्शन कर खाते से रकम निकाल ली गई। पैसे कटने के मैसेज आने के बाद शिक्षक ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत की।

# 1 किलो अवैध गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



जिले में चलाए जा रहे ड्रग फ्री अभियान के तहत पुलिस ने एक किलो अवैध गांजे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार आगामी 3 वर्षों में प्रदेश को ड्रग फ्री बनाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शाजापुर यशपाल सिंह राजपूत द्वारा जिला शाजापुर को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय के नेतृत्व में एक विशेष ड्रग फ्री टीम का गठन किया गया है। उक्त अभियान का संचालन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शाजापुर अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना सुनेरा क्षेत्र के एबी रोड ब्रिज के पास टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहन पिता अम्बाराम उम्र 50 वर्ष निवासी धोबी चौराहा शाजापुर को 440 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया। इसी तरह शाजापुर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा कृषि उपज मण्डी शाजापुर नहर के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी कैलाश पिता हरलाल कुशवाह, उम्र 55 वर्ष निवासी काछीवाड़ा शाजापुर को 550 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों मामलों में आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है।

## जहिर सुचना

सर्व साधारण आम जन को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम दंगवाडा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म प्र स्थित कृषि भुमि सर्वेन- 845 रकबा 0.03 भुमि स्वामी बालाराम पिता मादु जी जाति जाट निवासी दंगवाड़ा से क्रय करने का सोदा तय कर बयाना राशी प्रदान कर दी गई है तथा एक सोदा चिठठी भी उपरोक्त भुमि स्वामी द्वारा मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादीत कर दी गई है तथा सिघ्र ही उक्त भुमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष मे पंजीकृत होना है यदि उक्त भुमि के सबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बेक, निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह भुमि किसी के पक्ष मे रहन हो या किसी प्रकार का कोई अनुबंध पत्र, या मुख्त्यारनामा आम या मुख्त्यारनामा खास, अथवा इस भुमि पर भुमि स्वामी के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति का हक, अधिकार स्वत्व हो तो इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे लिखत रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण से आपत्ति दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई भी आपत्ती मान्य नही होगी। सुचित हो- दिनांक- 14/05/2026

**रवि रावल मध्य प्रदेश शासन द्वारा अधिकृत सर्विस प्रोवाईडर**
**बडनगर मो.99812265637**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी आकाश वैशम्पायन पिता श्रीकांत वैशम्पायन निवासी-1699, शिवाजी पार्क कॉलोनी, उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर-205/2/1/4/1 रकबा 0.150 हेक्टयर स्थित ग्राम देवराखेडी बुजुर्ग तहसील व जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-05 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है और जिसके पूर्व दिशा में प्रधानमंत्री सड़क है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि 1 में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

दिनांक-14.05.2026

**राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे,**
**उज्जैन मो. 9993079516-9425094349**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री बने सिंह पिता श्री उम्मेद सिंह जी जाति राजपूत निवासी ग्राम चौसला पटवारी हल्का कलेसर तहसील घटिया जिला उज्जैन म.प्र. उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एंव आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम चौसला तहसील घटिया जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित होकर उक्त कृषि भूमि जिसका सर्वे क्रमांक 53/2 रकबा 0.2000 हेक्टर कुल किता 1 कुल रकबा 0.2000 हेक्टर (अर्थात 1 बीघा) होकर जिसका पटवारी हल्का नम्बर 119 में स्थित होकर उक्त कृषि भूमि मुख्य मार्ग से अन्दर की ओर स्थित होकर उक्त कृषि भूमि उनके स्वत्व स्वामित्व, आधिपत्य की भूमि की सौदा चिटटी तैयार कर मेरे पक्षकार श्री दिनेश राघवानी पिता श्री चंद्रशेखर राघवानी निवासी 06 पटेल नगर अंकपात मार्ग उज्जैन जिला उज्जैन म.प्र. के हित में निष्पादित कर दिया गया है, टोकन राशि का भुगतान भी कर दिया गया है। अब मेरे पक्षकार के द्वारा बयाना राशि का भुगतान करके अपने हित में विक्रय अनुबधं पत्र निष्पादित किया जावेगा। तथा उसके पश्चात शेष बची विक्रय मूल्य की राशि अदा करके मेरे पक्षकार के हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन एंव पंजीयन किया जावेगा। सौदा चिटटी पत्र मे उल्लेखित नियत अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा बयाना राशि अदा कर तत्पश्चात् शेष बची विक्रय मूल्य की राशि अदा करके अपने हित में उक्त भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एंव पंजीयन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के स्वत्व स्वामित्व बावत किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा उक्त भूमि बावत् किसी निजी व्यक्ति, सस्था, बैंक, पंचायत, पेढी शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार हित, अधिकार हो या किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय सम्व्यहार बावत् हो तो सूचना प्रकाशन की दिनांक से (7 दिवस) के अन्दर सप्रमाण मेरे निम्नलिखित कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में निष्पादित एंव पंजीकृत करवा लेवेंगे एवं इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। और न ही मेरे पक्षकार के हितों पर बधंकारक होगी। यह सूचित हो। इति दिनांक 14.05.2026

**श्रीमती शिवांगिनी निलेश धाकड. (सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय डीएफ 12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स देवास रोड उज्जैन म.प्र.**
**मो 9074220501**

## नाबालिग को ज्यादती कर गर्भवती करने वाले आरोपी को उम्रकैद की सजा

**शाजापुर।** नाबालिग के साथ ज्यादती कर उसे गर्भवती करने वाले आरोपी को अदालत ने उम्रकैद की सजा और अर्थदंड से दंडित किया है। शाजापुर के विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने गुरुवार को एक अहम और कड़ा फैसला सुनाया है। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी एवं जिला मीडिया सेल प्रभारी प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि अदालत ने शुजालपुर मंडी के उण्डई निवासी 21 वर्षीय मनीष पिता शिवनारायण राजपूत को घिनौने कृत्य का दोषी पाया है। अभियोजन के अनुसार, पीड़िता ने 11 जून 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी। घटना शिकायत से करीब चार महीने पुरानी थी। पीड़िता मंदिर गई थी, जहां परिसर में किराए से रहने वाले मनीष राजपूत ने उससे बातचीत शुरू की और मंदिर के काम का झांसा देकर उसे अपने कमरे में ले गया। वहां उसने नाबालिग को बंधक बनाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मुंह खोलने पर उसे तथा उसके माता-पिता को जान से मारने की खौफनाक धमकी दी। इस धमकी से डरी-सहमी पीड़िता ने घर में किसी को कुछ नहीं बताया। इसी खामोशी का फायदा उठाकर तीन-चार दिन बाद मनीष ने उसे फिर डराकर कमरे में बुलाया और दोबारा ज्यादती की, जिसके परिणामस्वरूप वह गर्भवती हो गई।

यह दरिंदगी काफी समय तक छुपी रही, लेकिन जब पीड़िता को तेज पेट दर्द हुआ, तब उसने तड़पते हुए अपनी मां को पूरी आपबीती बताई। इसके बाद पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस द्वारा कराई गई सोनोग्राफी में पीड़िता 25 सप्ताह की गर्भवती पाई गई। गर्भ का समय अधिक होने के चलते अदालत की अनुमति से डिलीवरी कराई गई, लेकिन नवजात शिशु की अत्यधिक कमजोरी के कारण जन्म के बाद ही मृत्यु हो गई। इस अत्यंत संवेदनशील मामले की विवेचना उपनिरीक्षक ललिता ठाकुर और एसडीओपी पिंटू सिंह बघेल ने पुलिस अधीक्षक तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाजापुर के निर्देशन में पूरी कर अदालत में चार्जशीट पेश की। न्यायालय में अभियोजन की ओर से सहायक निदेशक अभियोजन प्रदीप भटेले एवं अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी रमेश सोलंकी ने मजबूती से पैरवी करते हुए साक्ष्य और तर्क रखे। अदालत ने अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए आरोपी मनीष को अलग-अलग धाराओं के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा न्यायालय ने कुल 1,06,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## छात्राएं पार्लर में सीख रहीं ब्यूटी एंड वैलनेस के गुर

**शाजापुर।** हाथों में हुनर हो तो सफलता और आत्मनिर्भरता की राह खुद-ब-खुद आसान हो जाती है। शाजापुर की बेटियों को इसी हुनर से तराशने और उनके भविष्य को सुरक्षित करने की एक शानदार पहल शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देखने को मिल रही है। यहां की छात्राएं अब केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए बाकायदा ब्यूटी पार्लर में सीधे काम के बीच ऑन-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) प्राप्त कर रही हैं। विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित ब्यूटी एंड वैलनेस विषय की कक्षा 10वीं और 12वीं की छात्राओं को विशेष व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यालय की प्राचार्य पूनम त्रिवेदी और नोडल अधिकारी मुकेश कुमार दुबे के कुशल मार्गदर्शन में यह पूरी रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत व्यावसायिक प्रशिक्षक संगीता अग्रवाल द्वारा इन छात्राओं को शाजापुर शहर के ब्यूटी पार्लर में ले जाकर काम का सीधा अनुभव प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। पार्लर के रोजमर्रा के कामकाज को करीब से देखते हुए वे प्रतिदिन विभिन्न प्रकार का मेकअप, आधुनिक हेयर स्टाइल, मैनीक्योर, पेडीक्योर और आकर्षक मेंहदी लगाने जैसी महत्वपूर्ण बारीकियां सीख रही हैं। इस पूरी ट्रेनिंग का लक्ष्य छात्राओं को रोजगार के लिए पूरी तरह से तैयार करना है। ट्रेनिंग के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद इन सभी छात्राओं को आधिकारिक सर्टिफिकेट भी प्रदान किए जाएंगे।

## जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राधेश्याम पिता स्व. मांगुजी एवं राकेश पिता स्व. मांगु जी निवासीगण ग्राम पिपल्याराघो तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. के निवासी होकर, सर्व साधारण को सूचित करते है कि हमारा पुत्र व भतीजा रवि पिता राधेश्याम आयु 32 वर्ष हाल मुकाम चिन्तामण जवासिया तहसील व जिला उज्जैन जो कि आदतम झगड़ालु प्रवृत्ति का होकर अवैधानिक कार्य जैसे शराब पीना, लड़ाई झगड़ा करना तथा आये दिन राधेश्याम के छोटे पुत्र सचिन से व अन्य लोगों से वाद विवाद करता रहता है तथा हमारे द्वारा हमारी पैतृक संपत्ति में से हमारे पुत्र व भतीजे भतीजे को उसके हिस्से की राशि अदा कर चुके है अब हमारी पैतृक चल अचल संपत्ति में उक्त रवि का कोई लेना देना शेष नही रहा है। उक्त रवि वर्तमान में चिन्तामण जवासिया में उसकी बुआ कला बाई पति जादू सिंह (लक्ष्मीनारायण) के यहां निवास कर रहा है रवि की समस्त जवाबदारी कला बाई की है और भविष्य में भी रहेगी। हम उसे हमारी संपूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं तथा कोई भी व्यक्ति, संस्था अथवा निकाय मेर पुत्र व भतीजे से संव्यवहार करता है या पूर्व में किया गया हो तो उसके लिये मेरा पुत्र व भतीजा रवि जिम्मेदार रहेगा उसमें हमारी कोई जवाबदारी नही रहेगी सूचित हो । इति दिनांक 14-05-2026

**राधेश्याम पिता स्व. मांगुजी राकेश पिता स्व. मांगु जी**
**निवासीगण ग्राम पिपल्याराघो तहसील व जिला उज्जैन**
**म.प्र. मो. 9754842421**

## जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी दिनेश चौधरी पिता श्री रमेश चौधरी निवासी कृषक-ग्राम रलायता भोजा तह. घटिया जिला उज्जैन के मालिकी, स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं.-177/1/1 रकबा 0.1000 हैक्टर एवं सर्वे नं.-176/1 रकबा 0.3000 हैक्टर, कुल किता 2, कुल रकबा 0.4000 हैक्टर भूमि ग्राम रलायता भोजा तह. घटिया जिला उज्जैन मे स्थित है। उक्त कृषि भूमि की चर्तु:सीमा में पूर्व में मुख्य सड़क, पश्चिम में नाला शासकीय, उत्तर में स्वयं की भूमि, दक्षिण में ईट का भट्टा है। मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी से उक्त वर्णित कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि भुगतान कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी रहा है। उक्त कृषि भूमि पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध 1 आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 15.05.2026

**सौरभ झांग्यानी एडवोकेट**
**कार्यालय-डीएफ-10 प्रथम तल भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स हाउसिंग बोर्ड के सामने, उज्जैन**
**मो. 9893475352**

## शनि जयंती पर तेलाभिषेक व महाप्रसादी का आयोजन

**मन्दसौर।** शहर के खानपुरा स्थित भगवान श्री शनिदेव मंदिर पर इस वर्ष भी शनि जयंती महोत्सव को मनाने की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। कार्यक्रम की शुरूआत 16 मई को प्रातः 6 बजे भगवान शनिदेव के तेलाभिषेक और विशेष पूजन के साथ होगी। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे से रात्रि 11 बजे तक अनवरत रूप से महाप्रसादी का आयोजन चलेगा। समाजसेवी चयन कोमल बाफना परिवार द्वारा आयोजित इस विशाल भंडारे में लगभग 25 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर के पास स्थित खुले मैदान में एक विशाल पंडाल बनाया जा रहा है, जहाँ शुक्रवार से ही पांच भट्टियों पर महाप्रसादी तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## एक किलो एमडी ड्रग्स के साथ इंदौर के तीन आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** नशा मुक्ति अभियान के तहत नाहरगढ़ थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी वरुण तिवारी और उनकी टीम ने डीगाँव-कचनारा रोड पर हनुमान मंदिर के सामने घेराबंदी की। इस दौरान मंदसौर की ओर से आ रही एक सफेद हुंडई कार को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से १ किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी बरामद हुआ। बरामद नशीले पदार्थ की कीमत करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों शोभित कांटे पिता प्रमोद, विश्वास राठौर पिता अशोक, दीपेन्द्र चोहान पिता शैलेन्द्र तीनों निवासी इंदौर को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## 13 सफाई संरक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**रतलाम** । रतलाम नगर को ओर अधिक स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के उद्देश्य से महापौर प्रहलाद पटेल के निदेर्शानुसार निगम के स्वास्थय विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता का कार्य करवाया गया। नगर निगम के स्वास्थय अमले द्वारा मुखर्जी नगर नाले की सफाई, धानमण्डी रोड, षहीद चौक, भगतपुरी रोड, मालीकुआं, भरावा की कुई, शांति नगर, हरमाला रोड, अशोक नगर, वार्ड 47 की नालियों की सफाई, डोंगरे नगर, सुभाष नगर आदि क्षेत्रों की सफाई का कार्य करवाया गया। इसके अलावा कचरा एवं गंदगी करने पर योगेश यादव गांधी नगर पर पांच हजार व मो. शकील-गफ्फुर गांधी नगर पर 500 रुपए का जुमार्ना किया गया। इसके अलावा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डो में बिना सूचना के अनुपस्थित १३ सफाई संरक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर एक दिवस का वेतन काटा गया।

## शनि जयंती पर विशाल भंडारा 16 मई को आयोजित किया जाएगा

**पिपलिया मंडी।** कल 16 मई को स्थानीय रेलवे फाटक पर स्थित न्याय के भगवान शनिदेव जयंती के उपलक्ष में विशाल भंडारा 12.15 से 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व अभिषेक शनिदेव का सुबह 5.30 हवन, 8 से 11.30 बजे तक महा आरती होगी। तत्पश्चात भंडारा आयोजित किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मंदिर पूजारी विनोद जोशी ने सभी धर्म प्रेमी महानुभाव से आग्रह है की अधिक से अधिक संख्या मे पधार कर धर्म का लाभ लेवे शनिदेव इस दिन अधिक प्रसन्न रहते है इस दिन इनसे जो भी मागो व मिलता है इनसे उस दिन जो भी मांगना वो साइड मे बैठकर मांगना चाहिए सम्मुक से नहीं मांगना है ।

## जल वितरण कर्मचारियों ने दी हडताल की चेतावनी

**नीमच।** शहर की जल प्रदाय व्यवस्था करने वाले कर्मचारियों ने अब अपनी जायज मांगों को लेकर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रीन वॉटरटेक प्राइवेट लिमिटेड के तहत कार्यरत वालमैन और फिल्टर प्लांट के कर्मचारियों ने नगरपालिका अध्यक्ष और सीएमओ को अपनी व्यथा सुनाते हुए चेतावनी दी है कि यदि दो दिनों में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो शहर की पेयजल व्यवस्था ठप कर दी जाएगी।

# अशोक नगर से ग्रीन सिटी तक बनेगी सीमेन्ट कांक्रीट सड़क

### महापौर प्रहलाद पटेल ने किया निर्माण कार्य का भूमि पूजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



वार्ड क्रमांक 24 में अशोक नगर से ग्रीन सिटी तक सीमेन्ट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने क्षेत्रिय पार्षद मोहम्मद सलीम बागवान, महापौर परिषद सदस्य अक्षय संघवी, पार्षदगण व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर किया।

महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि वार्ड क्रमांक 24 में अशोक नगर से ग्रीन सिटी तक सीमेन्ट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य व आरसीसी पाईप क्रॉस ड्रेन कार्य में ३४.४० लाख की राशि से किया जायेगा कार्य पुरा होने पर नागरिकों को आवागमन में सुविधा होने के साथ क्षेत्र स्वच्छ, सुन्दर व विकसित दिखाई देगा।

उन्होने कहा कि नगर एवं नागरिकों के हित में नगर निगम परिषद अपना कार्य तो कर ही रही है नागरिकों का भी कर्तव्य है कि अपने घरो, दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्कीकरण कर नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भाग में डालकर नगर को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

भूमि पूजन के अवसर पर पूर्व वरिष्ठ पार्षद एहसान लल्ला खोकर, पार्षद नासिर कुरेशी, वहीद शैरानी, धर्मेन्द्र मण्डवारिया, हेमन्त नेता, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि इक्का बैलूत, कलाईगर बिरादरी के सदर परवेज निखार साहब, पूर्व सदर इमरानभाई ताज, इमरान खोकर, इकरार अंसारी, इरशाद गौरी, मिर्जा गालिब मंसूरी सहित क्षेत्रिय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## 5 करोड़ 73 लाख की लागत से बनने वाली और रिटर्निंग वॉल एवं उद्यान का हुआ शिलान्यास

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा



नगर पालिका परिषद द्वारा एसडी एम एफ योजना के तहत 5 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले रिटर्निंग वॉल एवं उद्यान का शिलान्यास समारोह संपन्न हुआ ।

समारोह में महासती डॉक्टर कुमुद लता श्री जी ने कहा कि विकास केवल भवनो एवं उद्यानों के निर्माण से नहीं बल्कि संस्कार स्वच्छता पर्यावरण एवं जन सेवा की भावनाओं से है । जनप्रतिनिधि सेवा एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हैं तब नगर का वास्तविक उत्थान होता है ।

विजय मुनी मा सा डॉक्टर गौतम मुनि मा सा चंद्रेश मुनी म सा वैभव मुनि म सा डॉक्टर पदम कीर्ति श्री जी राज कीर्ति श्रीजी आदि ठाणा ने मिश्रा प्रदान की । इस मौके पर विजयनगर से सुरेश अरोड़ा भी मौजूद रहे। संतों ने कहा नगरपालिका परिषद अध्यक्ष अनम कडपा एवं युसूफ कडपा के नेतृत्व में नगर को विकास कार्यों की नई गति मिल रही है ।नगर पालिका अध्यक्ष अनम कडपा ने स्वागत भाषण दिया। नगर पालिका परिषद के विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष युसूफ कडपा उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा ने दी।

इस मौके पर कड़पा ने उपस्थित महाराज श्री से आगामी चातुर्मास नगर में किए जाने का अनुरोध किया।

समारोह में डॉक्टर एच एस राठौर ,शांतिलाल दसेडा ,डॉ महावीर पावेचा, राजेश भरवा, बलवंत सिंह राठौर, अजीत चतर ,अभय कोठारी ,शेखर नाहर, नगर पालिका सभापति पार्षद गण एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। आभार सीएमओ चंद्रशेखर सोनीस ने व्यक्त किया।

## देश की प्रमुख औषधि मंडी के रूप में पहचान स्थापित करती कृषि उपज मंडी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच

नीमच की कृषि उपज मंडी प्रदेश की प्रमुख मंदिरों में से एक है कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा जिला नीमच के निर्देशन में कृषि उपज मंडी समिति, नीमच द्वारा कृषकों की उपज की नियत समय पर नीलामी, शीघ्र तौल एवं भुगतान व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए वर्ष 2025-26 मैं बहुआयामी एवं उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। उक्त मंडी राजस्व एवं आवक में अभूतपूर्व वृद्धिरूवर्ष 2024-25 की तुलना में 2025-26 में आवक 64, 16,201 क्विंटल से बढ़कर 72,40,492 छिंटल हुई, जो 13 प्रतिशत की वृद्धि है। मंडी शुल्क 33.02 करोड से बढ़कर 34.58 करोड रु हुआ, जिसमें 1.56 करोड (5 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज की गई। ई-अनुज्ञा पोर्टल पर विलंब शुल्क एवं ब्याज के रूप में 1.73 लाख की अतिरिक्त वसूली की गई है।

पारदर्शी नीलामी से रिकॉर्ड राजस्व नवीन मंडी प्रांगण इंगलावदा में 248 भू-खण्डों की पारदर्शी नीलामी से अपसेट वैल्यू रुपये 5.02 करोड के विरुद्ध 55.81 करोड का राजस्व प्राप्त हुआ। उड़नदस्ता कार्रवाई से 36 प्रकरणों में 3.68 लाख वसूले गए है। कृषि उपज मंडी सचिव उमेश बसेड़िया शर्मा के अनुसार नवीन मंडी प्रांगण को हाई टेक मंडी के रूप में विकसित किया जा रहा है। किसानों हेतु आर. ओ. संयंत्र स्थापित किए गए हैं। मुख्य मंडी, नवीन मंडी एवं उप मंडी जीरन को सी.सी.टी.वी. सर्विलांस युक्त किया गया तथा फायर फाइटर लगाए गए। दो बडे इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों से सीधे गोदाम डिलीवरी की व्यवस्था प्रारंभ की गई। बिजनेस एग्रो मॉल का प्रस्ताव स्वीकृति हेतु वरिष्ठालय प्रेषित किया गया। नवीन मंडी डुंगलावदा चंगेरा एवं उपमंडी जीरन हेतु शासकीय भूमि आवंटन की कार्यवाही प्रचलित है। गेहूं, जौ, मक्का, सोयाबीन, लहसुन, धनिया, रायडा सहित प्रमुख उपजों का ई-मंडी से घोष विक्रय प्रारंभ किया गया। अन्य उपजों को भी शीघ्र जोडता प्रस्तावित है।

## मुंबई सेंट्रल काठगोदाम एवं अहमदाबाद पटना स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के उद्देश्य से रतलाम मंडल से गुजरने वाली मुंबई सेंट्रल काठगोदाम एवं अहमदाबाद पटना स्पेशल ट्रेनों के फेरों को विस्तारित किये गये है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का दोनों दिशाओं में एक-एक फेरे बढ़ाये गये हैं जिसका विवरण निम्नानुसार हैः ट्रेन संख्या 09075 मुंबई सेंट्रल काठगोदाम स्पेशल 20 मई, 2026 तक तथा ट्रेन संख्या 09076 काठगोदाम मुंबई सेंट्रल स्पेशल 21 मई, 2026 तक विस्तारित किया गया है। ट्रेन संख्या 09447 अहमदाबाद पटना स्पेशल 20 मई, 2026 तक तथा ट्रेन संख्या 09448 पटना अहमदाबाद स्पेशल 22 मई, 2026 तक विस्तारित किया गया है। ट्रेन संख्या 09075, एवं 09447 के विस्तारित फेरों की बुकिंग 15 मई 2026 से सभी पीआरएस काउंटरों तथा आईआरसीटीसी वेबसाइट पर प्रारंभ होगी।

## सोशल मीडिया पर दोस्ती कर निवेश के नाम पर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों से सावधान

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

सायबर अपराधियों द्वारा आमजन को ठगी का शिकार बनाने हेतु लगातार नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक कुमार के मार्गदर्शन में साइबर सेल रतलाम द्वारा आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने हेतु लगातार एडवाइजरी जारी की जा रही है।

इसी क्रम में आमजन को सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती कर ऑनलाइन निवेश के नाम पर की जा रही साइबर ठगी के प्रति सतर्क किया जा रहा है। साइबर अपराधी पहले सोशल मीडिया, मैसेजिंग ऐप या डेटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों से संपर्क कर उनसे दोस्ती करते हैं और धीरे-धीरे भावनात्मक संबंध बनाकर उनका विश्वास जीत लेते हैं।

सायबर ठग व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों से संपर्क करते हैं। शुरूआत में सामान्य बातचीत कर दोस्ती की जाती है और लंबे समय तक संपर्क में रहकर विश्वास बनाया जाता है। कई मामलों में आरोपी स्वयं को विदेशी नागरिक, बिजनेस मैन, निवेश सलाहकार या सफल ट्रेडर बताकर भरोसा जीतते हैं।

विश्वास बनने के बाद आरोपी पीड़ित को ऑनलाइन ट्रेडिंग, क्रिप्टोकरेंसी, शेयर मार्केट या अन्य निवेश योजनाओं में कम समय में अधिक लाभ का लालच देते हैं। इसके लिए नकली मोबाइल ऐप, फर्जी वेबसाइट या फर्जी निवेश प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। शुरूआत में छोटी राशि निवेश करवाई जाती है और नकली मुनाफा दिखाकर पीड़ित का विश्वास बढ़ाया जाता है।

जब पीड़ित को अधिक लाभ दिखाई देने लगता है तो वह बड़ी रकम निवेश कर देता है।

## सी.ए. शाखा द्वारा आयोजित किया क्रिकेट टूर्नामेंट द मेवाड़ ने जीता

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



सी.ए. शाखा मंदसौर द्वारा श्रीराम टर्फ, अभिनन्दन नगर में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें सी.ए. शाखा मंदसौर की 5 टीमों के साथ रतलाम एवं चित्तौड़गढ़ की एक-एक टीम सहित कुल 7 टीमों ने भाग लिया।

फाइनल मैच मंदसौर की टीम रॉयल चैलेंजर्स एवं चित्तौड़गढ़ की टीम द मेवाड़ के मध्य खेला गया, जिसमें द मेवाड़ टीम विजेता रही तथा रॉयल चैलेंजर्स टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्वाइंट कमिश्नर सागर श्रीवास्तव भोपाल थे । उनके द्वारा फाइनल मैच का टॉस किया गया एवं सभी मैचों के मैन ऑफ द मैच खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण शाखा अध्यक्ष सी.ए. विनय अग्रवाल द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में सी.ए. सुबोध सिंहल, सी.ए. अंकित श्रीमाल, सी.ए. आशीष जैन, सी.ए. योगेंद्र जैन, सी.ए. भानुप्रताप नीमे, सी.ए. आशय जैन एवं सी.ए. शुभम गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन सी.ए. नितेश भदादा ने किया तथा आभार प्रदर्शन सी.ए. अर्पित मेहता ने माना।

## चिकित्सकों ने सर्पदंश पीड़ित 15 वर्षीय बालक को दिया नवजीवन

**नीमचा।** चिकित्सक को भगवान का दूसरा रूप होता है। उक्त बात को जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. सतीश चौधरी एवं उनकी टीम ने सच कर दिखाया। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. महेन्द्र पाटील ने बताया कि रामपुरा क्षेत्र के गांव बुरावन के 15 वर्षीय अमनोल पिता गोपाल को 8 मई की रात 3 बजे गर्दन पर किसी जहरीले जानवर के काटने का आभास हुआ। कुछ ही देर में बच्चा अचेत हो गया। परिजनों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बिना एक पल गंवाए उसे सिविल हॉस्पिटल रामपुरा पहुंचाया। सिविल अस्पताल रामपुरा में बच्चे की गंभीर स्थिति का आंकलन कर चिकित्सक द्वारा तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाने की सलाह दी गई। परिजन तुरंत जिला चिकित्सालय नीमच पहुंचे। जिला चिकित्सालय पहुंचने पर बच्चे की हालत बेहद नाजुक थी। वह अचेत अवस्था में था तथा लगभग उसके प्राण समाप्त हो चुके थे। ऐसी स्थिति में जिला चिकित्सालय के मेडिकल विशेषज्ञ एवं आई.सी.यू. प्रभारी डॉ. सतीश चौधरी ने जांच के दौरान पाया कि बच्चे को न्यूरो टॉक्सिक सर्पदंश है, जो अत्यन्त खतरनाक स्थिति होती है। डॉ. चौधरी ने अपनी टीम के साथ त्वरित उपचार का दायित्व संभालते हुए तत्काल इलाज प्रारंभ किया तथा 20 यूनिट एंटी स्नैक वेनम इंजेक्शन दिए । 3 दिन तक अनमोल जिंदगी और मौत की जंग लड़ता रहा।

## आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल खोर का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच




जिले के प्रसिद्ध एवं श्रेष्ठ शिक्षा केंद्र ' दि आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, खोरःदिनाँक 13 मई को घोपित कक्षा बारहवीं सी.बी.एस.ई., सत्र 2025-26 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में 16 छात्र तथा वाणिज्य संकाय में 21 छात्र सम्मिलित हुए। जिनमें विज्ञान संकाय में सृष्टि मलिक ने 92.60 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय में अदिति पुनिया ने 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किए।

स्कूल के 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में विज्ञान संकाय में सृष्टि मलिक ने 92.60 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय में अदिति पुनिया ने 95.40, तोपिता गोयल ने 94, दर्शिल पाटीदार ने 93, वंशिका रानावत 92 और शैफाली राव ने 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपने विद्यालय एवं परिवार को शानदार सफलता से गौरवान्वित किया है।

अंग्रेजी में अदिति पुनिया ने उच्चतम 98 अंक, गणित में वंशिका रानावत ने उच्चतम 90 अंक, भौतिक विज्ञान में सृष्टि मलिक, सुहानी काबरा एवं नरेंद्र सोनी ने उच्चतम 79 अंक, रसायन विज्ञान में सुहानी काबरा एवं देवांश गुर्जर ने उच्चतम 92 अंक, जीव विज्ञान में शौर्य मोहनपुरिया ने उच्चतम 95 अंक, आई.पी. (कंप्यूटर) में योगिता जायसवाल ने उच्चतम 97 अंक, फिजिकल एज्यूकेशन में तनिशा बेनिवाल ने उच्चतम 96 अंक और ए.आई. में सृष्टि मलिक ने उच्चतम 100 अंक प्राप्त किए।

अर्थशास्त्र में अदिति पुनिया एवं सारा बेनिवाल ने उच्चतम 96 अंक, बिजनिस स्टडी में दर्शिल पाटीदार ने उच्चतम 95 अंक और अकाउंट्स में तोपिता गोयल ने उच्चतम 97 अंक प्राप्त किए। प्रसिद्ध आदित्य पब्लिक स्कूल के कक्षा बारहवीं के शत-प्रतिशत परिणाम के बारे में बताते हुए विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रियदर्शिनी चौहान ने कहा कि विद्यालय के छात्रों के निरंतर प्रयास, लगन एवं शिक्षकों के कठिन परिश्रम तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग के परिणामस्वरूप परीक्षा का परिणाम सराहनीय रहा है। अभिभावकों ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधन के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं सहयोग को दिया।

## न्यूज कालम



## मार्शल आर्ट की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीते 16 पदक

**मंदसौर।** राजगढ़ के ब्यावर में आयोजित तीन दिवसीय 12वीं राज्य स्तरीय पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में मंदसौर जिले के खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। जिले के 16 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कुल 16 मेडल अपने नाम किए, जिनमें 6 गोल्ड, 3 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कोठारी ने बताया कि गोल्ड मेडल जीतने वालों में कृष्ण वर्मा, प्रशस्ति सिंह, अंजलि कुमावत, नमन कुमावत, निश्चय सोलंकी और शताक्षी ग्वाला प्रमुख रहे। इन सभी खिलाड़ियों का सम्मान महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में आयोजित एक गरिमामय समारोह में अतिथियों द्वारा किया गया। संस्था सचिव गगन कुरील ने जानकारी दी कि यह खेल शासन से मान्यता प्राप्त है और खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स कोटा के तहत नौकरी व स्कॉलरशिप का लाभ मिलता है।

## इनरव्हील ने भीषण गर्मी में मजदूर बच्चों को बांटी राहत



**मन्दसौर।** इनरव्हील क्लब मंदसौर द्वारा सामाजिक सरोकारों के तहत भीषण गर्मी को देखते हुए एक सराहनीय सेवा कार्य किया गया। क्लब के तत्वावधान में समाजसेवी और दानदाता अल्पना सिंह राठौर के सहयोग से मजदूर वर्ग के बच्चों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए स्लीपर (चप्पल) वितरित की गईं। क्लब अध्यक्ष हेमा हिंगड ने बताया कि अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत अलावदा खेड़ी क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों के बीच पहुंचकर लगभग 50 छोटे बालक-बालिकाओं को पैरों की सुरक्षा हेतु चप्पलें प्रदान की गईं। चिलचिलाती धूप में इस मदद को पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। इस अवसर पर वार्ड पार्षद भारती पाटीदार ने विशेष रूप से उपस्थित होकर इस पहल की प्रशंसा की और इसे मानवता की सच्ची सेवा बताया। कार्यक्रम के दौरान दानदाता अल्पना सिंह राठौर और पूर्व अध्यक्ष निर्मला मेहता का स्वागत कोषाध्यक्ष सुनीता पहाड़िया, एडिटर किरण भामावत और आईएसओ मेजर उषा कुमावत ने किया, जबकि अंत में सचिव रचना दोषी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## ट्रैक्टर से डोडाचूरा तस्करी करने वाले आरोपी को10 वर्ष का सश्रम कारावास

**मंदसौर ।** विशेष न्यायाधीश महोदय, (एन.डी.पी.एस.) मंदसौर ने अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी के मामले में खात्याखेड़ी निवासी आरोपी बालाशंकर (46) पिता भंवरलाल धाकड़ को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 1 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन मीडिया प्रभारी बलराम सौलंकी ने बताया कि यह मामला जनवरी 2016 का है, जब नारकोटिक्स सेल इंदौर की मंदसौर इकाई ने मुखबिर की सूचना पर जग्गाखेड़ी और मुंदड़ी के बीच नाकाबंदी कर एक ट्रैक्टर क्र. एम.पी. 14 के. 8326 को रोका था। तलाशी के दौरान ट्रैक्टर में धनिया, मेथी और सोयाबीन की बोरियों के नीचे छिपाकर रखा गया 1 क्विंटल 20 किलो 600 ग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ था। पुलिस द्वारा चालान पेश किए जाने के बाद, माननीय न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत दंडित किया है।

## यात्री बस में लगेज ढोने व ब्लैक फिल्म लगे हुए वाहन चालक के विरूद्व की कार्यवाही

**नीमच।** एस पी राजेश व्यास , अति. पुलिस अधीक्षक महोदय श्री नवलसिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्री किरण चौहान के निर्देशन में 13 मई को थाना प्रभारी यातायात सोनू बडगुर्जर, यातायात टीम सहायक उप निरीक्षक भाटी प्रधान आरक्षक दिनेश कर्णिक गोपाल मालवीय द्वारा बस स्टैंड क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान अशोक ट्रेवल्स बस क्र एनएल 02 बी 3058 में यात्री बस में छत पर भारी मात्रा में लगेज भरा हुआ था, यातायात टीम द्वारा बस को जप्त कर कार्वाई की जाकर जुमार्ना वसूल किया गया। एवं शहर में चल रही ब्लैक फिल्म की चार पहिया वाहनों की ब्लैकक फिल्म निकालकर चालानी कार्यवाही की गई एवं नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने पर उनके परिजनों को थाने पर बुलाकर वाहन न चलाने देने के संबंध में हिदायत दी गई उक्तक कार्यवाही के दौरान कुल 42 चालान समंस शुल्क 19200 रुपए वसुल किया गया ।

## मां की हत्या करने वाले बेटे को आजीवन कारावास

**नीमच।** द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीष, मनासा, जिला-नीमच द्वारा स्टील के कड़े उसकी माँ के सिर व कनपटी पर मारकर उनकी हत्या करने वाले आरोपी कैलाश पिता रामचंद्र सेन, निवासी-ग्राम चपलाना, तहसील मनासा, जिला नीमच को धारा 302 भारतीय दण्ड संहिता, 1850 के अंतर्गत आजीवन कारावास एवं एक हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 5 वर्ष पूर्व 23.02.2021 की रात्रि के लगभग 11 बजे ग्राम चपलाना की हैं। उदयपुर के एम.बी.जी.एच. अस्पताल से आरक्षक गौतमलाल के द्वारा मृतिका सोहनबाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट, सफीना फॉर्म व लाश पंचायतनामा लाकर थाना मनासा में प्रस्तुत किया गया, जिस पर से मर्ग कायम कर जाँच की गई। जाँच में मृतिका के पति रामचंद्र, पुत्र शांतिलाल, दीपक, पुत्रवधु रीना, पुत्री मंजुबाई, अन्य स्वतत्रं साक्षी जगदीश, बंशीलाल, रंगुदास, सोहनलाल, मांगीबाई, दयालदास, कंवरलाल, घीसालाल, चेतनदास, के कथन लिये गये, जिसमें पाया गया कि मृतिका के 3 लड़के होकर लड़का आरोपी कैलाश बदमाश प्रवृत्ति का हैं। वह शराब पीकर परिवार वालो व गांव वालो से झगड़ा करता रहता है। आरोपी कैलाश द्वारा पत्नि के साथ मारपीट करने के कारण पत्नी भी 4 साल से अपने मायके में रह रही है।



## स्व. वेणीप्रसाद शर्मा पटेल की स्मृति में 6 लाख 58 हजार रुपए का समाजहित समर्पण

**बड़नगर।** ग्राम ऊंटवास राघवपुर में आयोजित स्वर्गीय वेणीप्रसाद शर्मा पटेल (अध्यापक) की पगड़ी रस्म समाजसेवा एवं श्रद्धांजलि का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आई। कार्यक्रम में उनके पुत्रगण दुगार्शंकर पटेल, भवानीशंकर पटेल एवं विनय पटेल द्वारा विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं गौसेवा संस्थाओं को कुल 6,58,900 की सहयोग राशि समर्पित की गई। परिवार द्वारा श्री राम मंदिर राघवपुर ऊंटवास निर्माण के लिए 501,000 की विशाल राशि भेंट की गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न ब्राह्मण समाज धर्मशालाओं, गौशालाओं एवं धार्मिक संस्थाओं को भी उदारतापूर्वक सहयोग प्रदान किया गया। दान प्राप्त करने वाली संस्थाओं में बड़नगर, चिंतामन उज्जैन, गौतमपुरा, बिछड़ोद, बड़ावदा, इंदौर, ओंकारेश्वर एवं कार्तिक चौक उज्जैन सहित अनेक स्थानों की धर्मशालाएं एवं गौशालाएं शामिल रहीं। समाजजनों ने परिवार की इस पुण्य प्रेरणा एवं समाजहित की भावना की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए स्वर्गीय श्री वेणीप्रसाद जी शर्मा पटेल को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम श्रद्धांजलि के साथ समाजसेवा का प्रेरणादायी संदेश देने वाला आयोजन बन गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक शांतिलाल धबाई, पूर्व विधायक मुरली मोरवाल, सुरेश व्यास, सत्यनारायण शर्मा, पूर्व सरपंच नरेंद्र शर्मा, धीरज पटेल, दिनेश शर्मा, संजय शर्मा, प्रचार मंत्री अरविंद शर्मा, मेहरबान सिंह (दुनालजा गौशाला), समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, अरविंद व्यास, सुनील मंडलोई, सतीश शर्मा, सूर्य प्रकाश पौराणिक एवं प्रेम नारायण पौराणिक सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश व्यास ने किया। जानकारी संजय शर्मा द्वारा दी गई।

## लोटस इंटरनेशनल स्कूल बंगरेड ने रचा ऐतिहासिक कीर्तिमान, तहसील में प्रथम स्थान



**बड़नगर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में लोटस इंटरनेशनल स्कूल बंगरेड के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिसमें शिवमंगल कालूसिंह राठौर भिड़ावद क्र.3 ने 92.4% अंक प्राप्त कर विज्ञान संकाय में बड़नगर तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रोहित कमल परिहार चांदेर ने 90.6% , सरोज घनश्याम पाटीदार गजनीखेड़ी ने 87.4 %, कविता सुरेश हारोड़ पीरझलार ने 84.6% , सोमेक्षा धर्मेंद्रसिंह चौहान नोलाना ने 82.2% , चंद्रपाल अंतरसिंह सोलंकी अजंदा ने 80.4% , पायल बलराम डोडिया रलायता 80%, हर्षित कमल यादव बिरगोदा रणधीर ने 80% अंक प्राप्त किए है। संस्था संचालक जितेंद्रसिंह राजावत ने बताया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,अनुशासन एवं संस्कारों के समन्वय से विद्यार्थियों को निरंतर श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त हो रहे है। यह ऐतिहासिक कीर्तिमान विद्यार्थियों की लगन,मेहनत एवं शिक्षकों के समर्पण के साथ ही अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। संस्थाध्यक्ष कमलसिंह राजावत, प्राचार्या ललिता भाटिया एवं समस्त स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त कर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## शत प्रतिशत जनगणना कार्य पूर्ण करने वाले प्रगणक एवं सुपरवाइजर सम्मानित



**जीरापुर।** जनगणना 2027 अंतर्गत प्रथम चरण के मकान सूचीकरण कार्य को 15 मई से पूर्व शत प्रतिशत पूर्ण करने वाले सुपरवाइजर एवं प्रगणकों का सम्मान समारोह नगर परिषद जीरापुर सभागार में आयोजित किया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी हरिओम शर्मा द्वारा सभी कर्मचारियों को बधाई दी गई। जिला जनगणना प्रभारी दिलीप कुमार साहू एवं शीतल कोसरवाल ने फील्ड ट्रेनर सुरेश कुमार दांगी, राधेश्याम पुरविया, प्रणव खुजनेरी एवं रईस मंसूरी की उपस्थिति में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को नजरी नक्शा निर्माण संबंधी आवश्यक जानकारी देते हुए शेष ब्लॉकों में भी समय सीमा के भीतर शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर के निर्देशानुसार 15 मई से पूर्व मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण करने के अभियान के तहत जीरापुर शहरी क्षेत्र के 29 ब्लॉकों में से 12 मई 2026 तक 20 ब्लॉकों में कार्य पूर्ण होने पर 20 प्रगणकों एवं 5 सुपरवाइजरों को पुष्पहार पहनाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही फील्ड ट्रेनर राधेश्याम पुरविया, प्रणव खुजनेरी, रईस मंसूरी तथा तकनीकी सहायक ईश्वर राठौर को भी सम्मानित किया गया।

## घर से गायब नाबालिग बालिका को पुलिस ने खोज कर परिजन को किया सुपूर्द

**खरसौदकलां।** थाना क्षेत्र से पिता के डांटने पर घर से गायब हुए नाबालिग को पुलिस ने एक सप्ताह में तकनीकी आधार से ढूंढ निकाला है। पुलिस ने राजस्थान जिले में सवाई माधोपुर से बालिका को लाकर परिजन को हवाले किया है। भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव से पिता ने लिखित में एक सप्ताह पहले रिपोर्ट दर्ज करवाई की नाबालिग बालिका घर से गायब हो गई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर साक्ष्य एवं मुखबिर के जरिए बालिका को खोजने में सफलता हासिल की। छात्रा ट्रेन में बैठ कर राजस्थान जिले के माधोपुर रेलवे स्टेशन पहुंचकर मजदूरी के जरिए गुजर-बसर करने लगी थी। पुलिस ने छात्रा को लाकर परिजनों का सौंपा है।

मेडिकल वेस्ट के उचित निस्तारण को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई

# संक्रमण का खतरा बढ़ा, सिविल अस्पताल के सामने खुले में पड़ा मिला मेडिकल कचरा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



नगर के सिविल अस्पताल में मेडिकल वेस्ट के उचित निस्तारण को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। अस्पताल से निकलने वाला बायोमेडिकल कचरा खुले में फेंके जाने का मामला लगातार दूसरे दिन भी सामने आने से अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। बुधवार को मांगलिक भवन के पीछे एवं सिविल अस्पताल के सामने मेडिकल वेस्ट खुले में पड़ा मिला। जिससे क्षेत्र में संक्रमण फैलने की आशंका बढ़ गई।

जानकारी के अनुसार अस्पताल से निकलने वाले उपयोग किए गए मेडिकल सामान, दवाइयों से संबंधित अपशिष्ट एवं अन्य बायोमेडिकल वेस्ट को निर्धारित प्रक्रिया के तहत नष्ट करने के बजाय खुले में कचरे के ढेर में डाल दिया गया था। गत दिन भी क्षेत्रवासियों ने जब कचरे के बीच मेडिकल वेस्ट पड़ा देखा तो इसकी सूचना नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी को दी। सूचना मिलते ही अध्यक्ष प्रदीप सोनी मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। मौके पर मेडिकल वेस्ट खुले में पड़ा मिलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने अस्पताल के सफाई कर्मियों को फटकार लगाते हुए कहा कि मेडिकल वेस्ट का इस प्रकार खुले में फेंका जाना गंभीर लापरवाही है और इससे आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ सकता है। इसके बाद उन्होंने अस्पताल की डॉक्टर बीबी पाटीदार से चर्चा कर पूरे मामले की जानकारी ली तथा मेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण के लिए तत्काल प्रभाव से व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए थे।

बुधवार को फिर मेडिकल वेस्ट खुले में दिखाई दिय जिससे साफ है कि अस्पताल प्रशासन द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों में इस घटना को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर मेडिकल कचरे को खुले में फेंकना बेहद खतरनाक है। इससे संक्रमण फैलने के साथ-साथ आसपास रहने वाले लोगों और मवेशियों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा सकता है। नागरिकों ने प्रशासन से मामले में सख्त कार्रवाई करने एवं जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

विशेषज्ञों के अनुसार बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण निर्धारित नियमों के तहत किया जाना अनिवार्य होता है। मेडिकल कचरे को खुले में छोड़ना स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन माना जाता है। ऐसे में लगातार सामने आ रही यह लापरवाही कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। फिलहाल नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा अस्पताल प्रबंधन को तत्काल सफाई व्यवस्था सुधारने एवं मेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। अब देखना होगा कि अस्पताल प्रशासन इस मामले में कितनी गंभीरता दिखाता है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

**इनका कहना**

पूर्व में भी मेडिकल वेस्ट खुले में मिलने का मामला सामने आया था, जिसके बाद सफाई कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि यह मेडिकल वेस्ट संभवतः कुछ निजी क्लिनिक एवं मेडिकल संचालकों द्वारा फेंका गया है। मामले की जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**डॉक्टर राजीव बरसाना**
**चीफ बीएमओ**

## माहेश्वरी समाज सुसनेर की नई कार्यकारिणी घोषित





सुसनेर। माहेश्वरी समाज सुसनेर की नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। समाज के सक्रिय एवं वरिष्ठ सदस्य पुरुषोत्तमदास मोदानी (बंटी भैया) को अध्यक्ष तथा युवा एवं समाजसेवी विपिन लड्डा को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद समाजजनों में हर्ष का वातावरण देखा गया तथा नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यकारिणी में अनिल बांगड़ को उपाध्यक्ष, अक्षय बावरी को सह सचिव तथा राजेन्द्र बजाज को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अशोक बजाज, अशोक मोदानी, संजय बजाज, राजेन्द्र बंग एवं विपुल बांगड़ को जिम्मेदारी सौंपी गई। चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी सुशील लड्डा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। सर्वसम्मति से कार्यकारिणी गठन होने पर समाज के वरिष्ठजनों एवं सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि नई टीम समाज संगठन को मजबूत करने, सामाजिक गतिविधियों को गति देने एवं युवा वर्ग को समाज से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि नई कार्यकारिणी समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सामाजिक समरसता, संस्कार एवं सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेगी।

## श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



**शुजालपुर।** श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट अकोदिया द्वारा नगर, तहसील एवं जिला कार्यकारिणी तथा महिला मंडल की नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, जिला अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार गेहलोत, महिला मंडल जिला अध्यक्ष बिंदु सोनी एवं नगर अध्यक्ष वर्षा कुशवाह विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में जिला अध्यक्ष डॉ. गेहलोत ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके पश्चात सभी पदाधिकारियों का बाबा श्याम का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण भाव से किया जाएगा तथा समाजहित एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी। कार्यक्रम में हनी गुप्ता, शीला सोनी, सुगन पाटीदार, ममता परमार, नीलम चौरासिया, सपना सोनी, मोनिका माहेश्वरी, ममता धाकड़, आरती प्रजापति,मुस्कान खत्री सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।

पान मसाला मांगने पर रात में हुआ था विवाद, दो युवा किसान घायल

# सब्जी मंडी में किसान के साथ मार पीट, आक्रोश में हाइवे किया जाम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

सिटी स्थित फल सब्जी मंडी में बीती रात उपज लेकर आए दो युवा किसानों क साथ मारपीट की घटना हुई, जिसमें इन किसानों को गंभीर चोटे आई। इस मामले ने बुधवार की सुबह तुल पकड़ लिया और सब्जी मंडी में आए किसान के साथ ही व्यापारियों ने मारपीट की घटना के विरोध और आरोपियों की शिनाख्त तथा गिरफ्तारी की मांग को लेकर पचोर शुजालपुर हाइवे जाम कर दिया, जिसके चलते लगभग आधे घंटे तक अस्पताल चौराहे पर आवागमन बाधित रहा।

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर आवागमन खुलवाया। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया जो कि नाबालिक बताया जा रहा है। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को हुए इस विवाद का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया, जिसमें कुछ युवा किसानों के साथ मारपीट करते नजर आ रहे है।



पान मसाला मांगने पर हुआ विवाद

बताया जाता है कि प्याज मंडी क्षेत्र में पान मसाना मांगने पर नहीं दिए जाने के चलते उपज लेकर आए युवा किसानों के साथ मारपीट हुई। पुलिस के अनुसार फरियादी प्रेमसिंह पिता प्रहलाद सिंह राठौर निवासी भीमपुरा शुजालपुर सिटी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 मई की रात करीब 12.30 बजे उसके मौसी के लड़के प्रदीप पिता रामसिंह राठौर निवासी मुढ़ला बारोल का फ ोन आया। उसने बताया कि वह जितेंद्र पिता लक्ष्मीनारायण राठौर के साथ प्याज मंडी में था, जहां कुछ अज्ञात लोगों ने उनके साथ मारपीट कर दी। फ रियादी अपने भाई बबलू के साथ मौके पर पहुंचा तो प्रदीप और जितेंद्र घायल अवस्था में मिले। घायलों ने बताया कि मंडी गेट पर कुछ लोगों ने उनसे पान मसाला मांगा, मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और लकड़ी के डंडों से हमला कर दिया। घटना के दौरान मंडी का गार्ड मौके पर पहुंचा तो आरोपी वहां से भाग निकले। मारपीट में प्रदीप के सिर में तथा जितेंद्र के शरीर पर कई जगह चोटें आईं। दोनों घायलों को उपचार के लिए शुजालपुर मंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## ब्लैक स्पॉट्स पर सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस का निरीक्षण अभियान

**सुसनेर।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन में सुसनेर क्षेत्र के चिन्हित दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न संवेदनशील स्थलों का जायजा लेकर सड़क सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में एनएसआई मैनेजर संध्या टाले ने पुलिस अधिकारियों के साथ डाक बंगला सुसनेर, खेराना-खजूरी जोड़ सहित अन्य दुर्घटना संभावित स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क हादसों को कम करने के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, प्रभावी स्पीड कंट्रोल उपाय एवं अन्य आवश्यक संरचनात्मक सुधारों पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ब्लैक स्पॉट्स पर संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर एवं यातायात नियंत्रण संबंधी व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, ताकि आमजन को सुरक्षित यातायात सुविधा मिल सके। पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें आमजन की सहभागिता भी आवश्यक है। उन्होंने वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमा का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान सीएसपी मोतीलाल कुशवाह, अक्षय सिंह बैस, सूबेदार जगदीश यादव, एनएचएआई के इंजीनियर, संबंधित कॉन्ट्रैक्टर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार मामा-भांजा घायल, मामला दर्ज



**शुजालपुर।** आष्टा रोड स्थित किसोनी जोड़ के पास तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार मामा-भांजा घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने फ रियादी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फ रियादी हेमंत कुमार मालवीय निवासी टंकी के पास फ्रीगंज शुजालपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने मामा सावन सिंह मालवीय के साथ बाइक से मजदूरी कर घर लौट रहा था। बाइक सावन सिंह चला रहे थे। दोपहर करीब 1.45 बजे जब वे आष्टा रोड पर किसोनी जोड़ के पास विश्वकर्मा धर्मशाला के सामने पहुंचे तभी शुजालपुर की ओर से आ रहे एक डंपर चालक ने तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिर गए। सावन सिंह के सिर एवं पैर में चोट आई, जबकि हेमंत के पैर और अंगूठों में चोटें आईं। घटना के बाद दोनों को उपचार के लिए शुजालपुर मंडी के अस्पताल पहुंचाया गया। फ रियादी ने डंपर का नंबर नोट कर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राज्य अधिवक्ता संघ के सदस्य हेतु मतदान किया

**तराना।** मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता संघ जबलपुर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी जस्टिस एसके पालो के निर्देशअनुसार मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता संघ के सदस्यों के निर्वाचन हेतु अभिभाषा को की सुरक्षा स्वास्थ्य के लिए आवश्यक व्यवस्थाए गयी। मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता संघ सदस्य हेतु कुल 122 उम्मीदवार में से कल 23 सदस्य हेतु 18 पुरुष एवं पांच महिलाएं अधिवक्ता का सदस्य हेतु चुनाव किए जाने के लिए तराना अभिभाषक संघ के कुल 121 अधिवक्ता के द्वारा अपने मतदान के उपयोग किया गया।जिसमे वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्र प्रकाश भट्ट, लक्ष्मण सिंह बडाल एवं जगदीश परमार अधिवक्ता एवं अन्य अधिवक्ता गण के द्वारा अपने।मतो का प्रयोग किया गया। उक्त चुनाव में अभिभाषक संघ तराना के अध्यक्ष महेश जोशी द्वारा व्यक्त किया गया कि तराना में अभिभाषकों द्वारा अपने अभिमत का उपयोग बढ़ चढ़ कर मतदान अभिभाषक गण द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग किया गया।

बांकपुरा सहित आसपास के गाँवों की एक इंच भूमि

# दिलीप बिल्डकॉन या किसी अन्य निजी कंपनी को नहीं दी जाए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा।




ब्यावरा विधानसभा के ग्राम बाँकपुरा में आयोजित किसान महापंचायत में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सोंधिया किसानों, युवाओं एवं ग्रामीणो के बीच पहुंचकर व्यापक संवाद किया। महापंचायत में सर्वसम्मति से ऐतिहासिक निर्णय लिया गया कि बांकपुरा सहित आसपास के गाँवों की एक इंच भूमि दिलीप बिल्डकॉन या किसी अन्य निजी कंपनी को नहीं दी जाएगी।

उक्त भूमि किसानों की अस्मिता, आजीविका और आने वाली पीढ़ियों का अधिकार है। किसान अपनी जमीन को बचाने के लिए पूरी मजबूती व एकजुटता के साथ खड़े है। गाँव की जमीन गाँव में रहेगी और किसान की जमीन किसान के पास ही रहेगी। शासन प्रशासन से स्पष्ट आग्रह किया है कि निजी कंपनियों के हित में किसानों पर किसी प्रकार का दबाव, भय या उत्पीड़न न किया जाए। किसानों के अधिकारों की रक्षा करना शासन प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि किसानों की आवाज को अनसुना किया, तो पूरे क्षेत्र का किसान लोकतांत्रिक तरीके से जनआंदोलन खड़ा करने के लिए बाध्य होगा।

उधर ग्राम बाँकपुरा में प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार ने किसानों से संवाद किया और ग्रामीण क्षेत्र की जमीनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को सुना।

इस दौरान ग्रामीणो ने जमीन से जुड़ी समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। मंत्री ने किसानों की प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई सुनिश्चित की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं सुझावों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की जाए, ताकि ग्रामीणों को समयबद्ध समाधान मिल सके।

# ग्राम पंचायत सफाई के प्रति गंभीर नहीं गंदगी के ढेर से आ रही बदबू, लोग परेशान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ तनोडिया

अपने नागरिकों को मुलभूत सुविधाएं प्रदान करने में असफल ग्राम पंचायत सफाई के प्रति भी गंभीर नहीं दिखाई दे रही है। मामला नगर में स्थित जिला सहकारी बैंक और बैंक आफ इंडिया व आसपास के मोहल्ले की नालिया करीबन एक माह से ज्यादा हो गए हैं। सफाई कर्मचारी ने आज दिनांक तक सफाई न की गई।

माकडोन चौपाटी चौराहा के बीच रास्ते पर आसपास मोहल्ले की नालियां की गंदगी सफाई कर्मियों द्वारा एक ही जगह डाल कर ढेर कर रहे हैं। और एक तरफ मामले में स्वच्छता में नबंर वन आने के लिए ग्राम पंचायत कई तरह के जतन कर रहे है। नगरवासियों को कचरा गाडी में प्रतिदिन स्वच्छता का सदेश भी दिया जा रहा है। यह हालत है। आगर जिले की सबसे बडी ग्राम पंचायत तनोडिया है। यहां की लगभग 12 हजार आबादी वाला यह नगर है। इन कुछ रहवासी क्षेत्रों में भी मच्छरों का प्रकोप फैल रहा है। इसका मुख्य कारण भीषण गर्मी के साथ नगर की सफाई व्यवस्था ध्वस्त होना। लेकिन सवाल यह उठता है जब स्वच्छता का सदेश देने वाली नई आबादी क्षैत्र व नगर की गलियों में नाली के ऊपर अतिक्रमण कर रखा है। तो एक तरफ नालियां बंद कर रखी है। जिससे नाली का पानी रोड पार कर दुसरी तरफ की नाली में पानी जा रहा है। जिंससे रहवासियो में काफी आक्रोश व्यक्त हैं। सुठेली रोड पर



स्थित पेशाबघर के आसपास गंदगी का घेर पडा हुआ था। लोगों ने पंचायत को अवगत भी करवाया था। लेकिन सफाई तो की गई लेकिन नाम मात्र की गई। ऐसे में नई आबादी क्षेत्र के कुछ वार्डो की नालियां जो कई दिनों से गदंगी भरी हुई है। और बस स्टैंड पर बना पेशाबघर बदबू से दुकानदारों परेशान हो रहे हैं। जिसके कारण भी बिमारियां फैल रही है। गदंगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ रहा है। ग्राम पंचायत का इस ओर कोई ध्यान नही है। नगरवासियों ने बताया कि सफाईकर्मियों द्वारा नालियों की सफाई तो कर रहे है.लेकिन ढेर एक ही जगह नगर में ही कर रहे हैं। जिससे बिमारी फैलने का भय बना हुआ है.कोई खांसी-जुकाम अन्य से पीड़ित चल रहे है। मौसम से बिमारी व मच्छर बढ रहे है। जिससे गभींर बिमारी भी बढ सकती है। नगरवासियों ने जिला प्रशासन से मांग कि है कि पंचायत को निर्देश देकर नालियां का गंदा किचड एक ही स्थान पर ढेर करने व महिने से नाली साफ नहीं होने से बदबू आ रही है। रहवासियों को जिना हराम हो रहा है। जिससे नालियां का गंदा पानी वही भरा होने बीमारी फैलने का भय बन रहा है। कर्मचारी व जनप्रतिनिधि से रहवासियों फोन पर चर्चा करते हैं तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे हैं, जिससे रहवासियों में काफी आक्रोश व्यक्त हैं।

**समस्याओं का हल अतिशिघ्र होगा- सचिव**

इस संबंध में ग्राम सचिव अमित से चर्चा की तो बताया कि समस्याओं का हल अतिशिघ्र होगा। नालियां व पेशाबघर गंदगी से पडा हुआ है.उसे भी साफ करवा दिया गया था। और कुछ स्थान छुट गया हो तो दिखवाकर समस्या हल जल्द ही हल होगी। और बस स्टैंड व बाजार पर स्थित शौचालय अतिशिघ्र सफाई करवाई जाएगी।

# कांस-2026 शुरू, आलिया का तीसरा लुक सामने आया

## उर्वशी भी शामिल हुई; 40 साल पुरानी फिल्म दिखाई जाएगी; चप्पल पहनना, पर्स रखना मना



दुनियाभर का सबसे प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल और कल्चरल इवेंट कांस 12 मई से शुरू हो चुका है। फेस्टिवल 23 मई तक फ्रांस के फ्रेंच रिवेरा में जारी रहेगा। लोरियल पेरिस की तरफ से कांस पहुंचीं आलिया भट्ट के अब तक तीन लुक सामने आ चुके हैं।

तीसरे लुक में आलिया डिजाइनर तरुण तहिलियानी की आइवरी साड़ी में दिखाई दीं। वे फ्रेंच रिवेरा में भारत पैवेलियन पहुंचीं, जहां उन्होंने फिल्म मेकर आशुतोष गोवारिकर के साथ 57वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का पोस्टर और क्रिएटिव विजन लॉन्च किया।

आलिया भट्ट और उर्वशी रौतेला के अलावा इस साल भारत से ऐश्वर्या राय, मौनी रॉय, अदिति राव हैदरी और एहसास चन्ना कांस के रेड कार्पेट में पहुंचेंगी। एक्ट्रेस तारा सुतारिया भी कांस रेड कार्पेट पर डेब्यू करने वाली हैं। आलिया भट्ट, लॉरियल पेरिस की तरफ से कांस में आई हैं। तभी से कयास लग रहे हैं कि उन्होंने ऐश्वर्या राय को रिप्लेस किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में जनता से कम-से-कम ट्रेवल करने और कम तेल-ईंधन इस्तेमाल करने की अपील की है। यही वजह रही कि महाराष्ट्र का सांस्कृतिक विभाग अब कांस फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा नहीं ले रहा है। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने बताया कि पीएम मोदी की अपील के बाद विभाग का प्रतिनिधिमंडल अब कांस नहीं जाएगा।

### कांस 2026 में छाएगा भारत का रीजनल सिनेमा

कांस में इंडो-अमेरिकन फिल्म बॉम्बे स्टोरीज की स्क्रीनिंग भी कांस में होगी। ये फिल्म मंटों के उपन्यास पर बनी है, जो 1930 के दशक की बॉम्बे में रहनेवालीं सेक्स वर्कर्स की कहानी दिखाती है। फिल्म को राहत शाह काजमी ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान एक्ट्रेस मौनी रॉय कांस में मौजूद रहेंगी। इसके क्लासिकल सेगमेंट में 40 साल पुरानी मलयाली फिल्म अम्मा अरियन की भी कांस में स्क्रीनिंग होगी।

**कांस की ज्यूरी बनने वाली पहली इंडियन एक्ट्रेस रहीं ऐश्वर्या राय**

# भगवान शिव के रोल में दिखेंगे रणवीर सिंह

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह अपने करियर के एक और बड़े प्रोजेक्ट की तैयारी में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक...उन्होंने अपने प्रोडक्शन बैनर मां कसम फिल्म के तहत अमिश त्रिपाठी की लोकप्रिय किताब द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा के फिल्मी राइट्स हासिल कर लिए हैं।



बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह अपने करियर के एक और बड़े प्रोजेक्ट की तैयारी में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक...ह्यउन्होंने अपने प्रोडक्शन बैनर ह्यमां कसम फिल्मह्ल के तहत अमिश त्रिपाठी की लोकप्रिय किताब ह्यद इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहाह्ल के फिल्मी राइट्स हासिल कर लिए हैं।



इस कहानी को एक भव्य ट्रिलॉजी के रूप में बड़े स्तर पर बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के लिए रणवीर ने बिड़ला स्टूडियोज के साथ साझेदारी भी की है। फिलहाल फिल्म का लेखन कार्य शुरूआती चरण में है और स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। मेकर्स पहले कहानी और विजन को पूरी तरह तैयार करने के बाद डायरेक्टर और बाकी टीम को फाइनल करेंगे।

सबसे खास बात यह है कि खबरों के अनुसार...रणवीर इस ट्रिलॉजी में भगवान शिव का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। हालांकि बाकी प्रमुख किरदारों के लिए कास्टिंग अभी तय नहीं हुई है। इस प्रोजेक्ट के राइट्स हासिल करने के लिए रणवीर ने बड़ी रकम खर्च की है, हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं की गई है। धुरंधर की सफलता के बाद यह प्रोजेक्ट रणवीर के करियर का सबसे बड़ा कदम माना जा रहा है। इसके अलावा रणवीर सिंह के पास और भी फिल्में हैं।

वह मार्च 2027 में आदित्य धर की अगली फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं।




## आरसीबी ने कोलकाता को छह विकेट से धोया

# विराट के सैकड़े से बेंगलुरु शीर्ष पर

### कोहली ने आईपीएल का अपना नौवां शतक लगाया, पडिक्कल ने बनाए 39 रन

एजेंसी ▸▸ रायपुर

लगातार दो मुकाबलों में शून्य पर आउट होने वाले विराट कोहली ने बुधवार को शानदार नाबाद शतकीय पारी खेल दी। उन्होंने 60 गेंदों में नाबाद 105 रन बनाए। इससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कोलकाता नाइट राइडर्स को पांच गेंद रहते छह विकेट से करारी शिकस्त दी।

सीजन की आठवीं जीत से बेंगलुरु ने फिर से शीर्ष पर कब्जा कर लिया। साथ ही कोलकाता का लगातार चार जीत से चला आ रहा सिलसिला भी रोक दिया। बेंगलुरु ने 193 रन का लक्ष्य 19.1 ओवर में चार विकेट पर 194 रन बनाकर हासिल कर लिया। कोहली ने पडिक्कल (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 59 गेंदों में 92 रन जोड़े।

दोनों ने कोलकाता के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। कार्तिक त्यागी ने कप्तान रहाणे के हाथों पडिक्कल को कैच करवाकर इस साझेदारी को तोड़ा। कप्तान पाटीदार और डेविड सस्ते में आउट हो गए। कोहली पर इसका कोई असर नहीं हुआ। उन्होंने 57 गेंदों में आईपीएल का अपना नौवां शतक पूरा किया। जितेश ने चौके के साथ बेंगलुरु को जीत दिलाई। इससे पहले आउटफील्ड गीला होने से मैच सवा घंटे देरी से शुरू हुआ।




**मैच के अनदेखे मोड़**

**पहले रन पर विराट का जश्न** : लगातार दो मैचों में गोल्डन डक (पहली गेंद पर आउट) के बाद विराट ने पहला रन लेते ही टीम डगआउट और दर्शकों की तरफ देखते हुए जश्न मनाया। वैभव के अगले ओवर में उन्होंने चौकों की हैट्रिक से 18 रन बटोरे।

**बेंगलुरु के पावरप्ले में 24 विकेट** : बेंगलुरु के गेंदबाजों ने पावरप्ले में 9.53 की इकॉनोमी से 24 विकेट चटकाए हैं। यह इस सत्र में दूसरे सर्वाधिक हैं। इनमें से भुवनेश्वर शुरूआती छह ओवर में 13 विकेट चटका चुके हैं।

**डफी महंगे पड़े** : बेंगलुरु के लिए तेज गेंदबाज जैकब डफी महंगे साबित हुए। उन्होंने 12 की इकॉनोमी से 48 रन लुटाए और कोई विकेट नहीं मिला। शुरूआती दो ओवर में ही 31 रन दे दिए थे।

**छक्के से टीम के सौ रन:** ग्रीन ने 12वें ओवर में क्रुणाल की गेंद पर गगनचुंबी छक्के के साथ कोलकाता के सौ रन पूरे करने के साथ रघुवंशी के साथ अर्धशतकीय साझेदारी भी पूरी की। यह छक्का 86 मीटर का रहा।

**16 डॉट गेंद:** कोलकाता ने पावरप्ले में 16 डॉट गेंद खेली जबकि बेंगलुरु ने 11 डॉट गेंद खेली। इस दौरान कोलकाता ने दो विकेट पर 56 रन तो बेंगलुरु ने एक विकेट पर 66 रन बनाए।

### जूनियर हॉकी : सोयेज लेंगे श्रीजेश की जगह

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 में फ्रांस की पुरुष हॉकी टीम के कोच रहे फ्रेडरिक सोयेज भारत की अंडर-21 टीम के मुख्य कोच हो सकते हैं। भारतीय अंडर 21 टीम के कोच रहे पी आर श्रीजेश की जगह ले सकते हैं। श्रीजेश ने कहा था कि विदेशी कोचों को तरजीह देने को हॉकी इंडिया ने अच्छे प्रदर्शन के बावजूद उन्हें पद से हटा दिया।

# महिला फुटबॉलरों को दो दिन के लिए 125 रुपये

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में महिला फुटबॉल की बदहाल स्थिति का खुलासा सोशल मीडिया मंच एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल एक वीडियो से हुआ है। इसमें न्यू अलीपोर सुरुचि संघा टीम की एक खिलाड़ी ने कहा है कि मालिक और क्लब मैनेजर ने दो दिन की ट्रेन यात्रा के लिए हर खिलाड़ी को सिर्फ 125 रुपये दिए।

यहां तक कि खिलाड़ियों की ट्रेन टिकट भी कन्फर्म नहीं थीं। साथ ही उनसे यह भी कहा गया कि खाना कम खाएं और इसी पैसे में गुजारा कर लें। खिलाड़ी ने कहा, हमने कुछ नहीं खाया। जब मैनेजर को फोन किया तो उन्होंने कहा कि मालिक ने इतना ही देने को कहा है। मुझे नहीं पता कि मालिक ने ऐसा कहा है या वह खुद ऐसा कह रहे हैं, पर हम दो दिन तक 125 रुपये में कैसे खर्च चला सकते हैं? नाश्ता 50 रुपये जबकि लंच 120 रुपये का है। वे किसी अधिकारी को ही साथ भेज सकते थे जो खर्च उठाता। टीम बेंगलुरु में इंडियन वुमेंस लीग-2 के फाइनल दौर का अपना आखिरी मैच खेल कर लौट रही थी। टीम कलकत्ता प्रीमियर डिविडन और इंडियन वुमेंस लीग-2 में खेलती है। जहां तक टीम के प्रदर्शन की बात है तो टीम ने ग्रुप स्तर तीन में से दो मैच जीते और एक ड्रॉ खेला।

### श्रीकांत, सिंधु और लक्ष्य प्री-क्वार्टर में

**बैंकॉक।** बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत थाईलैंड ओपन टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। बुधवार को सिंधु ने चीनी ताइपे की तुंग सियू तोंग को हराया जबकि सातवें वरीय लक्ष्य ने सिंगापुर के जिया हेंग जेसन को पराजित किया। पूर्व चैंपियन श्रीकांत ने आठवें वरीय सिंगापुर के लो कीन यू को हराया।

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें। पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931 पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजेंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार (समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30) नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन) मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/- ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें 9977140280

## न्यूज कॉलम

### एटीएम के बाहर 5 हजार नकद लेकर दिखाया फर्जी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन

**इंदौर।** इंदौर के पलासिया थाना क्षेत्र में एटीएम के बाहर युवक से ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने मदद मांगने के बहाने युवक से 5 हजार रुपए नकद लिए और बदले में मोबाइल पर फर्जी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन दिखाकर साथी के साथ फरार हो गया। घटना पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जानकारी के मुताबिक खजराना निवासी अमन खान बुधवार रात करीब 8 बजे चंद्रलोक कॉलोनी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम पर रुपए जमा करने पहुंचा था। अमन ने बताया कि उसे किश्त जमा करनी थी, इसलिए वह करीब 12 हजार रुपए लेकर गया था। इसी दौरान स्कूटर से दो युवक वहां पहुंचे। इनमें से एक युवक एटीएम के अंदर आया और अमन से कहा कि उसे किसी व्यक्ति को तुरंत 5 हजार रुपए नकद देने हैं। आरोपी ने बदले में ऑनलाइन ट्रांसफर करने की बात कही। काफी देर तक आग्रह करने के बाद अमन ने मदद के तौर पर उसे 5 हजार रुपए नकद दे दिए। रुपए लेने के बाद आरोपी ने अपने मोबाइल में 5 हजार रुपए ट्रांसफर होने की कथित एंट्री दिखाई और तुरंत बाहर निकलकर साथी के साथ स्कूटर पर बैठकर फरार हो गया। कुछ देर तक खाते में रकम नहीं आने पर अमन को ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद अमन ने पास की दुकान से आरोपियों के सीसीटीवी फुटेज निकलवाए और शिकायत लेकर पलासिया थाने पहुंचा। बताया जा रहा है कि वह करीब आधे घंटे तक ड्यूटी अधिकारी का इंतजार करता रहा, लेकिन वह व्यस्त होने के कारण नहीं मिल पाए। पुलिस ने युवक को गुरुवार को दोबारा बुलाया है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

### रेप केस में समझौते का दबाव बनाकर महिला को दिया 2 लाख का ऑफर

**इंदौर।** इंदौर के द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में रेप केस वापस लेने के लिए महिला पर दबाव बनाने और धमकाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि आरोपी लगातार समझौते के लिए दबाव बना रहे थे और इंकार करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने आमिर के खिलाफ वर्ष 2025 में रेप का मामला दर्ज कराया था। केस में जेल जाने के बाद अमिर जमानत पर बाहर आया और फिर समझौते के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। आरोप है कि आमिर ने बबीता चौहान के मोबाइल से कॉल करवाकर महिला को 2 लाख रुपए लेकर मामला खत्म करने का प्रस्ताव दिया। पीड़िता ने समझौते से इनकार किया तो जनवरी में उसे श्रीमाया होटल के पास एक पार्टी कार्यालय में बुलाया गया। यहां आमिर के साथ इरफान खान भी मौजूद था। महिला का आरोप है कि दोनों ने वहां फिर समझौते के लिए दबाव बनाया और कहा कि ऐसे मामलों में जान भी जा सकती है। डर के कारण महिला ने उस समय किसी को कुछ नहीं बताया। इसके बाद 9 अप्रैल को दो युवक बाइक से उसके फ्लैट के नीचे पहुंचे और मोबाइल पर कॉल कर कहा कि प्याज का ऑर्डर है। महिला ने नीचे आने से मना कर दिया, लेकिन आरोपी लगातार दबाव बनाते रहे। रात में फिर दो युवक फ्लैट पहुंचे और दरवाजा बजाकर समझौते की बात करते हुए धमकियां दीं। पीड़िता ने पुलिस को कॉल रिकॉर्डिंग और अन्य सबूत सौंपे हैं। इसके आधार पर द्वारकापुरी थाना पुलिस ने आमिर, बबीता चौहान और इरफान खान के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उद्यान विभाग के 26 कर्मचारियों की सेवा समाप्त, लंबे समय से थे अनुपस्थित

**इंदौर।** उद्यान विभाग के 26 मस्टर श्रमिकों पर कड़ी कार्रवाई की गई है। नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने इन कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी है। ये बिना किसी सूचना और अवकाश स्वीकृति के लंबे समय से अनुपस्थित थे। समीक्षा मीटिंग के दौरान इन कर्मचारियों के बारे में जानकारी मिली थी, यह कर्मचारी पिछले कई महीनों से लगातार बिना सूचना/सक्षम स्वीकृति के अपने काम से अनुपस्थित हैं। इनके काम पर नहीं रहने से उद्यान विभाग के काम प्रभावित हो रहे थे। साथ ही बिना अवकाश स्वीकृति के अनुपस्थित रहना अनुशासनहीनता का प्रतीक है, जिसे देखते हुए निगम कमिश्नर ने यह निर्णय लिया।

**इनकी सेवा हुई समाप्त-** हरि कृष्ण शुक्ला, राहुल चितौड़ा, अनवर खान, संगीता वर्मा, विक्रम उंटवाल, मंगला सोनी, निर्मला भोरसे, सोनू धीमान, तरुण सिंह, रविंद्र वामनराव, प्रीतेश भूपेंद्र, मनोज चौहान, दुर्गा कामरे, सूरज धारिया, राजेश मेहता, लक्ष्मी वानखेडे, ओमप्रकाश सोलंकी, जगदीश शिवराम, महेंद्र गेहलोद, सदाशिव पूरी, इंद्रसिंह चौहान, प्रताप चावरे, रामकरण धीमान, मनोज कमलेशचंद्र, तुलसाबाई, सुनीता। निगम कमिश्नर ने इन कर्मचारियों को काम से मुक्त करते हुए इनकी सेवा समाप्त कर दी है। इनके पारिश्रमिक भुगतान पर भी रोक लगाई है। वहीं, निगम कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उनके विभाग में बिना किसी सूचना या अवकाश स्वीकृति के लंबे समय से कर्मचारी अनुपस्थित हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### इंदौर में भीषण गर्मी का दौर जारी दिन का पारा 43 डिग्री के पार



**इंदौर।** करीब एक हफ्ते से भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। इसमें पिछले तीन दिनों से तेज धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। तीनों दिन तापमान 43 डिग्री के पार रहा, जिससे काफी बेचैनी हो रही है। रात को भी यही स्थिति है। दिन की तपन का असर रात तक रहता है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अभी भीषण गर्मी का दौर चलेगा और तापमान और भी बढ़ सकता है। बुधवार को दिन का तापमान 43.6 (+4) डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा है। रात का तापमान दो दिनों से 30 डिग्री से ज्यादा बना हुआ है जो सामान्य से 6 डिग्री ज्यादा है। इसके साथ ही दिन और रात के तापामान में 13 डिग्री का अंतर बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि अगले 4 दिन तक प्रदेश में तेज गर्मी पड़ेगी। इंदौर संभाग में गर्मी का असर ज्यादा रहेगा। यहां ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। यहां यहां वॉर्म नाइट की चेतावनी भी है। हालांकि इसके पूर्व से ही दिन की तपन का असर रात तक बना हुआ है और यही कारण है कि रात को भी गर्म हवाओं का दौर चल रहा है।

### मानवता की मिसाल, दिव्यांग युवक के लिए एसीपी बने पिता समान

**इंदौर।** आम आदमी अक्सर पुलिस और उसकी कार्यप्रणाली से नाराज नजर आता है, लेकिन इंदौर पुलिस में कुछ ऐसे अधिकारी भी हैं जो अपनी संवेदनशीलता और मानवता से लोगों का दिल जीत लेते हैं। ऐसा ही एक मामला इंदौर में सामने आया, जहां देपालपुर का एक दिव्यांग युवक अपने पिता समान एसीपी से मिलने के लिए लगातार तीन दिनों तक 60 किमी दूर से बस में सफर कर इंदौर पहुंचता रहा। आखिरकार जब मुलाकात हुई तो एसीपी ने उसे गले लगाकर अपनापन दिया और मानवता की मिसाल पेश की। देपालपुर निवासी दिव्यांग युवक जीवन मालवीय का कहना है कि वह पिछले करीब दस सालों से एसीपी सुनील यादव को जानता है। जीवन के मुताबिक जब उसे किसी मदद की जरूरत पड़ी, तब कई नेताओं और लोगों ने मदद नहीं की, लेकिन सुनील यादव हमेशा उसके साथ खड़े रहे। जीवन ने बताया कि एसीपी ने उसे परिवार के सदस्य की तरह सम्मान दिया और हर मुश्किल में सहयोग किया। वहीं एसीपी राहुल यादव ने बताया कि पहली बार जीवन मालवीय से उनका परिचय उस समय हुआ था जब अखबार में खबर प्रकाशित हुई थी कि एक दिव्यांग युवक कई घंटों से अधिकारियों के चक्कर काट रहा है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही। इसके बाद उन्होंने थाने के स्टाफ के साथ मिलकर उसकी मदद की। हाल ही में जब जीवन उनसे मिलने इंदौर पहुंचा तो एसीपी ने उसे नए कपड़े, कैप और चश्मा भेंट किया, साथ ही नाश्ता और भोजन भी कराया। इस पूरे घटनाक्रम ने पुलिस का एक संवेदनशील और मानवीय चेहरा सामने ला दिया।

## बाणगंगा पुलिस ने कहा अब तुम जानो तुम्हारा काम, दूसरे दिन हंगामे के बाद हुआ पीएम

# बाइक पर शव लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए 9 घंटे भटकते रहे परिजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर में करंट लगने से युवक की मौत के बाद सिस्टम की संवेदनहीनता सामने आई है। 21 वर्षीय युवक के शव का पोस्टमॉर्टम कराने के लिए परिजन बाइक पर शव लेकर 9 घंटे (करीब 25 किलोमीटर तक) भटकते रहे। आरोप है कि सूचना के बावजूद बाणगंगा पुलिस ने जिम्मेदारी नहीं निभाई। दूसरे दिन हंगामे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, तब जाकर पोस्टमॉर्टम हो सका और अंतिम संस्कार किया गया।

जानकारी के मुताबिक, अलवासा गांव निवासी अंकित फुलेरिया पिता दिनेश फुलेरिया को 11 मई को निर्माणाधीन मकान में सरिए की कटिंग के दौरान करंट लग गया था। गंभीर हालत में उसका ममेरा भाई नीलेश और अन्य लोग उसे बाइक से अरबिंदो अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

करंट लगने के बाद परिजन अंकित फुलेरिया को अरबिंदो अस्पताल ले गए। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया, लेकिन परिजन नहीं माने। जिंदा बताते हुए दूसरी जगह इलाज कराने की बात कहते हुए उसे लेकर जाने लगे।

**मौत मानने को तैयार नहीं हुए परिजन, शव लेकर निकल गए-** अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, युवक के शव को मचुर्री में रखने और पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन परिजन यह मानने को तैयार नहीं थे कि अंकित की मौत हो चुकी है। उन्होंने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया और शव लेकर चले गए। इस दौरान अस्पताल प्रशासन ने बाणगंगा थाने को मामले की सूचना भी दी।

अस्पताल प्रबंधन का आरोप है कि थाने के एक हेड कांस्टेबल संजय ने जिम्मेदारी लेने से इनकार करते हुए कहा कि अब वह शव ले गए हैं, तो तुम जानो तुम्हारा काम जाने। अस्पताल ने इस बातचीत की रिकॉर्डिंग होने का दावा किया है। यह भी कहा गया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम सिंह गुर्जर को तीन बार फोन लगाया गया, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

**पहले भी लग चुके हैं लापरवाही के आरोप-** अरबिंदो अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी बाणगंगा पुलिस की कथित लापरवाही के कारण नाराज परिजन शव लेकर अस्पताल से चले गए थे। मामले में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (जोन-3) रामस्नेही मिश्रा ने कहा कि यदि शव को लेकर पुलिस स्तर पर किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो मामले की जांच कर दोषी कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सांवेर अस्पताल में भी मौत की पुष्टि, फिर भी नहीं मिली मदद

- परिजन शव लेकर सांवेर के जैन अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। यहां भी परिजनों ने हंगामा किया, जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने सांवेर पुलिस को मर्ग की सूचना दी।
- सांवेर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ में पता चला कि मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बाणगंगा थाना संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन आरोप है कि वहां से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। आखिरकार रात करीब 9 बजे परिजन दोबारा अरबिंदो अस्पताल लौटे और शव मचुर्री में रखवाया गया।

### अगले दिन हंगामे के बाद हुआ पोस्टमॉर्टम

मंगलवार को पोस्टमॉर्टम में देरी होने पर परिजनों ने नाराजगी जताते हुए हंगामा किया। इसके बाद बाणगंगा थाने से एक पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचा और जरूरी कागजी कार्रवाई शुरू की गई। तब जाकर पोस्टमॉर्टम कराया गया और युवक का अंतिम संस्कार हो सका।

## कांग्रेस जनता के साथ मांगेगी पानी: खाली मटके फोड़ेंगे

# आज 22 जोनों पर एक साथ होगा प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर में पानी की किल्लत ने लोगों को परेशान कर दिया। बस्तियों से लेकर कई कॉलोनियों में पानी की समस्या आ रही है। कई जगह लोग टैंकरों के भरोसे हो गए हैं। वहीं कई जगह पानी के लिए लोग सड़क पर उतरकर प्रदर्शन भी कर चुके हैं। इसके बाद भी कई जगह पानी की समस्या बरकरार है। लगातार आ रही पानी की समस्या को देखते हुए कांग्रेस ने भी मैदान संभाल लिया है। इसे लेकर रणनीति भी तैयार हो चुकी है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष व नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि शहर में लगातार पानी की समस्या बनी हुई है। लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। कई इलाके ऐसे हैं जहां लोग टैंकरों से पानी भरने को मजबूर हैं। पानी की समस्या को देखते हुए 15 मई को नगर निगम के सभी 22 जोनों पर कांग्रेस जनता के साथ मिलकर प्रदर्शन करेगी और पानी की मांग करेंगे।

आगामी 15 तारीख को सभी जोनों पर होने वाले प्रदर्शन को लेकर इंदौर के गांधी भवन में लगातार बैठकों का दौर जारी है। पिछले तीन-चार दिनों से रोजाना बैठकें ली जा रही हैं। करीब तीन से चार घंटे ये बैठकें चल रही हैं, जिसमें प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही कांग्रेस नेताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी जा रही है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि एक साथ सभी 22 जोनों पर सुबह आम जनता के साथ मिलकर यह आंदोलन किया जाएगा। गांधी भवन में लगातार बैठकें की गई है। इसमें जीते हुए पार्षदों, ब्लॉक अध्यक्षों, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही कार्यकताओं को भी आंदोलन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**मटक फोड़ेंगे, मांगेंगे पानी-** चौकसे ने बताया कि ये आंदोलन राजनीति से हटकर है। लोग पानी के लिए परेशान हैं। सभी जोनों पर प्रदर्शन कर सिर्फ एक मांग की जाएगी कि पानी दो। कई लोग खाली मटके भी लेकर आएंगे, जो प्रदर्शन के दौरान फोड़े जाएंगे।

## सुबह तड़के सड़कों पर उतरे महापौर

# स्वच्छता व्यवस्था का लिया जायजा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा बरकरार रखने के लिए नगर निगम लगातार मैदान में सक्रिय नजर आ रहा है। गुरुवार तड़के सुबह महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अचानक शहर के कई क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था की हकीकत परखी। इस दौरान उन्होंने चंदन नगर, जोन क्रमांक 14 और 15 सहित सिरपुर तालाब क्षेत्र का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

महापौर सबसे पहले चंदन नगर क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने सड़क के मीडियन, डिवाइडर और आसपास की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय लोगों से चर्चा कर क्षेत्र की समस्याएं और सुझाव भी सुने। इसके बाद वे जोन 15 पहुंचे, जहां साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था देखकर सफाई कर्मचारियों की सराहना की और उनका उत्साह बढ़ाया। निरीक्षण के दौरान गोपुर चौराहे से चाणक्यपुरी चौराहे तक सड़क के बीच किए गए सौंदर्यीकरण और स्वच्छता कार्यों का भी अवलोकन किया गया। मॉर्निंग वॉक पर निकले नागरिकों से भी महापौर ने बातचीत कर शहर को और स्वच्छ बनाने के सुझाव लिए। महापौर ने इस दौरान अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थानों पर पालतू कुत्तों का मल छोड़कर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त चालानी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कई लोग अपने पालतू जानवरों को सड़क पर घुमाने तो लाते हैं, लेकिन सफाई को लेकर जिम्मेदारी नहीं निभाते, जिससे शहर की स्वच्छता प्रभावित होती है।

## वाहनों के चालान बने कोर्ट की मुसीबत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर में ट्रैफिक पुलिस द्वारा चौराहों, सड़क किनारे बड़ी संख्या में बनाए जा रहे ई-चालान अब जिला एवं सत्र न्यायालय के लिए मुसीबत बन रहे हैं। स्थिति यह है कि करीब छह लाख चालान अदालत में पेंडिंग हो गए हैं। इन चालान के निराकरण के लिए बनाई गई विशेष कोर्ट के न्यायाधीश का ट्रांसफर हो गया है और अब तक नई नियुक्ति नहीं होने से पूरा काम प्रभावित हो रहा है। ऐसे में अब पुराने वाहन खरीदने-बेचने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। जब तक चालान लंबित हैं, जुर्माना नहीं भरा गया है, तब तक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा नाम ट्रांसफर करने की प्रक्रिया नहीं की जा रही है। सबसे ज्यादा कैमरा चालान बने, जो कोर्ट भेजे गए शहर के चौराहों पर लगे आईटीएमएस कैमरों से सिग्नल तोड़ने वालों के चालान ऑटोमैटिक बन रहे हैं। उन्हें मोबाइल पर या घर के पते पर चालान भेजे गए, लेकिन बड़ी संख्या में लोगों ने ट्रैफिक पुलिस थाने में चालान नहीं भरा। इसके बाद ये चालान कोर्ट भेज दिए गए। लोगों के जुर्माना नहीं भरने के कारण ट्रैफिक पुलिस हर दिन कोर्ट में चालान भेजती गई, जिससे संख्या बढ़ते-बढ़ते छह लाख के पार हो गई। जमा करने लोग रोज कोर्ट पहुंच रहे, खाली हाथ लौट रहे अधिवक्ता शैलेंद्र द्विवेदी के मुताबिक ई-चालान, मैनुअल चालान का निराकरण करने के लिए गठित की गई विशेष कोर्ट में पदस्थ न्यायाधीश का ट्रांसफर हो गया। उनके स्थान पर नई नियुक्ति नहीं होने से चालान भरने कोर्ट आ रहे लोगों को लौटना पड़ रहा है।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड) स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियाँ व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com